RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 286
नई दिल्ली, बुधवार, 23 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जीएसटी के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान
राष्ट्रीय-11

# इतिहास रचने के लिए तैयार चंद्रयान-3

## चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर आज करेगा सॉफ्ट लैंडिंग, यहां पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश होगा

- लैंडर और रोवर से युक्त लैंडर मॉड्यूल के शाम छह बजकर चार मिनट पर लैंड करने की उम्मीद
- तकनीकी मानक असामान्य पाए जाने पर लैंडिंग 27 अगस्त तक के लिए जा सकती है टाली



पुरी में मंगलवार को एक कला संस्थान के छात्रों ने समुद्र के किनारे चंद्रयान-3 मिशन की प्रतिकृति बनाकर उसकी सफलता की कामना की।

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बेंगलुरू

**प्रतीक्षा** की घड़ी खत्म होने के करीब आ गई है। पूरा देश चंद्रयान-3 की कामयाबी की दुआ मांग रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के महत्वाकांक्षी तीसरे चंद्र मिशन के तहत चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) बुधवार शाम को चंद्रमा की सतह पर उतरने को तैयार है।

ऐसा होने पर भारत पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बनकर इतिहास रच देगा। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल के बुधवार को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है। यदि चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा पर उतरने और चार साल में इसरो की दूसरी कोशिश में एक रोबोटिक चंद्र रोवर को उतारने में सफल रहता है तो भारत अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ के बाद चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। चंद्रमा की सतह पर अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन सॉफ्ट लैंडिंग कर चुके हैं, लेकिन उनकी सॉफ्ट लैंडिंग चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर नहीं हुई है।

चंद्रयान-3 चंद्रयान-2 के बाद का मिशन है और इसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित एवं सॉफ्ट-लैंडिंग को दिखाना, चंद्रमा पर विचरण करना और यथास्थान वैज्ञानिक प्रयोग करना है। चंद्रयान-2 मिशन सात सितंबर, 2019 को चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया के दौरान उस समय असफल हो गया था, जब उसका लैंडर विक्रम ब्रेक संबंधी प्रणाली में गड़बड़ी होने के कारण चंद्रमा की सतह से टकरा गया था। भारत के पहले चंद्र मिशन चंद्रयान-1 को 2008 में प्रक्षेपित किया गया था। भारत ने 14 जुलाई को लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (एलवीएम3) रॉकेट के जरिए 600 करोड़ रुपए की लागत वाले अपने तीसरे चंद्र मिशन-चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया था। इस अभियान के तहत यान 41 दिन की अपनी यात्रा में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग का एक बार फिर प्रयास करेगा, जहां अभी तक कोई देश नहीं पहुंच पाया है। चंद्रयान-3 की निर्धारित सॉफ्ट लैंडिंग से चंद दिन पहले चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की दौड़ में रूस उस वक्त पीछे छूट गया, जब उसका रोबोट लैंडर चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी लैंडर लूना-25 अनियंत्रित कक्षा में जाने के बाद चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। बीस अगस्त (शेष पेज 9)

### इसरो के अनौपचारिक संदेशों ने जीता दिल

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 जब चंद्रमा के करीब पहुंच रहा है तो भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से लाखों लोगों को आकर्षित करने के लिए तकनीकी शब्दावली से परे दिलचस्प शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसरो के सोशल मीडिया हैंडल पर सामान्य तौर पर भारत के महत्वाकांक्षी चंद्रयान-3 के बारे में जानकारी देने के लिए तकनीकी शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इस बार वेलकम बडी (स्वागत है दोस्त) और थैंक्स फॉर द राइड, मेट (सवारी के लिए शुक्रिया साथी) जैसे अनौपचारिक वाक्यांश प्रयोग किए गए हैं। चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर ने सोमवार को जब इसके पूर्ववर्ती चंद्रयान-2 (शेष पेज 9)

### छात्रों को लाइव स्ट्रीमिंग दिखाएं: यूजीसी

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के विश्वविद्यालयों एवं कालेजों से कहा है कि वे 23 अगस्त को चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग देखने के लिए छात्रों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित करें। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने इस संबंध में 21 अगस्त को सभी विश्वविद्यालयों एवं कालेजों से आग्रह किया है। इसमें कहा गया है कि छात्रों और शिक्षक संकाय के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया जाए जिससे वे भी इस गौरवशाली क्षण का हिस्सा बन सकें। इस ऐतिहासिक पल के गवाह छात्र भी बन सकें, इसके लिए यूजीसी ने एक कदम उठाया है। नोटिस में कहा गया है, प्रौद्योगिकी और उद्योग के लिए एक अहम कदम (शेष पेज 9)

# पूरे विश्व की वृद्धि का इंजन बनेगा भारत: प्रधानमंत्री



ब्रिक्स सम्मेलन में विश्व नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग में बोले प्रधानमंत्री

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत आने वाले वर्षों में पूरी दुनिया की वृद्धि का इंजन बनेगा। मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने मिशन के रूप में सुधारों को आगे बढ़ाया है जिससे देश में कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर हुई है।

मोदी ने यहां ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जल्द ही पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी है और यहां पर 100 से भी अधिक यूनिकॉर्न मौजूद हैं। एक अरब डॉलर से अधिक राजस्व वाले स्टार्टअप यूनिकॉर्न की श्रेणी में आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस समय ब्रिक्स समूह के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर हैं। ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाले समूह ब्रिक्स का यह वर्ष 2019 के बाद पहला ऐसा सम्मेलन है जिसमें सभी नेता व्यक्तिगत रूप से शामिल हो रहे (शेष पेज 9)

# राजस्थान में विकास और सुशासन होगा संकल्प पत्र का आधार: मेघवाल

- केंद्रीय मंत्री को राजस्थान के लिए भाजपा के घोषणापत्र का मसौदा तैयार करने का सौंपा गया है काम



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** के लिए भाजपा की चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 'विकास और सुशासन' पार्टी के 'संकल्प पत्र' का आधार होगा।

मेघवाल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कानून मंत्री का महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो दिया गया था, अब उन्हें राजस्थान के लिए भाजपा के घोषणापत्र का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा गया है। इस साल के अंत में मध्य प्रदेश और तेलंगाना के साथ जिस राज्य में चुनाव होने हैं, वहां सत्तारूढ़ कांग्रेस और चुनौती देने वाली भाजपा के बीच तीखी चुनावी लड़ाई होने की उम्मीद है। भाजपा ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री विजय राजे को चुनावी घोषणा पत्र से बाहर कर दिया है। केंद्रीय नेतृत्व राज्य में संभावित मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी पसंद पर पत्ते छुपा रखा है।

जयपुर में भाजपा के राज्य मुख्यालय में चुनाव घोषणा पत्र समिति की पहली बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए मेघवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प पत्र (घोषणापत्र) विकास और सुशासन के आधार पर तैयार किया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी पार्टी (शेष पेज 9)

# तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर फिलहाल रोक

- अमेरिकी अदालत ने यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द नाइन्थ सर्किट के समक्ष लंबित राणा की याचिका पर फैसला आने तक भारत प्रत्यर्पण पर लगाई रोक
- मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमले में शामिल होने का आरोपी है राणा


फाइल फोटो

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** की अदालत ने देश के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की अपील खारिज करते हुए पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसाई तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया है।

राणा मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमले में शामिल होने के मामले में भारत में मुकदमे का सामना कर रहा है। राणा (62) ने कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ नाइंथ सर्किट कोर्ट में अपील की है, जिसमें बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट याचिका को खारिज कर दिया गया था।

सेंट्रल कैलिफोर्निया में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जिला न्यायाधीश डेल एस. फिशर ने अपने हालिया आदेश में कहा कि राणा के प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के अनुरोध वाले उसके एक पक्षीय आवेदन को मंजूरी दी जाती है। न्यायाधीश फिशर ने 18 अगस्त को जारी आदेश में कहा, यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द नाइन्थ सर्किट के समक्ष लंबित राणा की याचिका पर फैसला आने तक उसके भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाई जाती है। इस तरह न्यायाधीश ने सरकार की इन सिफारिशों को खारिज कर दिया कि राणा के प्रत्यर्पण पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए।

राणा मुंबई हमलों में अपनी भूमिका को लेकर आरोपों का सामना कर रहा है और माना जाता है कि 26111 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से उसके संपर्क थे। न्यायाधीश ने कहा, प्रत्यर्पण संधि के अनुच्छेद 6 (1) में अपराध का उचित अर्थ स्पष्ट नहीं है और विभिन्न (शेष पेज 9)

# अमरनाथ यात्रा के बाद मणिपुर भेजे जाएंगे और केंद्रीय बल

- हिंसा ग्रस्त राज्य में 20-22 कंपनियां और भेजी जा सकती हैं, जहां पर पहले से ही 125 ऐसी इकाइयां हैं तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार जल्द समाप्त होने जा रही अमरनाथ यात्रा के बाद यहां सुरक्षा में तैनात कर्मियों को हटाकर हिंसा प्रभावित मणिपुर में करीब 20-22 और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कंपनियां भेज सकती है।

ये कंपनियां अर्धसैनिक या केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की लगभग 125 ऐसी इकाइयों के अतिरिक्त होंगी जो मई के पहले सप्ताह में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से पूर्वोत्तर राज्य में पहले से ही तैनात हैं। एक सीएपीएफ कंपनी में आमतौर पर लगभग 100 कर्मी शामिल होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि सीएपीएफ की लगभग 20-22 कंपनियां जिनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) शामिल हैं, राज्य में सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करने के लिए मणिपुर में तैनात की जाएंगी। इन इकाइयों को जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा ड्यूटी से वापस लिया जा रहा है क्योंकि बुधवार से तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा अस्थायी रूप से निलंबित की जा रही है।

अमरनाथ तीर्थयात्रा सुरक्षा ड्यूटी के लिए तैनात लगभग 10-15 और कंपनियों को बाद में मणिपुर भेजा जा सकता है जब यात्रा आधिकारिक तौर पर 31 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। अमरनाथ यात्रा से हटाई गई लगभग 20 सीएपीएफ कंपनियों को भी यहां भारत की अध्यक्षता में 9-10 सितंबर को आयोजित होने वाले जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की सुरक्षा ग्रिड में तैनाती के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा है। रविवार को, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने घोषणा की थी कि तीर्थयात्रियों की (शेष पेज 9)

# सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म पर अश्लील सामग्री की पड़ताल को बनेंगे नियम

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म और मध्यवर्ती संस्थाओं को नियंत्रित करने वाली उसकी नीति में यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नियम और विनियम शामिल होंगे कि ए मंच अश्लील भाषा और अपवित्र आचरण से मुक्त हों। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने उच्च न्यायालय के पहले के निर्देशों के अनुपालन के तहत दायर एक हलफनामे में कहा कि उसने उच्च न्यायालय के पिछले आदेशों में व्यक्त की गई चिंताओं पर ध्यान दिया है। उच्च न्यायालय ने पहले कहा था कि सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म पर विषय-वस्तु को विनियमित करने के लिए नियम और दिशानिर्देश तैयार करने पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उसने सार्वजनिक और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अश्लील भाषा के उपयोग को गंभीरता से लेने की आवश्यकता को रेखांकित किया था जो कम उम्र के बच्चों के लिए भी खुले हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 17 अगस्त को जारी अपने आदेश में कहा, यह कहा गया है कि यह एक नीतिगत निर्णय है और इस अदालत की ओर से व्यक्त चिंताओं पर ध्यान देते हुए संबंधित मंत्रालय (एमईआईटीवाई) नीति निर्माण की अपनी नियमित प्रक्रिया के दौरान, सामाजिक विनियमन के लिए नियमोंाविनियमों को शामिल करेगा। मंत्रालय की दलील पर विचार करते हुए उच्च न्यायालय ने यह कहते हुए मामले का निपटारा कर दिया कि यह उसके पिछले आदेशों का पर्याप्त अनुपालन है। गौरतलब है कि टीवीएफ की वेब सीरीज कॉलेज रोमांस में इस्तेमाल की गई भाषा पर कड़ा प्रहार करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि अभद्र भाषा के रूप में अश्लीलता का इस्तेमाल महिलाओं को अपमानित करता है, इसलिए वे पीड़ित महसूस कर सकती हैं, क्योंकि अपशब्द और अश्लीलता महिलाओं को सेक्स की वस्तु होने के रूप में संदर्भित करती है। उच्च न्यायालय का छह मार्च का फैसला अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) के उस आदेश को बरकरार रखते हुए आया था, (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### प्रज्ञानानंदा-कार्लसन के बीच फाइनल की पहली बाजी ड्रॉ

**बाकू।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के फाइनल की पहली क्लासिकल बाजी में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को बराबरी पर रोका। भारत के 18 साल के ग्रैंडमास्टर ने अपने से अधिक अनुभवी और बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया और सफेद मोहरों से खेलते हुए विरोधी खिलाड़ी को 35 चाल के बाद ड्रॉ के लिए राजी किया। प्रज्ञानानंदा ने मैच के बाद कहा, मुझे नही लगता कि मैं किसी परेशानी मे था। बुधवार को दो क्लासिकल मैच के मुकाबले की दूसरी बाजी मे कार्लसन सफेद मोहरों से शुरुआत करेंगे और फायदे की स्थिति मे रहेंगे। प्रज्ञानानंद ने बाद मे फिडे के एक्स (पूर्व मे ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट की गई वीडियो मे कहा, मुझे लगा कि आरबी आठ चाल मे मुझे कुछ करना चाहिए था। लेकिन मै अच्छी स्थिति मे था और किसी जोखिम से बचना चाहता था। कार्लसन के बुधवार को खेले जाने वाले दूसरे गेम के बारे मे पूछे जाने पर कहा, यह एक संघर्षपूर्ण मुकाबला होगा। वह निश्चित रूप से बहुत कड़ी मेहनत करेगा। मैं आराम करने और तरोताजा होने की कोशिश करूंगा।

# मतदाताओं को जागरूक करेंगे सचिन तेंदुलकर

- निर्वाचन आयोग की मदद करेंगे, ईसी उन्हें नेशनल आइकन के रूप में करेगा नामित



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**महान** क्रिकेट खिलाड़ी रहे सचिन तेंदुलकर को चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) के नेशनल आइकन के रूप में नामित किया जाएगा। तेंदुलकर और चुनाव आयोग के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। तीन साल के समझौते के तहत तेंदुलकर मतदाताओं में जागरूकता का प्रसार करेंगे। आयोग ने एक बयान में कहा, यह सहयोग आगामी चुनावों, विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए युवाओं के बीच तेंदुलकर के अद्वितीय प्रभाव का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। निर्वाचन आयोग ने इस साझेदारी के माध्यम से मतदान के प्रति शहरी लोगों और युवाओं की उदासीनता संबंधी चुनौतियों से निपटना चाहता है। आयोग (शेष पेज 9)

# भारत का पहला दुर्घटना परीक्षण कार्यक्रम शुरू

- गडकरी ने एनसीएपी नामक सुरक्षा कार्यक्रम पेश किया, भारत में इसकी लागत 60 लाख होगी जबकि विदेश में 2.5 करोड़ रुपये है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत एनसीएपी नामक राष्ट्रीय परिवहन दुर्घटना परीक्षण सुरक्षा कार्यक्रम शुरू किया। विदेश से परीक्षण की लागत 2.5 करोड़ रुपये है और भारत एनसीएपी के तहत यह 60 लाख रुपये होगी।

स्टार रेटिंग से लोग उत्पाद की गुणवत्ता को समझ सकते हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश का पहला दुर्घटना परीक्षण कार्यक्रम भारत एनसीएपी पेश किया। इसका मकसद 3.5 टन तक के मोटर वाहनों के सड़क सुरक्षा मानकों में सुधार करना है। इस परीक्षण में कार के प्रदर्शन के आधार पर, उसे शून्य से पांच के पैमाने पर स्टार रेटिंग दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि आज बाजार में लागत की जगह गुणवत्ता पर अधिक जोर दिया जा रहा है। ग्राहक गुणवत्ता को लेकर, मॉडल को लेकर, डिजाइन को लेकर सतर्क रहते हैं। उन्होंने कहा कि जो कंपनियां अच्छी तकनीक का उपयोग करके अच्छे मॉडल बना रही हैं, उनकी बाजार हिस्सेदारी बढ़ने वाली है।

जो लोग बदलाव नहीं कर रहे हैं, वे इसके नतीजे भुगतने लगे हैं। गडकरी ने कहा कि वाहन परीक्षण के लिए कई कंपनियों से अनुरोध मिले हैं। इसके तहत 30 से अधिक मॉडलों का परीक्षण किया जाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को 12.50 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 15 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जापान को पीछे छोड़कर भारत दुनिया का तीसरा बड़ा वाहन बाजार बन गया है। वाहन उद्योग ने देश के पहले वाहन दुर्घटना परीक्षण कार्यक्रम भारत एनसीएपी की सराहना की है। उद्योग ने कहा (शेष पेज 9)


नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी राष्ट्रीय परिवहन दुर्घटना परीक्षण सुरक्षा कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

# तीन लोगों को कार से रौंदने के बाद महिला ने बेटी के साथ किया हंगामा

## महिला गार्ड और डिलिवरी ब्वॉय को मारी टक्कर, घायलों की मदद से झाड़ा पल्ला

- ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौड़ सोसायटी फर्स्ट ऐवन्यू के गेट पर हुआ हादसा, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वारयल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौड़ सिटी सोसायटी फर्स्ट ऐवन्यू में एक महिला ने कार को तीन लोगों पर चढ़ा दिया। महिला से जब घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए कहा गया तो महिला व उसकी बेटी गेट पर तैनात गार्डों और सोसायटी वासियों से उलझ पड़ी जिसके बाद काफी देर तक बवाल चलता रहा।

सोशल मीडिया पर मंगलवार दोपहर एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला सोसायटी के गेट की तरफ काले रंग की होंडा सिटी कार मोड़ रही है। ग्रेनो वेस्ट की गौड सिटी 1 फर्स्ट एवेन्यू में महिला ने होंडा सिटी कार से कई लोगों को टक्कर मार दी।

उसके बाद लोगो ने डॉक्टर के पास ले जाने के लिए बोला तो हंस कर बोली आप ले जाइए। चोट लगने वाले मौके पर दर्द से कराहते रहे। लेकिन कार अचानक महिला की काबू से बाहर हो गई और गेट पर विपुल मोटर्स का कर्मी उमेश, डिलीवरी गार्ड ब्वॉय विजय कुमार व एक महिला गार्ड पर कार चढ़ा दी।

इसके बाद जब वहां मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए महिला से कहा तो वह भडक गई। महिला और कार में मौजूद उसकी बेटी गार्ड व वहां मौजूद लोगों से बहस करने लगी। महिला की इस हरकत का लोगों ने काफी विरोध किया और पुलिस को इसकी सूचना दे दी। घायल तीनों लोगों को एलवाईएफ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। तीनों घायल खतरे से बाहर हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।



ग्रेनो वेस्ट में कार हादसे में घायल महिला गार्ड ( दाएं ) और आरोपी महिला व बेटी।

## सोसायटी में कार पार्किंग को लेकर चले लात-घूंसे

**नोएडा।** बरौला की यामहा विहार सोसायटी में कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाना सेक्टर- 49 में मुकदमा दर्ज कराया है।

यामाहा विहार कॉलोनी निवासी मनीष सिंह ने बताया कि 20 अगस्त को समिति के पदाधिकारी राकेश सिसोदिया ने उनके ससुर गिरीश चंद्र को बाहर बुलाया। गिरीश चंद्र के बाहर जाते ही राकेश, हर्ष नागरए कुलदीप नागर ने घर के बाहर खड़ी कार को लेकर वाद विवाद करना शुरू कर दिया। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि वह गाड़ी सही से लगा लेंगे।

इसके बावजूद भी आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज की इस बात का विरोध करने पर हर्ष नागर, राकेश नागर, कुलदीप नागर ने उनके ससुर और पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके साथ भी मारपीट की गई।

## नाले की सफाई करते समय मजदूर की मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में मोदी शुगर मिल परिसर में सेप्टिंग टेंक से निकलने वाले नाले की सफाई करते समय एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालात गम्भीर बनी हुई है। मजदूरों के परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

मोदी शुगर मिल परिसर में एक नाला बना हुआ है। मिल परिसर में नाले की सफाई का कार्य चल रहा है। मोदीनगर की जगतपुरी कॉलोनी निवासी रमन कुमार, सागर, हरीश, छोटे, संजू, तुषार नाले की सफाई का काम कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि नाला सेप्टिंग टैंक से निकल रहा था और उसकी काफी समय से सफाई भी नहीं हुई थी। सफाई करते समय रमन व सागर अचानक बेहोश हो गए। दोनों मजदूरों के बेहोश होने के बाद अन्य मजदूर घबरा गए और चिल्लाते हुए वहां से भागने लगे।

# पति की तलाश में एक साल के बच्चे के साथ बांग्लादेश से नोएडा पहुंची सानिया

- ढाका की रहने वाली महिला का दावा, तीन साल पहले नोएडा के सौरभ से हुई थी शादी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बांग्लादेश से बेटे के साथ आई महिला।

सीमा हैदर के बाद एक और महिला अपने प्रेमी को पाने के लिए नोएडा पहुंची है। महिला बांग्लादेश की रहने वाली है उसने अपना नाम सानिया अख्तर बताया है। तीन साल पहले उसने नोएडा के रहने वाले अपने प्रेमी से लव मैरिज की थी। उसने बताया कि नोएडा निवासी सौरव कांत तिवारी से उसकी मुलाकात बांग्लादेश में हुई थी। दोनों का अफेयर हुआ और शादी कर ली।

शादी के बाद दोनों को एक बच्चा हुआ। बच्चा होने के बाद महिला और बच्चे को छोड़कर भारत आ गया। महिला का कहना है उसका पति किसी दूसरी महिला के साथ नोएडा में रह रहा है। वह अपने पति के साथ रहना चाहती है और भारत सरकार से उसको न्याय की आस है। बताया गया कि करीब दस दिन पहले सानिया बांग्लादेश से नोएडा आई थी। पहले उसने खुद सौरभ की तलाश की। इसके बाद महिला थाने में सूचना दी। बांग्लादेश में वो ढाका की रहने वाली है। सोमवार को महिला को पुलिस आयुक्त कार्यालय लाया गया। पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि महिला ने थाने में सूचना दी थी कि 14 अप्रैल 2021 को सौरभ कांत तिवारी ने बांग्लादेश में निकाह किया था। वह पहले से ही शादीशुदा था। सौरभ बांग्लादेश में 4 जनवरी 2017 से 24 दिसंबर 2021 रहा। महिला ने बताया कि सौरभ ढाका में कल्टी मैक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड में नौकरी करता था।

# सीमा हैदर ने मोदी-योगी को भेजी राखी

- इस सूची में गृहमंत्री, रक्षामंत्री और संघ प्रमुख को भेजा रक्षा सूत्र

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी और संघ प्रमुख मोहन भागवत को राखी भेजी है। सीमा ने ये राखियां 22 अगस्त को दोपहर 11:11 बजे नोएडा के रबूपुरा पोस्ट ऑफिस से पोस्ट की। कूरियर करने के बाद उसने पोस्ट ऑफिस की रसीद मीडिया से शेयर की। इसके साथ ही राखियों का वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह बच्चों के साथ लिफाफे में राखियों को पैक करती दिख रही है। वीडियो में भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना गाना बज रहा है।

सीमा ने कहा भाई नरेंद्र मोदी, सीएम योगी, डॉ मोहन भागवत, राजनाथ सिंह, मेरे प्यारे भाई वकील एपी सिंह के लिए हमने राखी पोस्टर कर दी हैं। पहले इसलिए भेजी है, ताकि रक्षा बंधन के दिन हमारे भाइयों को राखी मिल जाए। जिनके कंधों पर ये देश है। मैं बहुत खुश हूं, जय श्री राम, जय हिंदुस्तान, जय हिंद। इससे पहले सीमा हैदर ने शनिवार को हरियाली तीज की पूजा की थी।



राखी पैक करती हुई सीमा हैदर।

## लेन-देन के मामले में थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**नोएडा।** दो पक्षों के बीच हुए समझौते का करीब तीन माह पुराना तीन वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि सेक्टर-113 थानाध्यक्ष के कमरे में एक पक्ष दूसरे पक्ष को नोटों की गड्डी थमा रहा है। एक वीडियो में थानाध्यक्ष खुद वीडियो बना रहा है। हालांकि, शिकायतकर्ता का आरोप है कि दो पक्षों का समझौता थानाध्यक्ष ने जबरदस्ती कराया और खुद अवैध वसूली की।

## गाजियाबाद में पशु व्यापारी से 23 लाख लूटे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में नेशनल हाईवे पर दिनदहाड़े बदमाशों ने पशु व्यापारी से 23 लाख रुपए लूट लिए। यह वारदात नेशनल हाईवे 9 पर विजयनगर थाना क्षेत्र में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बदमाशों की तलाश में कई टीमें गठित कर दी हैं। डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि शाम 5;30 बजे यूपी 112 के जरिए सूचना मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पता चला कि साहिबाबाद निवासी पशु व्यापारी नदीम दिल्ली की गाजीपुर मुर्गा मंडी से स्कूटी पर सवार होकर डासना जा रहा था।

## यीडा ने 78 किसानों को दिया अतिरिक्त प्रतिकर

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरूणवीर सिंह के निर्देश पर ग्राम डूंगरपुर रीलका व ग्राम धनौरी में प्राधिकरण द्वारा कैम्प लगाकर 78 किसानों को प्रतिकर की मद में 12.72 करोड़ का भुगतान किया गया। सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह ने बताया कि ग्रामों में कैंप लगाकर अतिरिक्त प्रतिकर वितरण का कार्यक्रम जारी रहेगा। ग्राम डूंगरपुर रीलका व ग्राम धनौरी के अर्जन से प्रभावित किसान अपने अतिरिक्त प्रतिकर से संबंधित अभिलेख प्राधिकरण कार्यालय के सीआर सैल से भूलेख विभाग को उपलब्ध करा दें।

# मालियों ने मोहननगर जोन में किया काम ठप, दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा छह अगस्त को हुए धरने में शामिल सीएलसी के 11 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। यह सभी कर्मचारी नगर निगम के उद्यान विभाग के लिए कार्य करते हैं।

सीएलसी के माध्यम से इनकी नगर निगम में नौकरी चल रही है। इस कार्रवाई के विरोध में उद्यान कर्मचारी संघ ने आंदोलन शुरू कर दिया। संघ के अध्यक्ष जगतपाल अनुरागी ने बताया कि कार्रवाई के विरोध में सभी मालियों ने नगर निगम की मोहननगर जोन में पूरी तरह से आज से कामकाज पूरी तरह से ठप कर दिया। सभी कर्मचारी मोहननगर के गोलपार्क में धरने पर बैठ गए हैं। इस मामले के तूल पकडने् के साथ ही उम्मीद है कि कल या परसों से पूरे शहर के सभी जोन में मालियों की हड़ताल शुरू हो जाएगी। अनुरागी ने बताया कि नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने ही छह अगस्त को अपने आंदोलन के धरने में सीएलसी के माध्यम से नौकरी करने वाले मालियों को बुलाया था। अनुरागी का कहना है कि अब संघ के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार जब 11 मालियों को नौकरी से हटाया गया तो वह मालियों का साथ देने को तैयार नहीं है।

## निगम कर्मचारी-अधिकारियों के मकानों का होगा हाउस टैक्स माफ

**गाजियाबाद।** नगर निगम कर्मचारी संघ और अधिकारियों के बीच मांगों को लेकर कई घंटे महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में वैसे तो 24 सूत्रीय मांगों पर विचार किया गया। मगर इनमें सबसे महत्वपूर्ण दो मांगे थी। जिनमें नगर निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सरकारी मकानों का हाउस टैक्स माफकरने और दूसरी मांग थी कि जमीनों को निगम कब्जा मुक्त कराकर कर्मचारी और अधिकारियों को प्लॉट आवंटित करे। इन दोनों ही मांगों को लेकर गंभीरता से विचार किया गया। हाउस टैक्स के मामले में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिन्हा ने संघ अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार को बताया कि इस मामले में पहले ही निगम बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास हो चुका है।

## जी-20 के लिए बनाया वाटर फॉल

**नोएडा।** जी-20 सम्मेलन को लेकर शहर को सजाने संवारने की काम किया जा रहा है। हालांकि ये अभी कनफर्म नहीं है कि जी.20 की होने वाली बैठक ग्रेटर नोएडा में होगी या दिल्ली। लेकिन प्राधिकरण कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता। इसके लिए महामाया फ्लाई ओवर के पास प्राधिकरण ने वाटर फाल बनाया है। रात में इसकी सुंदरता देखते बनती है। इसे बहते हुए झरने की शेप दिया गया है साथ ही इसके बीच में बौद्ध स्तूप बनाया गया है।

प्राधिकरण ने इस फॉल का नाम सुल फुल फॉल दिया है। ये अपने आप में एक अनोखी डिजाइन है। इस डिजाइन के वॉटर फॉल देखने को नहीं मिलते। ऐसे में नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे से दिल्ली जाने वाले लोगों के लिए ये आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इस फॉल की टेस्टिंग की जा रही है। इसके निर्माण में करीब 1.86 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसे तीन महीने में बनाकर तैयार किया गया है। इसके अलावा नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर देशभक्त की एक गैलरी बनाई जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आपत्तिजनक फोटो एडिट करके सोशल मीडिया पर डालने वाले व्यक्ति को दादरी थाने की पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह कोई संयोग था या कोई बड़ी साजिश।

सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली मीना राघव ने दादरी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फोटो पर कालिख पोतकर कर यह लिखा है कि 2024 में ऐसा ही होने वाला है। इस फोटो को देखकर मीना राघव को भारी कष्ट हुआ। इस कारण उसने दादरी थाने में धारा-153,506/ 66 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करके इंस्ट्राग्राम पर प्रधानमंत्री की बेइज्जती करने वाले अजीम खां उर्फ अन्नू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दादरी थाने के कोतवाल सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीम ने छापेमारी करके अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नोएडा कमिश्नरी पुलिस के मीडिया सेल ने बताया कि गलत टिप्पणी करने के संबंध में उसे गिरफ्तार किया गया।


**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662
ई-मेल : info@sunilhealthcare.com/ वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087

**सूचना**

(कृपया ध्यान दें : सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारक)

शेयरधारकों को आगामी 49वीं वार्षिक सामान्य बैठक, जो वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मोड के माध्यम से आयोजित की जाएगी, के लिए वार्षिक रिपोर्ट्स, सूचनाएं तथा अन्य संदेश इलेक्ट्रॉनिक मोड में भेजने के क्रम में, हम सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरधारकों, जिनके द्वारा अभी तक अपना ई-मेल पता अथवा बैंक खाता विवरण पंजीकृत नहीं करवाया गया है, से उसको इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में डिपॉजिटरी के पास अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के माध्यम से और भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में शेयरधारक द्वारा सम्यक् हस्ताक्षरित लिखित अनुरोध पत्र, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट, मैसर्स अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड पता "4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055" सम्पर्क नंबर 91-11-4254 1234 ई-मेल आईडी : lalitap@alankit.com, rta@alankit.com अथवा कम्पनी के कम्पनी सेक्रेटरी को cs@sunilhealthcare.com पर लिखित रूप में अनुरोध के साथ फोलियो नंबर तथा पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति भेजकर पंजीकृत करवाने का अनुरोध करते हैं।

कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020, 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 और इस संबंध में जारी अनुवर्ती सर्कुलर्स, जिनमें नवीनतम 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 तथा 10/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 हैं और सेबी द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2 /सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी-2 /पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 5 जनवरी, 2023 के अनुसरण में, कम्पनी ने वार्षिक रिपोर्ट तथा 49वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना (रिमोट ई-वोटिंग/ ई-वोटिंग अनुदेशों सहित) इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के सीमित उद्देश्य हेतु एक प्रक्रिया विकसित की है तथा सदस्यगण अपनी ई-मेल आईडी का अस्थायी अद्यतनीकरण हमारी ई-वोटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग एजेन्सी, लिंक इनटाइम इंडिया को delhi@linkintime.com पर अथवा कम्पनी को cs@sunilhealthcare.com पर एक ई-मेल, हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र के साथ भेजकर करवा सकते हैं।

वास्ते सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड
हस्ता./-
सत्येन्दु पटनायक
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एम. नंबर : एफ7736

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 22-08-2023



**हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
सीआईएन : L70102DL1992PLC047399 फोन : +91 11 45108609
ई-मेल आईडी : cs@himalyainternational.com वेबसाइट : www.himalayafoodcompany.com

**वीडियो-कॉन्फ्रेन्सिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजनार्थ निर्धारित 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में सूचना**

हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") बुधवार, 20 सितम्बर, 2023 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी), एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध किए जाने वाले व्यवसायों के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 और तदधीन विरचित नियमों के लागू प्रावधानों तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020, 10/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 सेबी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 5 जनवरी, 2023 के अतिरिक्त एमसीए और सेबी द्वारा इस संबंध में जारी किए गए अन्य लागू सर्कुलर्स के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उपरिवर्णित सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, बोर्ड की रिपोर्ट तथा उसके साथ संलग्न किए जाने हेतु अपेक्षित अन्य दस्तावेज शामिल हैं, केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजे जाएंगे, जिनका ई-मेल पता कम्पनी/रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट अथवा डिपॉजिटरीज/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के पास पंजीबद्ध है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.himalayafoodcompany.com पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी यथासमय उपलब्ध होंगे।

ई-मेल पता और बैंक खाता विवरण के पंजीकरण/अद्यतनीकरण की विधि

(क) भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों हेतु : कृपया विधिवत परिपूरित प्रपत्र आईएसआर-1, आवश्यक दस्तावेजों सहित कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट नामतः बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., तृतीय तल, बीटल हाउस, 99, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, मदनगीर, ग्राम मदनगीर, नई दिल्ली, दिल्ली-110062 को भेजें। प्रपत्र आईएसआर-1 कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा https://himalayafoodcompany.com/pages/forma-for-investors पर सुलभ है।

(ख) अभौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों हेतु : कृपया अपना ई-मेल पता तथा/अथवा बैंक खाता विवरण अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट ("डीपी") के पास पंजीकृत/अद्यतन करवाएं।

सदस्यगण केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में जुड़ सकते हैं और भाग ले सकते हैं। एजीएम से जुड़ने और भाग लेने हेतु अनुदेश सूचना में वर्णित किए जाएंगे। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी।

कम्पनी अपने सभी सदस्यों (अभौतिक/भौतिक रूप में शेयरों के धारक) को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध प्रस्तावों पर उनका वोट डालने हेतु रिमोट ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराएगी। अभौतिक अथवा भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों तथा जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, उनके लिए रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया एवं विधि, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम से जुड़ने तथा एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा का वर्णन एजीएम की सूचना में किया जाएगा। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित जिन सदस्यों ने अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से नहीं डाला है, उनको एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की अनुमति होगी।

बही बंदी की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण बहियां बृहस्पतिवार, 14 सितम्बर, 2023 से बुधवार 20सितम्बर, 2023 तक (दोनों दिन सहित) बंद रहेंगी।

उपरोक्त सूचना कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और हितार्थ जारी की जा रही है तथा एमसीए सर्कुलर(सर्कुलर्स) तथा सेबी सर्कुलर के अनुपालनार्थ है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./-
मनमोहन मलिक
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन : 00696077)

तिथि : 22-08-2023
स्थान : दिल्ली



**प्रपत्र सं. 3**

[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

**वाद सं. : ओ.ए. /2213/2022**

ईएक्सएच. नंबर : 17243 ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**सुरेन्दर तंवर**

सेवा में,

(1) सुरेन्दर तंवर डी/डब्ल्यू/एस/ओ. बीर सिंह मकान नंबर 89, एसएफएफ आईपी कालोनी सेक्टर 30-33/अमर नगर फरीदाबाद, हरियाणा फरीदाबाद, हरियाणा -- 121003

अन्य पता – गणपति केबल टीवी एन/डब्ल्यू मकान नंबर 1560, राजीव नगर, फरीदाबाद, हरियाणा

(2) सुनीता पत्नी श्री सुरेन्दर तंवर मकान नंबर 89, एसएफएफ आईपी कालोनी सेक्टर 30-33, अमर नगर, फरीदाबाद, हरियाणा

(3) एमएस फेरस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 34, देवेन्द्र विहार के पीछे, सेक्टर-56, गुरुग्राम, हरियाणा

**सम्मन**

जबकि, ओए/2213/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 18-03-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 32,38,192/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 25-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 18-04-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर



कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) स्थित गोरापड़ाव जिला नैनीताल पिन-263139
Telephone No. 05946-232717 Email Id: eeujslku@gmail.com

पत्रांक : 1812/ई-निविदा/267 दिनांक : 22.08.2023

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) द्वारा निम्न कार्य के अनुभवी फर्म/ठेकेदारों जो कि राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों में भवन निर्माण कार्य हेतु "डी एवं उच्चतर श्रेणी" में पंजीकृत हो (सिंगल बिड) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सूचना www.uktender.gov.in पर दिनाँक 25.08.2023 को सांय 05:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) हेतु शाखा कार्यालय के भवन निर्माण कार्य। | 4000 + 18% GST = 4720.00 | 138000.00 |

शर्तेः-

1. धरोहर धनराशि, एफ.डी.आर. के रुप में, किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) के नाम से न्यूनतम 180 दिनों हेतु बंधक हो, जमा करानी होगी।
2. ई-निविदा दिनाँक **25.08.2023 सायं 5:00 बजे** से डाउनलोड की जा सकेगी एवं दिनाँक **14.09.2023. की सायं 5:00 बजे** तक अपलोड की जा सकेगी तथा दिनाँक **16.09.2023** को प्रातः 11:00 बजे तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोली जायेगी।
3. निविदा से सम्बन्धित प्री-बिड मिटिंग दिनांक **01.09.2023** को **अपरान्ह 01:00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) नैनीताल स्थित गोरापड़ाव, पो0ऑ0 अर्जुनपुर, बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)** में आहूत की जाएगी।
4. निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड की गई धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर्स के मूल प्रपत्र (Originals) **कार्यालय अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) नैनीताल स्थित गोरापड़ाव, पो0ऑ0 अर्जुनपुर, बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) में दिनांक 15.09.2023 सायं 5:00** तक अनिवार्य रुप में जमा कराये जाने होंगे।
5. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट **www.uktender.gov.in** पर ही अपलोड की जाएगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जाएगा।
6. फर्म/ठेकेदार को कार्योपरान्त 02 वर्ष की अवधि तक भवन का निःशुल्क रखरखाव करना होगा।
7. फर्म/ठेकेदार को भवन निर्माण कार्य सम्बन्धी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
8. फर्म/ठेकेदार द्वारा भवन निर्माण कार्य सम्बन्धी वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
9. फर्म को प्लम्बिंग, इलैक्ट्रिफिकेशन, ड्रेनेज को ड्राइंग उपलब्ध कराना होगा।
10. फर्म/ठेकेदार का वैध जी.एस.टी. एवं पैन कार्ड उपलब्ध कराना होगा।
11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार विभाग में निहित है।
12. उपरोक्त अंकित तिथियों में अवकाश की स्थिति में अगला कार्यदिवस मान्य होगा।
13. शेष समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

(नन्द किशोर)
अधिशासी अभियन्ता


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 23 अगस्त, 2023



# अमीरों को भी मोहल्ला क्लीनिक पर भरोसा : सीएम

## केजरीवाल ने कहा, बड़े-बड़े निजी अस्पतालों में जाने वाले भी यहां करा रहे इलाज, एक साल में दो करोड़ से ज्यादा मरीज आए

● मुख्यमंत्री ने केशोपुर मंडी, शाहबाद डेरी, गोविंदपुरी और कालकाजी मार्केट में मोहल्ला क्लीनिक का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली






**राजधानी में मोहल्ला क्लीनिक के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सम्मान करते सिख समाज के लोग। वहीं सेवा के लिए तैयार मोहल्ला क्लीनिक ( दाएं )।** फोटो : रंजन डिमरी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि बड़े-बड़े निजी अस्पतालों में जाने वाले अमीर लोग भी मोहल्ला क्लीनिकों में इलाज करा रहे हैं। क्योंकि वहां डॉक्टर और सेवाएं अच्छी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों को मोहल्ला क्लीनिक से बहुत फायदा मिल रहा है। पिछले एक साल में सभी मोहल्ला क्लीनिकों में दो करोड़ से ज्यादा लोगों ने इलाज कराया है।

केजरीवाल ने यह बात मंगलवार को केशोपुर सब्जी मंडी, शाहबाद डेरी, गोविंदपुरी और कालकाजी मार्केट में मोहल्ला क्लीनिक के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इसके साथ मोहल्ला क्लीनिक की संख्या बढ़कर अब 533 हो गई है, जहां सारा इलाज मुफ्त होता है। आने वाले दिनों में केशोपुर मंडी की तरह गाजीपुर, मुर्गा मंडी और ओखला मंडी में भी मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे। इस दौरान सीएम ने कहा कि इन लोगों ने दिल्ली वालों के खिलाफ बड़े-बड़े षड्यंत्र रचे और दिल्ली वालों के काम रोकने की कोशिश की, लेकिन मैं हर दिल्लीवासी को ये भरोसा दिलाते हैं कि कोई काम रूकने नहीं देंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केशोपुर सब्जी मंडी, शाहबाद डेरी में दो (एक जनरल मोहल्ला क्लीनिक और एक महिला मोहल्ला क्लीनिक), गोविंदपुरी और कालकाजी मार्केट में पांच क्लीनिक का उद्घाटन किया गया है। दिल्ली में अब कुल 533 मोहल्ला क्लीनिक काम कर रहे हैं। इनमें 512 क्लीनिक मार्निंग और 21 इवनिंग शिफ्ट में काम कर रहे हैं।

वर्ष 2015-16 में मोहल्ला क्लीनिक बनाने शुरू किए थे। केशोपुर मंडी में काफी लोग काम करते हैं। इनमें कई लोग व्यापारी हैं तो कई लोग मजदूर हैं। हल्का बुखार, जुकाम या कोई छोटी बीमरी हो गई तो बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता है और लंबी-लंबी लाइनों में लगते हैं। इससे मरीज का पूरा दिन खराब हो जाता है। इससे अस्पतालों में भी भीड़ बढ़ती है इसीलिए दिल्ली में छोटे-छोटे मोहल्ला क्लीनिक खोलने का निर्णय लिया।

केजरीवाल ने कहा कि पहला मोहल्ला क्लीनिक पीतमपुरा की झुग्गियों में बना था और उसके अच्छे नतीजे आए। लोगों ने मोहल्ला क्लीनिक की बड़ी सराहना की और बहुत खुश हुए। क्योंकि लोगों को अपने घर के आसपास ही इलाज की सुविधा मिली। क्लीनिक में पैसे भी नहीं लगते हैं और डॉक्टर अच्छे से इलाज करते हैं। सारे टेस्ट, एक्सरे और दवाईयां मुफ्त हैं। इन मोहल्ला क्लीनिक को देखने स्वीडन की पूर्व प्रधानमंत्री, यूनाइटेड नेशन जनलर एसेंबली के सेक्रेटरी जनरल आए।

मोहल्ला क्लीनिक में इलाज कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कुछ लोग कई बार भी आते हैं। मोहल्ला क्लीनिक में 91 तरह के मुफ्त टेस्ट होते हैं। अल्ट्रा साउंड और एक्सरे के लिए पास के सरकारी अस्पतालों में रेफर किया जाता है।

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र ग्रेटर कैलाश के कुछ पॉश इलाकों में भी मोहल्ला क्लीनिक खुलवाए हैं, जहां 100 से 125 लोग रोज इलाज कराने आते हैं। बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने वाले अमीर लोग भी क्लीनिक में आ रहे हैं। क्योंकि उनको सरकारी डॉक्टर के उपर भरोसा है। प्राइवेट अस्पतालो में कई बार बिना जरूरत के भी ज्यादा टेस्ट करा दिए जाते हैं।

# विधायक अखिलेश पति की बढ़ सकती है मुश्किलें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का मामला विधानसभा अध्यक्ष के पास भेजा

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मॉडल टाउन से विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल के पास भेजा है।

एलजी ने इस मामले को विधानसभा के अध्यक्ष को भेजते हुए कहा क्योंकि आरोपी मौजूदा विधायक है, लिहाजा वर्तमान मामले में अभियोजन को मंजूरी देने के लिए विस अध्यक्ष ही सक्षम अधिकारी हैं। साल 2022 में आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी पर एक महिला ने 90 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। महिला ने दावा किया था कि आप विधायक ने उनसे टिकट के बदले रिश्वत की मांग की थी।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सतर्कता विभाग ने पाया कि इस मामले में मानवीय और तकनीकी सबूत तथ्य विधायक और अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की तरफ इशारा कर रहे हैं। इसके बाद एसीबी ने त्रिपाठी के खिलाफ मामला बनाया है। इसमें उन्हें रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथों पकड़ना और अन्य आरोपियों द्वारा इसकी पुष्टि करते बयानों को आधार बनाया गया है। इसके अलावा आप विधायक राजेश गुप्ता के घर पर लगे सीसीटीवी की फुटेज में 12 नवंबर 2022 की रात करीब 1.30 बजे शिकायतकर्ता को जाते देखा गया है।

सीसीटीवी फुटेज मॉडल टाउन से विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के वजीरपुर से आप विधायक राजेश गुप्ता के आवास पर आने और कुछ देर रुकने की तरफ भी इशारा कर रही है। इस मामले में तीन लोगों को, जिसमें त्रिपाठी के बहनोई ओम सिंह, शिव शंकर पांडे उर्फ विशाल पांडे (त्रिपाठी के पीए) और प्रिंस रघुवंशी शामिल हैं को 16 नवंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। पांडे को शिकायतकर्ता के आवास से गिरफ्तार किया गया, जहां वह शिकायतकर्ता की पत्नी को पार्टी का टिकट नहीं दिए जाने के बाद रिश्वत की रकम वापस करने गए थे।

# ऐतिहासिक रहा पारंपरिक चिकित्सा का वैश्विक शिखर सम्मेलन : सोनोवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● विश्व स्वास्थ्य संगठन जल्द जारी करेगा गुजरात घोषणापत्र

केंद्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि गांधीनगर, गुजरात में 17-18 अगस्त को आयोजित पारंपरिक चिकित्सा पर दुनिया का पहला वैश्विक शिखर सम्मेलन कई मायनों में खास और ऐतिहासिक रहा। यह सम्मेलन विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर आयोजित किया था।

केंद्रीय आयुष मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन की उपलब्धि गुजरात घोषणा पत्र है, जो जल्द ही विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से जारी किया जाएगा। सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से पारंपरिक चिकित्सा पर वैश्विक सर्वे के प्रारंभिक नतीजों को भी सामने रखा गया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को लेकर दुनिया में स्वीकार्यता बढ़ रही है। नवंबर में सर्वेक्षण से जुड़ा अंतिम निष्कर्ष प्रकाशित किया जाएगा। सर्वेक्षण के मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक विश्व स्वास्थ्य संगठन के 157 देशों में से 97 देशों में पारंपरिक चिकित्सा को लेकर राष्ट्रीय नीतियां लागू हैं । केंद्रीय आयुष मंत्री के मुताबिक वैश्विक शिखर सम्मेलन में दुनिया के 78 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिखर सम्मेलन में देश-विदेश से आए वैज्ञानिकों, चिकित्सों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# यमुना सफाई अभियान में बढ़ रही जनता की भागीदारी : डीजेबी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड यमुना एक्शन प्लान-तीन के अंतर्गत यमुना की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने में जुटा हुआ है। डीजेबी और दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े एनजीओ यमुना सफाई अभियान में लोगों की जन भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रम चला रहे हैं। इसी उद्देश्य के लिए लोगों को यमुना सफाई अभियान में शामिल करने और यमुना के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू किए गए जन जागरण अभियान कार्यक्रम ने जबरदस्त समर्थन मिल रहा है।

यमुना एक्शन प्लान -3 के अंतर्गत शुरू लिए गए इस कार्यक्र म के जरिए अब तक 1 लाख, 34 हजार, 560 लोगों ने यमुना सफाई अभियान से जुड़ कर यमुना को स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी निभाई है। इन लोगों को विभिन्न माध्यमों के जरिये यमुना की सफाई के प्रति जागरूक किया गया है।

# सिसोदिया को विकास कार्य कराने की अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● केजरीवाल ने कहा- मनीष सिसोदिया पर गर्व है, जेल में रहते हुए भी उन्हें दिल्ली और अपनी विधानसभा के लोगों की है चिंता, कोर्ट में विधायक निधि से पैसा जारी करने की लगाई थी अर्जी



पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अपने विधानसभा क्षेत्र पटपड़गंज में विधायक निधि से विकास कार्य करा सकते हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता सिसोदिया की अर्जी स्वीकार कर लिया है। सिसोदिया की इस अर्जी से जनता की भलाई जुड़ी थी इसलिए केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने भी उनकी मांग का विरोध नहीं किया। दरअसल, यह विधायक निधि से फंड रिलीज करने की मांग थी, जिसके माध्यम से कोई विधायक अपने क्षेत्र में कामकाज करवाता है।

न्यायालय से मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्हें मनीष सिसोदिया पर गर्व है। सिसोदिया जेल में रहते हुए भी दिल्ली और अपनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की चिंता करते हैं। तथाकथित शराब घोटाले में जेल में बंद मनीष सिसोदिया को उनके विधानसभा क्षेत्र के लोग विकास कार्यों को लेकर लगातार पत्र लिख रहे थे। इनमें इंटरनल रोड, सोसाइटी के बूम बैरियर, वाटर कूलर और चौपाल के शुद्धिकरण जैसे काम कराने को लेकर पत्र मिल रहे थे। इस पर मनीष सिसोदिया ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अर्जी दाखिल की।

इसमें उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिये अपनी विधायक निधि से राशि निकासी को लेकर अनुमति मांगी। इस पर मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने अनुमति दे दी। विकास कार्यों में पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के शाहदरा साउथ जोन, मयूर विहार फेस-1 व फेज-2, प्रताप नगर, ईस्ट व वेस्ट विनोद नगर और खिचड़ीपुर में इंटरनल रोड, सोसाइटी में बूम बैरियर और धर्मस्थलों में वाटर कूलर लगाने सहित अन्य कामों को लेकर अर्जी दाखिल की गई थी। कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद अब ये सारे काम जल्द ही शुरू हो सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम स्कूल के प्रिंसिपल भी लेंगे आईआईएम में प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** एमसीडी स्कूलों के 50 शिक्षकों सहित एससीईआरटी के टीचर्स एजुकेटर्स के एक ग्रुप को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम कोझीकोड भेजा है। इस दिशा में शिक्षा मंत्री आतिशी व मेयर शैली ओबरॉय ने मंगलवार को आईआईएम कोझीकोड जाकर स्कूल लीडरशिप और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग लेने पहुंचे एमसीडी प्रिंसिपलों से बातचीत की और उनका उत्साह बढ़ाया। ये एमसीडी के इतिहास में पहली बार है जब इन स्कूलों के प्रिंसिपलों को ट्रेनिंग के लिए आईआईएम भेजा जा रहा है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के बाद अब एमसीडी के स्कूलों में भी शिक्षा क्रांति आएगी और ये सभी प्रिंसिपल उस क्रांति के ध्वजवाहक बनेंगे।

### दिल्ली दंगा: पांच पर आगजनी एवं चोरी के आरोप तय

**नई दिल्ली।** सत्र अदालत ने उत्तर-पूर्व दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के एक मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ दंगा, आगजनी और चोरी समेत विभिन्न आरोप निर्धारित करने का आदेश दिया और कहा कि प्रथम दृष्टया उनके विरूद्ध मामला बनता है। अदालत अंकित, सौरभ शर्मा, रोहित, राहुल कुमार और सचिन के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रही थी। इन पांचों आरोपियों पर उस दंगाई भीड़ में शामिल रहने का आरोप है जिसने 25 फरवरी, 2020 को करावल नगर में चोरी करने के अलावा एक धर्मस्थल एवं अन्य संपत्तियों में आग लगा दी थी।

### लोधी कॉलोनी के फुटपाथ पर मिला व्यक्ति का शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली में लोधी कॉलोनी इलाके के एक फुटपाथ से एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान लोधी कॉलेनी में मेहर चंद मार्केट के हरिजन कैंप निवासी शिवा के तौर पर हुई। उसके हाथ, पैर और सिर के पिछले हिस्से पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति मादक पदार्थ का आदी था और आठ वारदात में संलिप्त था। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है।

### मालिकों से शपथपत्र लेकर जब्त कारों को छोड़ने के निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने परिचालन की अवधि पूरी कर लेने वाले वाहनों को उनके मालिकों से एक शपथपत्र लेकर छोड़ने का मंगलवार को निर्देश दिया कि वे उन्हें हमेशा के लिए अपने निजी पार्किंग क्षेत्र में खड़ा कर देंगे या उन्हें शहर से बाहर भेज देंगे। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान न्यायिक आदेशों का उल्लंघन करने पर प्राधिकारियों द्वारा कारों को जब्त किए जाने के खिलाफ कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे हैं। अदालत ने पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों के 15 साल पूरे होने तथा डीजल से चलने वाले वाहनों के 10 साल पूरा होने के बाद उनके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। अदालत ने दिल्ली सरकार से ऐसे वाहनों से निपटने के लिए एक नीति बनाने को कहा जिनके मालिक यह आश्वासन देना चाहते हैं कि वे इन वाहनों का यहां इस्तेमाल नहीं करेंगे। उसने कहा कि इस नीति का उद्देश्य कारों को जब्त करना नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि राष्ट्रीय राजधानी प्रदूषण मुक्त हो और अपनी संपत्ति का इस्तेमाल करने के अधिकार तथा पर्यावरणीय हितों के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। उसने इस नीति का उचित प्रचार करने का भी निर्देश दिया।

# मालीवाल का अस्पताल में धरना खत्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले में धरने पर बैठी स्वाति मालीवाल। फाइल फोटो )**

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सेंट स्टीफंस अस्पताल में अपना धरना मंगलवार को खत्म कर दिया, जहां वह सोमवार को उस नाबालिग लड़की से मिलने पहुंची थीं, जिसके साथ दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया था।

मालीवाल यह दावा करते हुए सोमवार सुबह धरने पर बैठ गई थीं कि उन्हें पीड़िता से मिलने से रोका जा रहा है। वह मंगलवार दोपहर अस्पताल से चली गईं और पीड़िता से मुलाकात नहीं कर सकीं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता की मां किसी से मिलना नहीं चाहती, क्योंकि उसकी बेटी अस्पताल में अभी भी निगरानी में है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में उप निदेशक प्रेमोदय खाखा ने नवंबर 2020 से जनवरी 2021 के बीच लड़की के साथ कई बार रेप किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। खाखा की पत्नी सीमा रानी ने पीड़िता को कथित तौर पर गर्भ गिराने की दवा दी थी।

# पड़ोसी ने नाबालिग लड़की का किया यौन उत्पीड़न, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके में पड़ोसी द्वारा सात साल की लड़की से कथित यौन उत्पीड़न पर गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस कहना है कि सोमवार देर रात लोधी कॉलोनी पुलिस थाने में लड़की के यौन उत्पीड़न के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। यह कॉल पीड़िता की मां ने की थी। मामले में आईपीसी की धारा 376 एबी (बारह साल से कम उम्र की लड़की से रेप के लिए सजा) व 342 (बंधक बनाना) और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 50 वर्षीय आरोपी पीड़िता का पड़ोसी है।

# जी-20 सम्मेलन: 8 से 10 सितंबर तक रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● शिखर सम्मेलन के मद्देनजर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के प्रस्ताव को सीएम केजरीवाल ने दी मंजूरी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर 8 से 10 सितंबर तक सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इस दौरान सभी स्कूल, साथ ही दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कार्यालय भी तीन दिन तक बंद रहेंगे।

एक अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव नरेश कुमार ने पुलिस के प्रस्ताव से संबंधित फाइल मंजूरी के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री के पास भेजी थी। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद इसे उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। नई दिल्ली पुलिस जिले में सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान 8 से 10 सितंबर तक बंद रहेंगे। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त मधुप तिवारी ने 18 अगस्त को मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस संबंध में सुझाव दिया था।

# गार्गी कॉलेज हुए यौन उत्पीड़न मामले में अनट्रेस्ड रिपोर्ट दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● हाईकोर्ट ने मामले के बंद होने की संभावना पर असहजता जताई

उच्च न्यायालय ने फरवरी 2020 में दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में एक सांस्कृतिक उत्सव के दौरान छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न का एक मामला बंद किए जाने की संभावना को लेकर असहजता जताई है। पुलिस ने मामले में निचली अदालत के समक्ष अनट्रेस्ड रिपोर्ट दाखिल की है। यह प्रक्रिया तब की जाती है, जब आरोपी जांच में शामिल नहीं होता है, या पुलिस मामले में आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाती है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लिए जाने और फिर उन्हें रिहा करने के संबंध में मीडिया में आई खबर के बाद एक व्यापक कार्वाई की आवश्यकता है। अदालत ने संबंधित पुलिस उपायुक्त को यौन उत्पीड़न की कथित घटना के सिलसिले में दर्ज आपराधिक मामले को व्यक्तिगत रूप से देखने और उसकी जांच की निगरानी करने को कहा। पुलिस ने उच्च न्यायालय को बताया कि कोई भी गवाह बयान देने के लिए नहीं आया। अदालत ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसी को पीड़ितों और गवाहों में विश्वास पैदा करना चाहिए और सहायता करनी चाहिए।

# दिल्ली सेवा विधेयक के प्रति जनता को जागरूक करेगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली सेवा विधेयक के प्रति जागरूक करने को मोबाइल वैन को रवाना करते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली के प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद व भाजपा पदाधिकारी।**

भाजपा दिल्ली सेवा विधेयक के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। प्रदेश भाजपा के नेताओं ने मंगलवार को शहर के सात लोकसभा क्षेत्रों के लिए वीडियो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनके माध्यम से जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली सेवा विधेयक संसद में लाना क्यों जरूरी था। मोबाइल वैन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा नेताओं के संसद तथा बाहर के वीडियो के माध्यम से सेवा विधेयक की आवश्यकता के बारे में बताने की व्यवस्था की गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली के प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद डॉ. हर्ष वर्धन, रमेश बिधूड़ी एवं प्रवेश साहिब सिंह के साथ झण्डा दिखा कर मोबाइल वैन अभियान को वाना किया और कहा कि यह वैन सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर जनता को दिल्ली सेवा एक्ट की दिल्ली को विकास एवं स्वच्छ प्रशासन देने में महत्व को वीडियो फिल्म के द्वारा समझायेंगी। दस दिन के मोबाइल वैन अभियान का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष गजेन्द्र यादव करेंगे।

पांडा ने कहा कि केजरीवाल सरकार जनविरोधी है। उनकी तुलना फिल्मों के विलन से करते हुए कहा कि जिस मुख्यमंत्री के अनेक मंत्री दागी हैं, दो मंत्री घोटाले के आरोप में जेल में हैं, एक पूर्व मंत्री पर बलात्कार का आरोप लग चुका है और आज कैलाश गहलोत के रूप में एक ऐसे मंत्री का नाम सामने आया है जिसने एक नाबालिग लड़की का उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से चुनकर अपना ओएसडी बनाया।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सेवा एक्ट क्यों जरूरी है इसका सीधा जवाब है कि यह दिल्ली की अराजक केजरीवाल सरकार की मनमानी और झूठे प्रोपेगेंडा को रोकने और दिल्ली वालों को न्याय दिलाने के लिये लाया गया है।

### भाजपा कैलाश गहलोत के आवास का करेगी घेराव

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अधिकारी को कैलाश गहलोत द्वारा चुना गया था और इस पूरे मामले में अब तक अरविंद केजरीवाल का मौन रहना बताता है कि इस ऑफिसर को कैलाश गहलोत के साथ अरविंद केजरीवाल का भी संरक्षण प्राप्त है। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ यह कह कर नहीं बच सकते कि उन्होंने अधिकारी को सस्पेंड कर दिया बल्कि कल भाजपा के सभी मोर्चों के पदाधिकारी कैलाश गहलोत के आवास का घेराव कर उनकी इस्तीफे की मांग करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है।

# नूंह हिंसा: अरावली में छिपा बैठा एक और आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

### आमने-सामने की फायरिंग में पैर में लगी गोली

### दो सप्ताह के भीतर मुठभेड़ में दूसरा आरोपी किया है गिरफ्तार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**नूंह** हिंसा के बाद आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस और जांच टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। हरियाणा के साथ यूपी, राजस्थान तक पुलिस आरोपियों की तलाशी में जुटी है। इसी कड़ी में सोमवार की देर रात को नूंह के पास अरावली की पहाड़ियों में छिपे बैठे एक आरोपी को पुलिस की अपराध शाखा ने एन्काउंटर में पुलिस ने पकड़ा है। वह हिंसा के दिन 31 जुलाई 2023 से ही तावड़ू के पास अरावली में छिपा बैठा था। आरोपी तावड़ू के पास ही गांव ढिडारा का रहने वाला है। वहीं इसी मामले में एक दिन पहले कई आरोपियों को क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को सौंपा।



पुलिस मुठभेड़ में घायल नूंह हिंसा का आरोपी आमिर।

अपराध शाखा हिंसा के बाद से आरोपियों की धरपकड़ के लिए तेजी से काम कर रही है। जहां से जरा सा भी सुराग आरोपियों के बारे में पता चलता है तो पुलिस वहीं दबिश देती है। पुलिस को काफी आरोपियों के अरावली की पहाड़ी में भी छिपे होने की सूचना थी। अरावली से भी आरोपियों ने बृज मंडल जल यात्रा पर हमला किया था।

नूंह अपराध शाखा के निरीक्षक अमित को सूचना मिली थी कि नूंह हिंसा में शामिल एक आरोपी आमिर सीलखो पहाड़ के एक खंडहर में छिपा बैठा है। इसी सूचना पर अपराध शाखा की टीम गठित की गई। टीम उस स्थान पर पहुंची तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। अपना बचाव करते हुए सीआईए टीम ने भी जवाबी फायरिंग करनी शुरू की। इसी दौरान आरोपी के दाएं पैर में गोली लगी और वह भाग नहीं पाया। इसी बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी को इलाज के लिए नल्हड़ मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उससे एक अवैध देसी कट्टा और 5 कारतूस बरामद किए गए हैं।

**पहले भी एक आरोपी को ऐसे ही पकड़ा था** : पुलिस ने करीब दो सप्ताह पूर्व भी एक आरोपी को इसी तरह से मुठभेड़ में पकड़ा था। पुलिस को दो आरोपियों के राजस्थान से वाया तावड़ू नूंह पहुंचने की सूचना थी। पुलिस ने उन्हें तावड़ू में अरावली पहाड़ी पर रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी थी। पुलिस व आरोपियों के बीच फायरिंग में गावरका गांव निवासी मुनफेद व सैकुल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। दो सप्ताह में सोमवार की रात को दूसरी बार नूंह हिंसा के आरोपी से मुठभेड़ हुई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस सर्च अभियान के लिए ड्रोन के माध्यम से भी काम कर रही है।

# प्रॉपर्टी टैक्स असेसमेंट के नोटिस वितरित कर रहा नगर निगम गुरुग्राम

### सभी आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों एवं नागरिकों से कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग की अपील

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा निगम क्षेत्र में स्थित सभी प्रॉपर्टी मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स असेसमेंट नोटिस का वितरण किया जा रहा है। इस कार्य के लिए अधिकृत एजेंसी के कर्मचारी घर-घर जाकर असेसमेंट नोटिस का वितरण कर रहे हैं।

निगमायुक्त ने सभी आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे कर्मचारियों को इस कार्य में पूर्ण सहयोग करें तथा असेसमेंट नोटिस के अनुसार अपनी प्रॉपर्टी को सर्टिफाई करें। अगर प्रॉपर्टी डाटा में कोई त्रुटि है, तो उसके बारे में दस्तावेज सहित सही जानकारी कर्मचारी को उपलब्ध करवाएं तथा अपना सही मोबाइल नंबर, वाट्सएप नंबर व ई-मेल आईडी उपलब्ध करवाएं, ताकि प्रॉपर्टी टैक्स डाटा को दुरूस्त किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम सीमा में स्थित सभी प्रॉपर्टीज का सर्वे पूर्व में करवाया गया था। इस डाटा को एनडीसी पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया था। अब एनडीसी पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के अनुसार नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सभी प्रॉपर्टी मालिकों को असेसमेंट नोटिस का वितरण शुरू किया गया है। इसके तहत सिम्पलेक्स ई-सोल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड एजेंसी को अधिकृत किया गया है, जिसके कर्मचारी प्रत्येक प्रॉपर्टी मालिक के पास जाएंगे। उन्हें असेसमेंट नोटिस देंगे। प्रॉपर्टी मालिक इस असेसमेंट नोटिस को ध्यानपूर्वक देखें तथा प्रॉपर्टी डाटा सही होने पर उसे सर्टिफाई करें। अगर प्रॉपर्टी डाटा में किसी भी प्रकार की त्रुटि है, तो मौके पर ही कर्मचारी को सही जानकारी दस्तावेज सहित उपलब्ध करवाएं। इससे प्रॉपर्टी टैक्स डाटा को दुरूस्त करने में सहयोग मिलेगा तथा नागरिकों को भी निगम कार्यालयों से चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। प्रॉपर्टी मालिक उनके यहां आने वाले कर्मचारी को अपना मोबाइल नंबर, वाट्सएप नंबर तथा ई-मेल आईडी भी उपलब्ध करवाएं। हरियाणा सरकार द्वारा सत्यापन पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडियन बैंक में लगी आग, काफी कागजात व सामान जला




गुरुग्राम में गुरुद्वारा रोड पर इंडियन बैंक में लगी आग से उठता धुआं।

**गुरुग्राम।** यहां गुरुद्वारा रोड स्थित इंडियन बैंक में सोमवार की रात को आग लग गई। यह आग घंटों तक लगी रही और दमकल विभाग की टीमें बुझाने में जुटी रही। आग से बैंक के काफी कागजात व अन्य सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को गुरुद्वारा के सामने स्थित इंडियन बैंक में गली की तरफ से धुआं उठता दिखाई दिया। तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को गई गई। विधायक सुधीर सिंगला के घर के पास स्थित इंडियन बैंक में लगी आग को बुझाने में दमकल विभाग कर्मी घंटों तक जुटे रहे। धुआं अधिक होने के कारण बिल्डिंग में जाने में दिक्कत आ रही थी। देर रात आग पर काबू पाया गया। बैंक के कागजात व सामान आग से जला है।

### कार की टक्कर से फ्लाईओवर से गिरे युवक-युवती, मौत

**गुरुग्राम।** यहां इफको चौक पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक सवार एक युवक-युवती को कार ने जोरदार टक्कर मारी। इस हादसे में वे दोनों फ्लाईओवर से नीचे जा गिरे और मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचे और दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया। जानकारी के अनुसार कर्नाटक नंबर केए-51-एचडब्ल्यू-3086 की बाइक पर सवार युवक-युवती सोमवार की देर रात को कहीं जा रहे थे। जब वे इफको चौक फ्लाईओवर पर पहुंचे तो एक तेज रफ्तार कार नंबर एचआर-70ई-2952 ने पीछे से टक्कर मारी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों बाइक से उछले और फ्लाईओवर से नीचे गिर गये। तब तक कोई उन्हें संभालकर अस्पताल पहुंचाता, दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक युवक की पहचान 22 साल के कमलेश खट्टर के रूप में हुई है। वह गुजरात का रहने वाला है, जो कि यहां जनता टेक्सटाइल कंपनी में नौकरी करता था। युवती का नाम सुमन होने की जानकारी पुलिस को मिली है, लेकिन वह कहां की है, इस बारे में पता नहीं लगा।



गुरुग्राम में इफको चौक फ्लाईओवर से गिरे युवक-युवती की मौत होने पर जांच करती पुलिस।

### खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लड़कियों के हुए कड़े मुकाबले



**गुरुग्राम।** एमडी स्कूल मांकड़ोला में चल रही खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गुरुग्राम खंड के 66 स्कूलों ने हिस्सा लिया। इसमें कबड्डी की 12 टीमें, खो-खो की 20 टीमें और वॉलीबॉल की 30 टीमें शामिल रही। एमडी स्कूल के संचालक जोगिंद्र सिंह ने बताया कि लड़कियों की प्रतियोगिता में हार-जीत का अंतर बहुत कम रहा। सभी आयु वर्ग में बेटियों ने बहुत मेहनत की। प्रतियोगिता के फाइनल नतीजों में कबड्डी अंडर-14 लड़कियों में डीपीएस मानेसर प्रथम तथा मेजबान स्कूल एमडी स्कूल मांकड़ोला दूसरे स्थान पर रहा। कबड्डी अंडर-17 में डीपीएस मानेसर प्रथम तथा राजकीय उच्च विद्यालय चंदू दूसरे, कबड्डी अंडर-19 में वजीराबाद स्कूल प्रथम तथा एमडी स्कूल मांकड़ोला द्वितीय स्थान पर रहा। खो-खो में अंडर-14 आयु वर्ग में यूरो इंटरनेशनल सेक्टर-45 प्रथम तथा यूरो इंटरनेशनल सेक्टर-109 द्वितीय, खो-खो अंडर-17 में डीपीसी मानेसर प्रथम व एमडीएस स्कूल गाड़ौली द्वितीय, खो-खो अंडर-19 गर्ल्स में आरपीएस सेक्टर-89 प्रथम व रॉयल ऑक स्कूल द्वितीय स्थान पर रहे। वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले बुधवार को होंगे। उसके बाद लड़कों के मुकाबले शुरू हो जाएंगे। स्कूल की प्रिंसिपल स्नेह आर्या ने सभी जीतने वाले खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ऑफिशियल सभी टीम इंचार्ज की अनुशासन के लिए सराहना की।

### तकदीर बनाने की राह दिखाएंगे साक्षी श्री: अमित गोयल



**गुरुग्राम।** डिजाइन योर डेस्टिनी (अपनी तकदीर बनाएं) के लिए साक्षी श्री की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस एक दिवसीय कार्यशाला में बताया जाएगा कि अपने भीतर की शक्ति को कैसे उजागर करें और अपने भाग्य पर नियंत्रण रखें। यह कार्यशाला 27 अगस्त 2023 को सुबह 9 से सायं 6 बजे यूनिवर्सल ट्रेड टावर सेक्टर-48 के सामने जीएनएस कंवेंशन होटल गुरुग्राम में होगी। इस कार्यशाला में सिखाया जाएगा कि कैसे उस जीवन को डिजाइन करने के रहस्यों को खोजें, जिसकी आपने हमेशा कल्पना की है तथा सीखें अपने सपनों को साकार करने के लिए परिवर्तनकारी तकनीकें। कार्यशाला में आपको मिलेगा जीवन में सब कुछ पाने का विज्ञान तथा जीवन में तनाव-मुक्त सफलता हंसता हुआ जीवन पाने का विज्ञान। साथ ही आपको मिलेगा अंतर्शुद्धि क्रिया का अभ्यास एवं उन सभी रुकावटों को दूर करने के मंत्र जो आपको वह हासिल करने से रोक रही हैं, जिसके आप वास्तव में हकदार हैं। अगर आप भी अपने जीवन में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करना चाहते हैं तो इस 27 अगस्त 2023 को इस कार्यशाला में भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठाने से न चूकें।

### आमिर खान हत्याकांड में हत्यारों का सुराग नहीं

**सोहना।** शहर थाना पुलिस के हाथ ऑटो चालक हत्याकांड में 24 के बाद भी हत्यारोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ऑटो चालक के हत्यारों की तलाश में जुट गई है। नगर परिषद के वार्ड 7 के गांव लाखूवास में की गई फरीदाबाद का गांव बडखल निवासी 28 वर्षीय ऑटो चालक आमिर खान हत्याकांड में दूसरे दिन भी हत्या को अंजाम देने वालों को कोई सुराग नहीं लगा सकी है। शहर थाना पुलिस ने मंगलवार को मृतक ऑटो चालक आमिर खान के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों का सौंप दिया। सूत्रों के अनुसार मृतक के परिजनों को भी किसी पर कोई शक नही जताया है। मृतक के पडोसी मौहम्मद उमर ने बताया कि आमिर मिलसार युवक था। जिसका सब के साथ मधूर व्यवहार रहा है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस जल्द ही हत्यारोपियों तक पहुंचेगी। जिसके लिए जांच तेज कर दी है।

## गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड रोड पर चलती लैंड रोवर कार में लगी आग

**गुरुग्राम।** यहां सोहना एलिवेटेड रोड पर मंगलवार को एक लैंड रोवर कार में आग लग गई। जब तक कोई कुछ कर पाता, कार पूरी तरह से आग से घिर गई। कार में पांच लोग सवार थे, उनकी अच्छी किस्मत थी कि वे इस हादसे में बच गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लेकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड रोड पर मंगलवार को सामान्य दिनों की तरह यातायात फर्राटे भरते हुए जा रहा था।

# पर्यावरण की रक्षा में हम सबको बनना होगा ढाल: नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना, कपड़े के थैलों का उपयोग जरूरी

### राजकीय हाई स्कूल 4/8 मरला, मॉडल टाउन में कही यह बात

**मंगलवार** को राजकीय हाई स्कूल 4/8 मरला, मॉडल टाउन में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल और कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने पौधा वितरण एवं वाटर कूलर के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत की।

उन्होंने जहां पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होने के लिए छात्राओं को पौधे वितरित किए, वहीं उनके लिए शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर समर्पित किया। इस दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए नवीन गोयल ने उन्हें पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरुक किया। उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। साथ ही कपड़े के थैले भी वितरित किए, ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद हो सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सभी को ढाल बनना होगा। नवीन गोयल ने कहा कि आज देश की बेटियां शिक्षा, स्वास्थ्य, डिफेंस से लेकर सम्मानित पदों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा चलाए गए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्किल इंडिया जैसे अभियानों से बेटियां शिक्षित हो रही हैं। डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारा अच्छा स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। गुरुग्राम की सेहत को सुधारने के लिए कैनविन फाउंडेशन द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं, वे गुरुग्राम की जनता के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।




गुरुग्राम के राजकीय हाई स्कूल 4/8 मरला, मॉडल टाउन में छात्राओं को पौधे वितरित करते डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल।

इस अवसर पर मुकेश आहूजा, वीरेंद्र थरेजा, सुनील नागपाल, देवेन्द्र गाबा, ठाकुर दास कुमार, नरेंद्र गिरधर, भीष्म खुराना, प्रिंसिपल हरीश यादव, अमीर चंद, मास्टर जगन्नाथ आहूजा, वासदेव ग्रोवर, सुभाष गाबा, जगदीश, अनिल कुमार, राज कुमार, पारुल कुमार, ओपी चुटानी, नरेश बत्रा, पवन, तिलकराज शर्मा, तरुण सचदेवा, आईएन शर्मा, राजेश कुमार आहूजा, सुभाष मदान व अन्य जन उपस्थित रहे।

# आज से होगा फुटबॉल व तीरंदाजी का आगाज



**सोहना।** बुधवार से दो अलग-अलग स्थानों पर खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की जाएगी। भोंडसीके आरबीएसएम स्कूल में फुटवॉल तथा सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में तीरंदाजी की प्रतियोगिता का आगाज होगा। फुटवॉल प्रतियोगिता 31 अगस्त तक तथा तीरंदाजी प्रतियोगिता 26 अगस्त तक चलेगी। बुधवार से खंड में स्कूली स्तरीय के विद्यार्थियों की दो अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत होने जा रही है। सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में तीरंदाजी की प्रतियोगिता की शुरुआत एसडीएम प्रदीप सिंह के द्वारा उद्घाटन करके की जाएगी। यह प्रतियोगिता अंडर 14, 17 और 19 की उम्र वाले विद्यार्थियों के बीच अलग-अलग वर्ग में कराई जाएगी। तीरंदाजी के कोच भगवत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 100 के लगभग तीरंदाज भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसडीएम सोहना प्रदीप सिंह द्वारा किया जाएगा। चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के विजेता जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**फुटवॉल प्रतियोगिता** : भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल के निर्देशक भागीरथ सिंह राघव ने बतासा कि अंडर 14 व 17 के बच्चों के बीच खेली जाएगी।

# बोधराज सीकरी की अगुवाई में नल्हड़ शिव मंदिर पहुंचा शिष्टमंडल

**गुरुग्राम।** बोधराज सीकरी प्रधान पंजाबी बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम की अगुवाई में एक शिष्टमंडल मंगलवार को दूसरी बार नल्हड़ शिव मंदिर नूंह पहुंचा। वहां के चेयरमैन सरदार गुरचरण सिंह मलिक से मुलाकात की। शिष्टमंडल के पहुंचने पर सरदार गुरचरण सिंह मलिक ने नूंह के कुछ स्थानीय लोगों भी बुला लिया।

इस शिष्टमंडल ने बैठकर के वहां की स्थिति की समीक्षा की। लोगों को आश्वासन दिया कि पंजाबी बिरादरी महासंगठन उनके साथ खड़ा है। पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने 1 लाख रुपये का राशन का सामान भेजने का संकल्प भी लिया। उनसे आग्रह किया कि भविष्य में भी यदि किसी प्रकार की कोई आवश्यकता है तो बिरादरी इसके लिए सदा तत्पर रहेगी। शिष्टमंडल में बिरादरी के महामंत्री रामलाल ग्रोवर, उपप्रधान रामकिशन गांधी, उपप्रधान धर्मेंद्र बजाज, मंत्री, मंत्री रमेश कामरा, मंत्री ओपी कालरा, मंत्री रवि मनोचा उपस्थित रहे। भगवान शिव के भव्य मंदिर के दर्शन करके वहां के पुरोहित ने उस मंदिर के महत्व में बताया कि किस प्रकार पांडवों के समय से ये मंदिर चला आ रहा है। यह भी आभास हुआ कि जो शिवलिंग वहां पर स्थापित है, वह स्वयंभू है। यानी किसी ने उसको स्थापित नहीं किया, बल्कि स्वयं ही प्रकट हुआ है। शिष्टाचार मंडल ने बैठकर के वहां पर अध्यात्म की चर्चा भी की। लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया।



बोधराज सीकरी ने कहा कि नूंह में शांति व्यवस्था बरकरार रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी सजगता से काम कर रहा है। भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए चिंतन, मनन करने की आवश्यकता है। सभी से अपील है कि शांति बनाए रखें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। बिरादरी के प्रधान ने वहां ड्यूटी पर तैनात इंडो तिब्बत बॉर्डर के अधिकारी आलोक सुधांशु से कानून व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने अब कानून व्यवस्था ठीक है। लोग सामान्य जनजीवन की तरफ लौट रहे हैं।

## गुरुग्राम विवि में दिखाया जाएगा चंद्रयान-3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण

**गुरुग्राम।** विद्यार्थियों के मन में देश के प्रति गर्व और एकता की भावना पैदा करने के उद्देश्य से बुधवार 23 अगस्त शाम 5:15 से 6:15 बजे तक गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में चंद्रयान-3 की लैंडिंग का लाइव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर चंद्रयान-3 मिशन की लाइव लैंडिंग टीवी के माध्यम से दिखाई जाएगी। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को चंद्रयान-3 मिशन का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इस दौरान विवि में सभी शिक्षक भी शामिल होंगे। कुलपति ने बताया कि कल इंडिया के लिए बहुत बड़ा दिन है। खासकर इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के लिए, भारत का मून मिशन खास स्टेज पर पहुंचेगा।

# सड़क एवं राजमार्ग राष्ट्र की धमनियां, आर्थिक विकास को देते हैं गति : जनरल वीके सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सड़क** परिवहन एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल विजय कुमार सिंह, पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम., वाई.एस.एम. (सेवानिवृत्त) ने राष्ट्र के सामाजिक आर्थिक विकास में सड़कों एवं राजमार्गों की भूमिका पर प्रकाश डाला। आज दिल्ली में सड़कों एवं राजमार्गों पर सीआईआई के कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर से राष्ट्र की जी.डी.पी. पर 1.5 से 3 गुना तक मल्टीप्लायर इफेक्ट दिखता है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे 1930 में अमेरिका ने इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर दिया, विशेषरूप से सड़कों और राजमार्गों के निर्माण पर, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था को गति मिली। साथ ही इसने वहां के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संबंधित पक्षों से अपील करते हुए जनरल सिंह ने कहा कि बिल्डिंग मैटेरियल के साथ-साथ हमें निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए। लंबी अवधि तक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल सड़कों और राजमार्गों के लिए यह बहुत आवश्यक है।

जनरल सिंह ने कहा कि पिछले 8-9 वर्षों में ट्रांसपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान समय में करीब 3000 किलोमीटर के नए हाईवे और एक्सप्रेसवे निर्माण के अलग-अलग स्तर पर हैं, जो इस सेक्टर की मजबूती की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अर्थव्यवस्था में योगदान देने के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी इस सेक्टर की बड़ी भूमिका है।



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन श्री संतोष कुमार यादव ने वीडियो मैसेज के माध्यम से बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च की गई गति शक्ति स्कीम कैसे सड़क एवं राजमार्ग समेत विभिन्न सेक्टर के विकास में भूमिका निभा रही है। उन्होंने जोर दिया कि सड़क एवं राजमार्ग निर्माण के कार्य में लगी कंपनियों को प्रोजेक्ट डिलिवरी की समयसीमा एवं प्रतिबद्धता को लेकर ज्यादा पेशेवर होना चाहिए। यह ऐसे समय में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, जब सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को समय से पूरा करने पर कई तरह के इंसेंटिव भी दे रही है। साथ ही पेशेवर रवैये से कंपनियों को अपने कारोबार को विस्तार देने और ग्लोबल टेंडर एवं परियोजनाओं के लिए स्वयं को योग्य बनाने में भी मदद मिलेगी। ए.आर. थर्मोसेट्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी एवं कॉन्फ्रेंस चेयरमैन श्री मनोज गुप्ता ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारत के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के महत्व पर जोर दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि भारत में अन्य विकासशील राष्ट्रों की तुलना में सड़कों का नेटवर्क ज्यादा विस्तारित एवं आधुनिक है। हालांकि सड़कों व राजमार्गों पर ध्यान देने की जरूरत है।

# जीआरएम ओवरसीज ने किया अपने 10एक्स शक्ति ब्रांड के पोर्टफोलियो का विस्तार, पेश किए गए पैकेज्ड बेसन, दलिया, मैदा, पोहा और सूजी

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**भारत** के अग्रणी बासमती चावल निर्यातकों में से एक एवं एक उभरती कंज्यूमर स्टेपल कंपनी जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड (यहां जिसे जीआरएम लिखा जा रहा है) ने 10X शक्ति ब्रांड के तहत अपने नए पैकेज्ड उत्पादों-बेसन, दलिया, मैदा, पोहा और सूजी को पेश किया है।




इन्हें सहायक कंपनी जीआरएम फूडक्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड (जीएफके) के तहत उतारा गया है और ये दिखाता है कि कंपनी उत्कृष्टता को लेकर प्रतिबद्ध बनी हुई है. ये नए उत्पाद उपभोक्ताओं के लिए जनरल व मॉडर्न ट्रेड चैनलों के माध्यम से उपलब्ध होंगे। विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि इन उत्पादों की बेहतर पहुंच सुनिश्चित की जा सके। ये देश भर में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाले उत्पाद हैं। इन्हें जीआरएम की सुविधा, गुणवत्ता और विश्वसनीयता की जीआरएम की लीगेसी के साथ उपभोक्ताओं के दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है। प्रबंध निदेशक श्री अतुल गर्ग ने नए उत्पादों की लॉन्चिंग के बारे में कहा, हमें अपने घरेलू ब्रांडेड व्यवसाय का विस्तार करने और एक प्रमुख व स्टैंडअलोन कंज्यूमर स्टेपल ऑर्गेनाइजेशन बनने के हमारे प्रयासों के तहत 10X शक्ति प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में इन उत्पादों को शामिल करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उच्च-गुणवत्ता वाले ये उत्पाद लोगों को विश्वसनीय और स्वस्थ उत्पाद मुहैया कराने की हमारी प्रतिबद्धता के बारे में बताते हैं, जिससे हमारे मूल्यवान ग्राहकों के जीवन में सुधार होता है। हमने इस नई उत्पाद श्रृंखला को सावधानी से तैयार किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये आधुनिक परिवारों की उभर रही डिमांड के हिसाब से मेल खाते हों. यह हमारे घरेलू ब्रांडेड व्यवसाय के लिए एक महत्वपूर्ण व प्रगतिशील कदम है और हमें यकीन है कि इन नए उत्पादों को हमारे ग्राहकों खूब पसंद करेंगे। इनसे घरेलू बाजार में हमारी ब्रांड की उपस्थिति और स्वीकार्यता बढ़ेगी। हमारा भरोसा इस बात में बना हुआ है कि हम खुद को देश में प्रमुख और भरोसेमंद स्टैंडअलोन कंज्यूमर स्टेपल ब्रांड के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

# 100 मीटर की दौड़ में मानसी को मिला पहला स्थान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**शिक्षा** विभाग की ओर से लड़कियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर 14 आयुवर्ग के 100 मीटर दौड़ में सेक्टर 81 डीपीएस की मानसी प्रथम रहीं। अंडर 17 आयुवर्ग में डीपीएस सेक्टर 19 की भूवी और 19 आयुवर्ग में जारा ने बाजी मारी।

प्रतियोगिता के पहले दिन एथलेटिक्स, कबड्डी, क्रिकेट और वॉलीबाल के मुकाबले हुए। अंडर 14 आयुवर्ग के 100 मीटर दौड़ में मानसी प्रथम, श्रीयेरी द्वितीय और श्रुति तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर में अंशु प्रथम, अनमोल द्वितीय और अनन्या तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में अंशु प्रथम, अनमोल द्वितीय और खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेंक मुकाबले में प्राची प्रथाम, प्रेसिका द्वितीय और भूमि तृतीय स्थान पर रही। वहीं गोला फेंक मुकाबले में शब्दीका प्रथम, कृतिका द्वितीय और हिति तृतीय स्थान पर रही। 17 आयुवर्ग के 100 मीटर के मुकाबले में भूवी प्रथम, याशिका द्वितीय और प्राची तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, 200 मीटर दौड़ में प्राची प्रथम, भूवी द्वितीय और प्राची तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में भी प्राची प्रथम स्थान पर रहीं। जबकि हनी द्वितीय और मानसी तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर दौड़ में हनी प्रथम, भावना द्वितीय और गुंजन तृतीय स्थान पर रहीं। 1500 मीटर दौड़ में दीक्षा प्रथम और दिशा द्वितीय स्थान पर रही। लांग जंप मुकाबले में याशिका प्रथम, भव्या द्वितीय और दिव्यांशा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं अंडर 19 आयुवर्ग में जारा प्रथम, स्नेहा द्वितीय और दिव्या तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में तान्या प्रथम, करुणा द्वितीय, स्नेहा तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि 400 मीटर में तान्या प्रथम, करुणा द्वितीय और दिव्या तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर में कृतिका प्रथम, दिव्या द्वितीय और वंशिका तृतीय स्थान पर रहीं। 1500 मीटर दौड़ में कृतिका प्रथम, शीतल द्वितीय और काजल तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेंक मुकाबले में इशा प्रथम स्थान पर रहीं। जबकि लक्षित द्वितीय स्थान पर रहीं।

लड़कियों के अंडर 19 नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में सेक्टर-7 कॉमल कॉनवेंट की टीम प्रथम रहीं। जबकि सेहतपुर स्थित दूर भारती स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रहीं। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के करीब 100 से अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से वंचित रह गए। बताया जा रहा है कि इन खिलाड़ियों के पास जन्म प्रमाण, स्कूल की ओर से प्रमाणित रजिस्टर, पिछले कक्षा में पास होने का प्रमाण पत्र सहित कई प्रमाण पत्र नहीं था।

## पुलिस का स्टीकर लगी लग्जरी कार से आए और 18 लोहे के जाल चुराकर ले गए

**फरीदाबाद।** सेक्टर-82 स्थित पुरी प्रणायाम सोसायटी के बेसमेंट से चोर नालियों पर रखे 18 लोहे की जाल चुराकर ले गए। चोर पुलिस के स्टीकर लगी लग्जरी कार से आए थे। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर बीपीटीपी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पलवल निवासी मोतीराम ने पुलिस को बताया कि पुरी प्रणायाम में सुरक्षा अधिकारी तैनात हैं। 19 अगस्त की शाम वह सोसाइटी में गश्त कर रहे थे। इस दौरान देखा कि बेसमेंट (भू-तल) में नालियों पर रखे कई लोहे के जाल गायब हैं। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगों की सहायतार्थ लगाए जा रहे हैं शिविर : नेहा सिंह



**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर द्वारा जिला पलवल में खंड स्तर पर दिव्यांग की सहायतार्थ मापतोल एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन कर रही है। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष नेहा सिंह के मार्गदर्शन में दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 23 अगस्त को होडल के बीडीपीओ ऑफिस में, 24 अगस्त को हथीन के बीडीपीओ ऑफिस में, 25 अगस्त को अलावलपुर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, 26 अगस्त को उटावड के सरकारी स्कूल में, 28 अगस्त को बडौली के बीडीपीओ कार्यालय में, 29 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागपुर में, 31 अगस्त को हुड्डा चौक पर धर्मा ढाबा के नजदीक स्थित आसरा सेंटर में लगाया जाएगा।

### पत्नी की मौत के गम में खुद को मारी गोली, गंभीर

**फरीदाबाद।** कोरोना काल में पत्नी के मरने के बाद से परेशान जवाहर कॉलोनी एक व्यक्ति ने कट्टे से खुद को गोली मार ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत घायल को नागरिक अस्पताल बीके में भर्ती कराया। जहां से उसे दिल्ली एम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सारन थाना पुलिस ने आत्महत्या के प्रयास के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 52 वर्षीय गुलशन अपने भाई के साथ संयुक्त परिवार में रहते हैं। उनके दो बच्चे हैं और वह कारों की खरीद-बिक्री का काम करते हैं। कोरोना काल में उनकी पत्नी का देहांत हो गया। इसके बाद से वह दुखी रहते थे। सुबह जब सभी सो रहे थे, तभी उन्होंने अपने कमरे में कट्टे से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। जब उन्होंने गुलशन के कमरे में जाकर देखा तो सब स्तब्ध रह गए। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि घायल की स्थिति में सुधार आने के बाद बयान दर्ज किया जाएगा।

### हथीन रोड पर सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**पलवल।** हथीन रोड पर हरिओम भट्ठा दुर्गापुर के निकट अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। बाद में इलाज के दौरान उसकी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की अभी पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम व पहचान के लिए नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। सदर थाना प्रभारी विश्व गौरव के अनुसार, फिरोजपुर राजपूत गांव निवासी रामलखन ने दी शिकायत में कहा है कि वह हरिओम ईंट भट्ठा दुर्गापुर पर बतौर मुनीम काम करता है। पीड़ित जब अपने कार्यालय में बैठकर काम कर रहा था, तभी उसे जोर से आवाज सुनाई दी। जिसके बाद पीड़ित बाहर निकल कर आया तो वहां सड़क पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। उसने अपने सहयोगियों की सहायता से पेड़ की छाया में लेटा दिया और पुलिस को 112 नंबर पर फोन कर सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचा दिया। वहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

**फरीदाबाद।** रोहतक में आयोजित 56वीं राज्य स्तरीय मिनी सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में अंडर-11 व 13 में तीन स्वर्ण के साथ दो रजत पदक जीते हैं। रोहतक में 17 से 21 अगस्त तक राज्य स्तरीय मिनी सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें अडर-11 आयुवर्ग की एकल मुकाबले में फरीदाबाद की ट्विंकल मलिक ने हिसार की ज्योति को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जबकि, अंडर-13 आयुवर्ग के युगल मुकाबले में आद्या शर्मा व आद्विका की जोड़ी ने गुरुग्राम की नव्या असवाल व रिद्धम यादव की जोड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-11 आयुवर्ग की युगल प्रतियोगिता में भाविका श्योराण व ट्विंकल मलिक की जोड़ी ने सोनीपत की परी हुड्डा व विभूति की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि, अंडर-13 वर्ग में आद्या शर्मा ने झज्जर की जोएल राणा को और अंडर-13 आयुवर्ग में आद्विका सिंह ने रेवाड़ी की जीविका को हराकर कांस्य पदक जीता। यह जानकारी जिला बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय सपरा ने दी।

### राम कुमार बघेल को समारोह में किया सम्मानित



**पलवल।** प्रकृति को बचाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ व स्वस्थ जीवन के लिए ग्रीन एंबेसडर आचार्य राम कुमार बघेल अपनी टीम के साथ नियमित कार्य कर रहे हैं। दयाल फाउंडेशन, होडल द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल तथा यूथ एंड इको क्लब जिला को-ऑर्डिनेटर योगेश सौरोत, संस्था अध्यक्ष प्रभु दयाल हंस आदि को सीड बाल तथा पौधा भेंट किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति संयोजक आचार्य राम कुमार बघेल व टीम सदस्य मास्टर थानसिंह को पर्यावरण संरक्षण के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिक्षाविद विष्णु गौड ने संस्था द्वारा जल, पक्षी तथा पेड़-पौधों को बचाने की सरहायना करते हुए सबके सुंदर भविष्य के लिए लोगों से प्रकृति संरक्षण की अपील की। पर्यावरणविद आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि विद्यार्थियों के साथ मिलकर मिशन प्रकृति बचाओ जनक्रांति से हरित क्रांति की ओर बढ़ेगा। हमें मिलकर अपने गांव तथा शहर को हरा-भरा प्रदूषण रहित स्वच्छ व स्वस्थ बनाना है। इस अवसर पर शिक्षाविद, अनुज चौहान, राष्ट्रपति अवॉर्डी डॉ. दयाकिशन व वेदराम शर्मा, डॉ. दक्ष आर्य, डॉ एसके जैन, कैप्टन नरसिंह बघेल, उदय राज, फतेहराम शर्मा, सूरज, विकास गोयल आदि सामाजिक कार्यकर्ता तथा शिक्षा जगत से जुड़े सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### बिजली संकट से मिलेगा छुटकारा, बनेगा सब स्टेशन

**फरीदाबाद।** रेस्ट हाउस में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों के साथ केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बैठक की। बैठक में केबिनेट मंत्री ने एचवीपीएन द्वारा सेक्टर 64 में 66 केवी सब स्टेशन के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से मांगी गई जमीन तुरंत उपलब्ध कराने को कहा। मंत्री ने अधिकारियों को आमजन को बिजली विभाग की तरफ से आने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के दिशा निर्देश दिए। बिजली सप्लाई से जुड़ी और खंभों से जुड़ी तमाम समस्याओं की समीक्षा की गई। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा के अंदर अर्थिंग, लाइनों के नीचे से गुजर रहे पेड़ों की कटिंग के अलावा अन्य मेंटेनेंस के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि बिजली कट से निजात मिल सके और लोगों को भरपूर बिजली दी जा सके। बैठक में केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने एचवीपीएन द्वारा सेक्टर 64 में 66 केवी पावर सब स्टेशन के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से जमीन मांगी। जमीन हैंड ओवर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

# दोपहर बाद हुई बारिश ने गर्मी से दी राहत तो जलभराव से हुई आफत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मंगलवार** दोपहर बाद हुई बारिश से जहां शहरवासियों को गर्मी से राहत मिली, वहीं सड़कों पर जलभराव होने से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। शहर में जगह जगह पानी भरने से लोगों की गाड़ियां बीच रास्ते खराब हो गईं। जलभराव होने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक प्रभावित हुआ। शहर में पानी निकासी व्यवस्था खराब होने से पूरा शहर तालाब में तब्दील हो गया। अंडरपास में पानी भर गया। पिछली घटनाओं से सबक लेते हुए प्रशासन ने जलभराव वाले सभी अंडरपास को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिए और पुलिस तैनात कर दी गई।

कई दिनों से लोग चिलचिलाती गर्मी से जूझ रहे थे। मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर को आसमान में घने बादल छा गए, उसके बाद हल्की फिर तेज तेज बारिश हुई। निगम अफसरों के दावे थे कि शहर के नालों की सफाई कर दी गई है और बारिश के समय जलभराव नहीं होगा। स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से एनआईटी पांच सहित अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश के पानी निकासी के लिए ड्रेनेज लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है। अंडरपास में पानी नहीं भरे इसके लिए बूस्टिंग स्टेशनों की मोटरों को बदलकर नया लगाया गया। दावा था कि बारिश होने पर कुछ ही देर में अंडरपास का पानी निकल जाएगा, लेकिन सभी दावे हवा-हवाई साबित हुए। शहर की कई सड़कों पर शनिवार शाम तक पानी भरा रहा।

शहर के बड़े नाले, सीवर लाइनों का समय पर सफाई का कार्य नगर निगम करता है। मानसून से पहले हर साल निगम नालों की सफाई पर पांच करोड़ रुपये खर्च करता है, लेकिन अधिकारियों की तरफ से सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है, जिसका परिणाम यह है कि कुछ देर की बारिश में नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं, सड़कें तालाब बन जाती हैं। यही हाल मंगलवार को देखने को मिला।

बारिश के वजह से ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास, मेवला महाराजपुर और एनएचपीसी अंडरपास में पानी भर गया। बारिश के दौरान हर बार लोग अंडरपास से निकलने का प्रयास करते हैं और फंस जाते हैं। पिछली बार एक गाड़ी पानी में डूब गई थी। इससे सबक लेते हुए प्रशासन की तरफ से सभी अंडरपास पर बैरिकेडिंग कर पुलिस तैनात कर दी गई। अंडरपास की तरफ आने जाने वाले लोगों को लौटा दिया गया। बाटा चौक, अजरौंदा चौक और बल्लभगढ़ चौक पर घुटनों तक पानी भर गया। यही हाल डबुआ 60 फुट रोड पर देखने को मिला। पानी अधिक होने के कारण ऑटो और बाइक रास्ते में खराब हो गई। ऑटो में सवार लोगों को पैदल पानी से होकर रोड पार करना पड़ी। लोगों ने धक्के मारकर वाहनों को पानी से बाहर निकाला गया।

## ड्रग तस्करों पर हो रही कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने हरियाणा उदय के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर इस पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में नशे के तस्करों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए आयोजित बैठक में विक्रम सिंह ने जिले में हरियाणा उदय अभियान की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

विक्रम सिंह ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान में फरीदाबाद की उल्लेखनीय भागीदारी हो रही है। उन्होंने कहा कि ड्रग की आपूर्ति और मांग की श्रृंखला को तोड़ने के लिए ड्रग तस्करों पर कड़ा शिकंजा कसा जा रहा है। प्रधान सचिव वी उमाशंकर को डीसी विक्रम सिंह लघु सचिवालय सभागार में नशा मुक्त हरियाणा अभियान से संबंधित वीसी में यह जानकारी दे रहे थे। उमा शंकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित तौर पर जिलों में बने नशा मुक्ति केंद्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि नियमित दौरों के अलावा भी संबंधित अधिकारी नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण भी करें। डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के दिशा-निर्देश पर हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हरियाणा उदय अभियान के तहत सफाई अभियान, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना-लघु मेला और निरोगी हरियाणा के कैंप का आयोजन किया जा रहा है। लाभार्थियों को परामर्श के साथ दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं और लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## युवती का रास्ता रोककर छेड़छाड़, शोर मचाने पर धक्का देकर भागे

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**युवती** का रास्ता रोककर कार सवार युवकों ने उसका हाथ पकड़कर गाड़ी में खींच लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर युवती के परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके बार कार सवार धमकी देकर वहां से फरार हो गए।

महिला थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हथीन थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम के समय वह शौच करने के लिए खेतों की तरफ जा रही थी। गांव से कुछ दूरी पर एक कार खड़ी हुई थी। कार में अली मोहम्मद, आमीन, खुर्शीद और आबिद नामक युवक बैठे हुए थे।

जब वह कार के पास से गुजरी तो उन युवकों ने उसका हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। उसने शोर मचा दिया तो वहां उसके परिवार के लोग और गांव के लोग पहुंच गए। डर की वजह से युवकों ने उसे कार से धक्का दे दिया। साथ ही धमकी दी कि आज तो बच गई, मौका मिला तो तेरा रेप करेंगे और पुलिस में शिकायत की तो तुझे और तेरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे।

## बच्चों ने म्यूजिक रिदिम, जिम्नास्टिक में दिखाई प्रतिभाएं

### 10 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला के दूसरे दिन 50 छात्र-छात्राओं ने सीखी कला की अनेक बारीकियां

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**शिक्षा** विभाग हरियाणा के सौजन्य व भारतीय रंगमंच विभाग पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ और नाट्य गृहम के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल में 10 दिवसीय जिला स्तरीय रंगमंच कार्यशाला के द्वितीय दिवस में कुल 50 छात्र-छात्राओं को बॉडी वॉर्मअप एक्सरसाइजेस (हेड टू टो), उसके बाद म्यूजिक क्लास कराई गईं। म्यूजिक रिदिम पर एक्शन और म्यूजिक क्लास के बाद बच्चों ने रागनी जिम्नास्टिक, नृत्य, संगीत आदि प्रतिभाएं दिखाईं। इसके बाद स्कूली बच्चों को थियेटर गेम्स भी खिलवाए गए। इस रंगमंच कार्यशाला का मार्गदर्शन व अध्यक्षता पंजाब विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ इंडियन थिएटर की चेयरपर्सन प्रोफेसर नवदीप कौर कर रही हैं।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला गणित विशेषज्ञ सुखराम, एफएलएन कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार, जिला कोऑर्डिनेटर कश्मीर कुमार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के म्यूजिक अध्यापक जोगिंदर उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी अधिकारियों ने बच्चों को रंगमंच की कार्यशाला की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जानकारी देकर प्रोत्साहित किया। सभी विद्यार्थियों ने कार्यशाला शिक्षक स्वराज रावत तथा बृजेश अहिरवार के सानिध्य में रंगमंच कला की अनेक बारीकियां सीखीं। कार्यशाला के दोनों शिक्षकों ने खेल-खेल में बच्चों को स्वर अभ्यास, नृत्य कलाएं और एकाग्रता जैसी अनेक कलाओं से अवगत कराया। सभी बच्चों ने बड़े खुश होकर इन सभी कलाओं को सीखा। सभी ने विद्यार्थियों को विगत दिनों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह सीख आगे काम आएगी।

# मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

### नवनियुक्त छात्र संघ पदाधिकारियों का बैच लगाकर किया सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**विद्यालय** कक्षा दूसरी से बारहवीं तक के नव नियुक्त छात्र संघ पदाधिकारियों को नेतृत्व की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के लिए सजाते हुए, मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया।

आरपी गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी, फरीदाबाद ने मुख्य अतिथि के रूप में इस समारोह की शोभा बढ़ाई। निदेशक प्राचार्य डॉ. उदय वर्मा द्वारा गणमान्य व्यक्तियों के पुष्प स्वागत के बाद, भावपूर्ण प्रार्थना-नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छात्रों और अभिभावकों की दर्शक दीर्घा ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के 266 सदस्यों का स्वागत किया, जिन्होंने कर्तव्यनिष्ठ विश्व नागरिक के एक प्रगतिशील समुदाय निर्माण के लिए मूल्यों को बनाए रखने और सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। युवा मन को बाधाओं से विचलित न होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए मंचित एकांकी नाटक बिगिन अगेन ने सभी से सराहना प्राप्त की। ओ हेनरी की लघु कहानी द कॉप एंड द एंथम पर आधारित इस नाटक में दर्शाया गया है कि कैसे विश्वास और साहस किसी की प्राकृतिक अजेय शक्ति को उभारने में मदद कर सकता है।

राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जीवंतता का जश्न मनाते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत विषय पर नृत्य मंडली की प्रस्तुति ने गगनभेदी तालियां बटोरीं। शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए गोयल ने उत्साहित दिलों को अटूट उत्साह के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. उदय वर्मा ने प्रभावी नेता बनने के लिए जीवन में दया एवं सद्भावना से परिपूर्ण आचरण की आवश्यकता पर जोर दिया। सकारात्मक रोल मॉडल बनने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. वर्मा ने युवा पथ प्रदर्शकों से शांति और सद्भाव के अग्रदूत बनने का आग्रह किया। विद्यालय के हेड बॉय एव हेड गर्ल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## शिकायतें दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी होगा : निगम आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम की नवनियुक्त ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि लोगों को शिकायतें दर्ज कराने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी होगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि लोगों को सीवर-पानी और पार्कों की बेहतर सेवा मिले। भ्रष्टाचार मामले में जीरो टालरेंस की नीति रहेगी।

नगर निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार का फरीदाबाद से रोहतक तबादला हो गया था। उनकी जगह साल 2006 में टॉपर रहीं आईएएस ए मोना श्रीनिवास को नगर निगम आयुक्त फरीदाबाद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि फरीदाबाद शहर उनके लिए नया नहीं है। उनकी शिक्षा फरीदाबाद से हुई है। ऐसे में उनका प्रयास होगा कि शहर के प्रमुख नागरिकों के साथ मिलकर बेहतर विकास किया जाए। शहर में बेहतर पार्क होने जरूरी हैं। ऐसे में निगम का प्रयास होगा कि लोगों की सहभागीदारी से इसे साफ-सुंदर बनाया जाए। दूसरा सफाई पर भी काम करने की जरूरत है। इसके लिए सेक्टरों व कॉलोनियों की नियमित सफाई के साथ डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर जोर दिया जाएगा। ए मोना ने कहा कि सीवर-पानी और टूटी सड़कों पर इंजीनियरिंग विभाग के साथ बैठक कर जल्द जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

आयुक्त ने कहा कि लोगों को शिकायत दर्ज कराने के लिए एक नंबर जारी होगा। इससे लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी, नंबर पर शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित अधिकारी और शिकायतकर्ता के पास मैसेज चला जाएगा। शिकायत का निपटारा होने पर ही मैसेज भेजने का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें शिकायत दर्ज कराने के लिए एक हेल्प लाइन नंबर जारी करने पर चर्चा की गई। अधिकारी ने कहा कि जल्द ही लोगों को सभी प्रकार की शिकायतों दर्ज कराने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टालरेंस नीति रहेगी।

## कावेरी जल विवाद

### जनता परेशान

**कावेरी जल विवाद** के कारण कर्नाटक और तमिलनाडु की जनता परेशान है। राजनेताओं को भावनाओं से खेलने के बजाय जनता को प्रथम स्थान पर रख कर समस्या का समाधान करना चाहिए। अगस्त का महीना आते ही द्रविण राजनेता 'कवेरी' नदी में पानी की कमी पर दबाव का सामना कर रहे हैं। औपनिवेशिक स्वामियों के कारण 'कावेरी' लिखी जाने वाली 800 किलोमीटर से अधिक लंबी यह नदी कर्नाटक में जन्म लेती है। यह पहाड़ों, घाटियों व मैदानों की यात्रा करते हुए तमिलनाडु के पूमपुहर में बंगाल की खाड़ी में गिरती है। देवी मानी जाने वाली यह नदी तमिलनाडु के पांच डेल्टा जिलों-तंजावूर, थिरूवरूर, तिरुचिरापल्ली, कुडलोर व नागपट्टिनम की जीवन रेखा कही जाती है। लेकिन यह राज्य में किसानों व राजनेताओं के लिए समान रूप से चिन्ता का विषय बनी हुई है। दक्षिण-पश्चिमी मानसून विफल होने पर कावेरी में पानी का स्तर घट जाता है और इससे तमिलनाडु में 'चावल का कटोरा' कहे जाने वाले इन पांच जिलों में गंभीर जल संकट पैदा हो जाता है। यदि कर्नाटक राज्य में मानसून के दौरान काफी बरसात हो तो वह तमिलनाडु के मेटूर बांध में पानी छोड़ सकता है जिससे डेल्टा क्षेत्र के लाखों एकड़ धान की सिंचाई होती है। कावेरी जल पर संघर्ष का समाधान सर्वोच्च न्यायालय व कावेरी जल न्यायाधिकारण ने किया था। इसके अनुसार कर्नाटक को तमिलनाडु को सामान्य जल वर्ष-जून से मई में 177.25 हजार मिलियन क्यूबिक फीट-टीएमसी फीट पानी देना चाहिए। इसमें से 123.14 टीएमसी फीट पानी जून से दिसंबर के बीच देना चाहिए जब खेती के काम तेज होते हैं। लेकिन बरसात न होने पर तमिलनाडु के नेता परेशान हो जाते हैं क्योंकि उनको कावेरी से समुचित पानी नहीं मिलता है। इस साल कर्नाटक ने 1 जून से 31 जुलाई के बीच केवल 11.6 टीएमसी फीट पानी छोड़ा, जबकि अदालत का आदेश 40.4 टीएमसी फीट के लिए है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उसके उप-मुख्यमंत्री व जल संसाधन मंत्री ने ज्यादा पानी छोड़ने में असमर्थता प्रकट कर दी है क्योंकि राज्य के जल भंडार लगभग खाली हैं।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेज कर उनसे तत्काल हस्तक्षेप कर कर्नाटक को अदालत के आदेशानुसार पानी छोड़ने को कहा है। इस बीच कावेरी जल प्रबंधन अथारिटी ने कर्नाटक से अगले 15 दिन तक रोज 10,000 क्यूज़ेक पानी छोड़ने को कहा है जिससे टकराव गहरा गया है। कर्नाटक में विपक्षी भाजपा व गौड़ा जनता दल ने तमिलनाडु को पानी देने पर प्रदेश सरकार की खिंचाई की है क्योंकि उनके जिलों में किसान गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। इस प्रकार कर्नाटक सरकार दुविधा में फंस गई है। लेकिन यह राजनेताओं की कमी है कि वे गंभीर मुद्दों के दीर्घकालीन समाधान तलाशने में विफल रहे हैं। तमिलनाडु की तट रेखा 1076 किलोमीटर लंबी है और वह अपनी पानी की आवश्कतायें पूरी करने के लिए अनेक डिसैलीनेशन प्लांट लगा सकता था, लेकिन इसके बजाय मानसून कमजोर होने पर वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। हालांकि, पुरानी पीढ़ी के नेताओं के.कामराज व राजा गोपालाचारी ने समस्या का समाधान निकाल लिया था। वे कभी मीडिया के सामने यह विवाद नहीं ले गए। कहा जाता है कि कामराज आवश्यकता होने पर फोन कर कर्नाटक के अपने समकक्ष को कावेरी का थोड़ा और जल छोड़ने को कहते थे और उनकी बात फौरन मान ली जाती थी।

# पंजाब में उद्योगों की अतीत से मुक्ति

**पंजाब में उद्योगों के विकास हेतु पुरानी औद्योगिक नीति की गलतियां दूर करनी जरूरी हैं। इससे वह प्रगति व औद्योगिक उत्पादन का केन्द्र बन सकता है।**

**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, उद्योग जगत से संबद्ध हैं)



पंजाब देश में आर्थिक उदारीकरण नीतियां शुरू होने के पहले से ही औद्योगिक रूप से विकसित राज्य रहा है। यह बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देने के साथ ही देश-प्रदेश के अनेक लोगों के कौशल उन्नयन का भी केन्द्र रहा है। लेकिन विडंबना है कि कालान्तर में पंजाब औद्योगिक विकास के क्षेत्र में पिछड़ता चला गया। इसका कारण राज्य की गलत औद्योगिक व विकास नीति रही है। इस स्थिति को ठीक करने के लिए लाई गई पंजाब की औद्योगिक व विकास नीति, 2022 ने परिवर्तन का महत्वाकांक्षी ढांचा पेश किया। इस नीति का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक क्षेत्र को निर्यात का केन्द्र बनाना है।



लेकिन दुर्भाग्य से पंजाब औद्योगिक व विकास नीति, 2017 के अंतर्गत जारी नोटीफिकेशन नं. 4888 ने प्रतिगामी ड्यूटी टैक्स ढांचा लागू कर सैकड़ों उद्योगों तथा निर्यात-उन्मुख इकाइयों को इससे बाहर कर दिया है। नई उद्योग नीति में इसे संलग्नक-ए व धारा 12.26 में दुहराया गया है। इस प्रकार नई औद्योगिक नीति का ढांचा तथा इसकी अधिघोषणा राज्य में नया निवेश लाने के मार्ग में बाधा बन गई है। इसके लिए नई उद्योग नीति की गलतियां सुधारने तथा इसकी समीक्षा की जरूरत है। पुरानी नीति की गलतियां दुहराने से नई औद्योगिक नीति में विकृतियां आ गई हैं। इसके अनुसार इंसेंटिव में वे रिफंड शामिल नहीं हैं जो करदाताओं द्वारा निर्यात या संभावित निर्यात से प्राप्त किए जाते हैं।

इसके अंतर्गत केन्द्र सरकार से प्राप्त किसी रिफंड को राज्य प्रोत्साहनों से काट लिया जाता है। इससे उद्योगों को इन्वर्टेड ड्यूटी टैक्स ढांचे का लाभ उठाने से वंचित कर दिया जाता है। उसे अनिवेश पर भारी टैक्स अदा करना पड़ता है जबकि यह विधिक रूप से वापस किया जाना चाहिए। इस प्रकार राज्य प्रोत्साहनों में केन्द्र सरकार द्वारा दिया रिफंड शामिल करने का कोई औचित्य नहीं है। यदि कोई उद्योग कच्चे माल पर निवेश के लिए 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करता है और उसे अंतिम उत्पाद पर 12 प्रतिशत जीएसटी अदा करनी हो तो वे इन्वर्टेड ड्यूटी टैक्स ढांचे में आ जाता है और उसे केन्द्र सरकार से इन्पुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त करने का अधिकार है। निर्यातोन्मुख इकाइयों को भी केन्द्र सरकार से जीएसटी इन्पुट का पूरा रिफंड पाने का अधिकार है, लेकिन उनको इस विकृत धारा के कारण राज्य प्रोत्साहनों से वंचित किया जा रहा है। बड़ा सवाल यह है कि राज्य सरकार उन उद्योगों तथा निर्यातोन्मुख इकाइयों को प्रोत्साहन से वंचित कैसे कर सकती है जिनको इन्वर्टेड टैक्स ढांचे में रिफंड प्राप्त करने का अधिकार है। इस धारा के कारण पंजाब की एक भी इकाई को इन्वर्टेड टैक्स ढांचे के अंतर्गत एफसीआई पर इन्सेंटिव नहीं मिला है। पंजाब सरकार खाख उद्योगों को इस इन्सेंटिव से वंचित नहीं कर सकती है।

पुरानी औद्योगि नीति के अंतर्गत जारी नोटीफिकेशन नं. 4888 को नई नीति में एनेक्सर-ए तथा धारा 12.26 के अंतर्गत बनाए रखा गया है। इसके खिलाफ उद्योगों ने 21 जनवरी, 2021 को पंजाब के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया था। इस ज्ञापन को देखते हुए उद्योग व वाणिज्य विभाग की नीति क्रियान्वयन इकाई ने मेमो नं. 7736-7737 23 अप्रैल, 2021 को कर आयुक्तों तथा जिला उद्योग केन्द्रों-डीआईसी के महाप्रबंधकों-जीएम को भेजा था। इस मेमो में विभाग ने उपरोक्त अधिघोषणा नं. 4888 में गलतियों को स्वीकार किया था। उसने इस बात पर भी सहमति प्रकट की थी कि इन्वर्टेड ड्यूटी टैक्स ढांचे में आने वाली औद्योगिक इकाइयों को एफसीआई पर न्यूनतम 2.5 प्रतिशत प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। लेकिन पुरानी नीति की समीक्षा करने तथा उसमें व्याप्त गलतियां दूर करने के बजाय नई औद्योगिक नीति में भी पुरानी चीजें शामिल कर ली गईं। इसका अर्थ था कि अनेक उद्योगों को प्रोत्साहनों से वंचित कर दिया गया।

2018 से पुरानी तथा नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए सैकड़ों प्रार्थनापत्र अभी लंबित पड़े हैं और उन पर कोई फैसला नहीं किया गया है। आखिरकार संबंधित जवाबदेह अधिकारियों को अवश्य समझना चाहिए कि नीतियों में गलतियां करने और उन गलतियों को पुनः दुहराने से न जनता का भला होता है और न अर्थव्यवस्था का। इसके कारण पंजाब की औद्योगिक प्रगति में भारी बाधा आई है, जबकि दशकों पहले यह प्रदेश पूरे देश में औद्योगीकरण का पर्याय और उदाहरण माना जाता था। पंजाब की औद्योगिक व बिजनेस विकास नीति-22 को बड़ी सफलता दिलाने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उद्योगों के लिए उपयुक्त परिवेश बनाने के लंबे-चौड़े वादे किए थे। उनके इन दावों पर उद्योग जगत तथा आम जनता ने विश्वास भी प्रकट किया था। लेकिन उनको फौरन हस्तक्षेप कर उद्योगों को समुचित प्रोत्साहन देने में आने वाली बाधायें दूर करनी चाहिए। हालांकि, नई उद्योग नीति बनाने के पहले संबंधित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री तथा अनेक पक्षों के बीच अनेक बैठकें कराईं ताकि उनसे जानकारी प्राप्त हो सके। लेकिन इन सारे प्रयासों के बावजूद नीतियों में कोई अंतर नहीं दिखाई दे रहा है। इसका कारण यह है कि वरिष्ठ अधिकारी उद्योगों के प्रति लापरवाही भरा दृष्टिकोण अपना रहे हैं और पुरानी गलतियां बार-बार दुहराई जा रही हैं।

एक जवाबदेह व समयबद्ध प्रोत्साहन व्यवस्था बनाने के लिए प्रमुख विभागों को प्रक्रियाओं को पुनः तैयार करने की आवश्यकता है। इन विभागों में पंजाब उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, कर विभाग व वित्त विभाग शामिल हैं। प्राथमिकता के आधार पर जरूरी है कि प्रोत्साहन अत्यधिक सरल तथा उद्योग हितैषी हों। इनमें प्रक्रियाओं के सभी स्तरों पर जटिल शर्तों को न्यूनतम करना भी जरूरी है। प्रोत्साहनों से इनकार करना या इनमें विलम्ब करना पंजाब में उद्योगों की प्रतियोगात्मक क्षमता को बाधित करता है तथा इससे राज्य की आर्थिक प्रगति पर भयानक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि, विगत वर्षों में आर्थिक प्रगति को गति देने के अनेक प्रयास हुए हैं, लेकिन समुचित नीतियों तथा जमीनी स्तर तक उनके क्रियान्वयन में बाधायें आने से वे सफल नहीं हो सके हैं। वर्तमान समय में उद्योग व वाणिज्य विभाग की समन्वित खिड़की व्यवस्था तथा एकीकृत नियामक को प्रभावी रूप से सभी निवेश परियोजनाओं में प्रोत्साहन देने की व्यवस्था करनी चाहिए। राज्य में वर्तमान समय में काम कर रही सभी औद्योगिक इकाइयों को समुचित प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इसलिए राज्य के सभी अधिकारियों, खासकर उपरोक्त विभागों के अधिकारियों को अपनी भूमिकायें अच्छी तरह निभानी चाहिए। राज्य सरकार के नीति निर्माण तथा नौकरशाही व खासकर औद्योगिक विकास से जुड़े विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा ताकि राज्य उभरती हुई आर्थिक चुनौतियों का सामना कर पुनः भारत का प्रमुख औद्योगिक प्रदेश बनने का लक्ष्य प्राप्त कर सके।

पंजाब सरकार को विचार करना होगा कि प्रदेश को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, कर एवं वित्त विभाग को नई औद्योगिक नीति में शामिल एनेक्सर-ए तथा धारा 12.26 पर पुनः विचार कर उन गलतियों को दूर करना चाहिए जिनको उन्होंने स्वयं स्वीकार किया है। उनको उन उद्योगों को कम से कम 2.5 प्रतिशत प्रोत्साहन देना चाहिए जो इन्वर्टेड ड्यूटी टैक्स ढांचे में शामिल हैं। पुरानी औद्योगिक नीति के अंतर्गत फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट करने वाली निर्यातोन्मुख इकाइयों को भी यह प्रोत्साहन अवश्य मिलना चाहिए।

विभिन्न स्तरों पर पंजाब औद्योगिक एवं बिजनेस विभाग नीति, 2022 पर दूरदर्शी दृष्टिकोण से विचार करना जरूरी है। इस नीति को सरलीकृत करने, समयबद्ध बनाने तथा तकनीक संचालित प्रोत्साहन स्वीकृतियों की आवश्यकता है। इसके साथ ही उद्योगों को लाभ दिलाने में नौकरशाही का हस्तक्षेप तकनीक की सहायता से न्यूनतम किया जाना चाहिए। पंजाब को पूरी सतर्कता से वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एक प्रतियोगी औद्योगिक इकोसिस्टम बनाना चाहिए। इससे प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तेज होगी।

# मनुष्य के लिए वरदान है नाड़ी शोधन

> हम अपने फेफड़ों की क्षमता का बमुश्किल तीस प्रतिशत उपयोग करते हैं। सचेतन श्वास के माध्यम से हम नब्बे प्रतिशत विषाक्त पदार्थों को भी बाहर निकाल सकते हैं।

**रवी वलूरी**
(लेखक, रेलवे विभाग से जुड़े हैं)



जन्म लेते ही हम सबसे पहला कार्य क्या करते हैं? यहां कोई रॉकेट साइंस नहीं, हम सांस लेते हैं! हमारा अंतिम कार्य सास छोड़ना है। सभी आध्यात्मिक और योग गुरुओं ने इस विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया है। फिर भी हमें अपने सांस लेने के तरीके के प्रति सचेत रहने की आदत विकसित करने की जरूरत है। अपनी पहली सांस से लेकर, अपने जीवन के हर मिनट में, हम सांस लेते रहते हैं, इस चमत्कारी क्षमता को हल्के में लेते हुए क्योंकि हमारे शरीर की स्वायत्त प्रणाली यह काम इतनी कुशलता से करती है - और फिर भी, हम सांस को नियंत्रित कर सकते हैं और ऐसा करने से हमारी स्थिति बदल जाती है। प्राणी। सचेतन श्वास का अभ्यास करने या श्वास का निरीक्षण करने की क्षमता से असंख्य लाभ मिलते हैं, जरूरी नहीं कि इसे नियंत्रित किया जाए।

हम अपने फेफड़ों की क्षमता का बमुश्किल तीस प्रतिशत उपयोग करते हैं। सचेतन श्वास के माध्यम से हम नब्बे प्रतिशत विषाक्त पदार्थों को भी बाहर निकाल सकते हैं। श्री श्री रविशंकर के मार्गदर्शन में आर्ट ऑफ लिविंग के संकाय द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे व्यक्ति प्राणायाम और क्रिया की जादुई, चिकित्सीय शक्ति को सीख और सराह सकते हैं।

हम उचित श्वास तकनीक के माध्यम से दर्द प्रबंधन कर सकते हैं। यदि शरीर के किसी हिस्से में दर्द हो रहा है, तो व्यक्ति सारा ध्यान उस हिस्से पर आकर्षित कर सकता है और सांस का निरीक्षण कर सकता है। यह मुद्रा प्राणायाम के साथ मिलकर दर्द को कम करने में टॉनिक के रूप में काम करता है। योग गुरु श्री बी.के.एस. ने लिखा है, जैसे आग तब चमकती है जब उसके ऊपर की राख हवा से बिखर जाती है, उसी तरह जब प्राणायाम के अभ्यास से इच्छा की राख बिखर जाती है तो शरीर के भीतर की दिव्य अग्नि अपनी पूरी महिमा के साथ चमकती है।



मानव मन अतीत और भविष्य के बीच झूलता रहता है, कभी भी वर्तमान में नहीं रहता। अनजाने में इसका परिणाम हमारे सिस्टम में भावनात्मक उथल-पुथल होता है। सुदर्शन क्रिया की लयबद्ध श्वास तकनीक के अचूक अभ्यास के माध्यम से मन को वर्तमान क्षण में लाया जा सकता है। श्री श्री रविशंकर कहते हैं, मन पतंग की तरह है और सांस डोर की तरह है।

हम नाड़ी शोधन प्राणायाम (नाक से बारी-बारी से सांस लेना) से शुरुआत करके ध्यान का अभ्यास कर सकते हैं। इससे शरीर, मांसपेशियों और तंत्रिकाओं को आराम मिलता है और हम सहजता से ध्यान में डूब जाते हैं। ध्यान एकाग्रता विकेंद्रीकरण का एक कार्य है जहां हम सभी विचारों को अपनाने का प्रयास करते हैं, किसी भी विचार या भावना का विरोध नहीं करते हैं। जीवन की वास्तविकता यह है कि हम जिसका भी विरोध करते हैं वह कायम रहता है। ध्यान अंततः मानसिक तीव्रता और स्पष्टता और एकाग्रता के स्तर में वृद्धि की ओर ले जाता है।

मानव मन असंख्य विचारों से भरा हुआ है। इससे निरंतर मानसिक बकबक की स्थिति उत्पन्न होती है। आइए एक पल के लिए हम अपना ध्यान जुगाली करने वाले जानवरों, यानी उल्टी करने की प्रक्रिया की ओर आकर्षित करें। ठीक इसी तरह से हम इंसान अपने नकारात्मक विचारों और डर को पालते रहते हैं, हर पल उन्हें दोबारा जीते हैं। सचेतन श्वास के माध्यम से हम इस प्रवृत्ति को रोक सकते हैं और मानसिक बकबक को कम कर सकते हैं, अपने मन को वर्तमान क्षण में ला सकते हैं। गहरी शांति सचेतन श्वास के माध्यम से हमारे भीतर आती है और एक समय के बाद मन में नकारात्मक विचार और भय दूर हो जाते हैं, जैसे-जैसे हम वर्तमान क्षण में रहना सीखते हैं, अपने आंतरिक स्व से जुड़ते हैं; अपने पर्यावरण और अपने अस्तित्व के साथ सामंजस्य बनाकर रहना।

आध्यात्मिक रूप से, सचेत श्वास हमें यह याद दिलाने में मदद करती है कि ऊर्जा लगातार गतिशील है। जैसा कि आइंस्टीन ने प्रसिद्ध रूप से कहा था, जब तक कुछ चलता नहीं तब तक कुछ नहीं होता। खैर, चूंकि ऊर्जा हमेशा गति (कंपन) में रहती है, तो परिवर्तन हमारे जीवन में एक स्थिर स्थिति है! ये एक सच्चाई है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. आइए हम सभी इसी क्षण से सचेतन श्वास का अभ्यास करें!

## आप की बात

### घृणापूर्ण भाषण

**सुप्रीम कोर्ट** ने अपने एक निर्णय में यह कहा है कि हेट स्पीच यानी घृणापूर्ण भाषणों के प्रति समान रूप से कठोर कार्रवाई की जरूरत है, भले ही यह किसी भी समुदाय, संगठन या नेता की ओर से हो। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई हर धर्म के साथ आज समानता का व्यवहार करने की जरूरत है। घृणापूर्ण भाषण करने वाले अपराधी के साथ उसकी धर्म की पहचान की परवाह किए बिना सख्त कानूनी कार्रवाई बेहद जरूरी है देशभर में जो भी दंगा फैलाने या समाज में भेदभाव पैदा करने के लिए घृणापूर्ण भाषण देता है, उस पर सख्त कार्रवाई होगी तभी सामान्य स्थिति बहाल होगी। इस फैसले के लिए सर्वोच्च न्यायालय को धन्यवाद देना चाहिए। कुछ साल पहले से ही देश में घृणापूर्ण भाषणों की बाढ़ सी आ रही है। आज हर धर्म में इस तरह के लोग मौजूद हैं जो देश से वर्षों पुराने भाईचारे को लगातार खत्म कर रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह घृणापूर्ण भाषण देने वालों के बहकावे में न आकर अपने कॅरियर पर ध्यान दे। यदि देश के नौजवान संतुलित ढंग से देश के राजनीतिक-आर्थिक-सामाजिक विकास पर सोचना व प्रतिक्रिया देना शुरू कर दें तो ऐसे तत्वों तथा उनको प्रश्रय देने वाले राजनेताओं को सिर उठाने का मौका नहीं मिलेगा।

- **मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

### शरणार्थियों की रक्षा

**अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन** ह्यूमन राइट्स वॉच ने अपनी ताज़ा रिपोर्ट में सऊदी अरब की सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों पर कई प्रवासियों की सामूहिक हत्या करने का आरोप लगाया है। इसके अनुसार, सऊदी अरब पहुंचने की कोशिश करने वाले तमाम प्रवासियों को गोली मार दी गयी। इनमें से कई लोग इथियोपिया के रहने वाले थे। हालांकि सऊदी सरकार ने इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। मगर शरणार्थियों की सुरक्षा पर अनेक देशों में सवाल उठते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून हर देश पर लागू होता है कि वह शरणार्थियों की हर कीमत पर रक्षा करेगा। लेकिन इसके बावजूद लगभग हर महीने कहीं न कहीं से शरणार्थियों के मानवाधिकार उल्लंघन की खबरें आती हैं। सागर के मध्य में या किसी पश्चिमी देश के किनारे आकर नौका डूब जाती है जिससे सैकड़ों लोग मारे जाते हैं। आरोप है कि कई देश जानबूझ कर नौकायें डुबो देते हैं या डूब रहे लोगों को बचाते नहीं हैं ताकि शरणार्थी उनके देश न पहुंचने पाएं। हाल ही इटली व फ्रांस से ऐसी घटनाओं की खबरें आई हैं। लोग मजबूरी में ही अपनी जान जोखिम में डाल कर दूसरे देशों की ओर भागते हैं।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### आयुष्मान भारत योजना

**आयुष्मान भारत योजना** में गड़बड़ी व धन की हेराफेरी के आरोप लगे हैं। इस योजना के चलते गरीबी रेखा से नीचे जीने वाले अनेक रोगियों को नया जीवनदान मिला है, लोगों को बड़े ऑपरेशन व अन्य कई तरह की सुविधाएं मिली है। हर योजना की शुरुआत में शासन की मंशा पूरे देश के हित के लिए ही रहती है। मगर जिन हाथों के बीच से होकर इस योजना का पैसा जाता है उनमें से अनेक आंखें और दिल नहीं रखते। उन्हें तो उसमें से अधिकतम हिस्सा डकार लेने से मतलब रहता है। इसी मनोवृति के चलते इतनी बढ़िया योजना में भी भ्रष्ट लोगों ने सेंध लगा दी है। आश्चर्य है कि आधार कार्ड जैसी व्यवस्था के बावजूद किसी के मरने के बाद भी उसके आयुष्मान कार्ड से इलाज के नाम पर पैसा निकलता रहा। लेकिन भ्रष्टाचारियों को पकड़ना भी अब अधिक मुश्किल नहीं है। सरकार यदि सख्ती से पेश आए तो ये निश्चित रूप से पकड़े जाएंगे। गरीब कल्याण की ऐसी योजना में भ्रष्टाचार करने वालों को कठोरतम सजा फौरन मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### चंद्रयान पर नजर

**अत्यंत हर्ष और गर्व** की बात है 23 अगस्त तक हमारा चंद्र यान चन्द्रमा पर उतरने वाला है। इस समय सबकी नजर चंद्रयान पर है। पूरी उम्मीद है कि हमारा मून मिशन सफल होने वाला है, जबकि रूस का मून मिशन विफल हो गया है और उसका यान चन्द्रमा से टकरा कर नष्ट हो गया। रूस ने लगभग 25 साल बाद चंद्रमा पर उतरने का प्रयास शुरू किया, लेकिन शायद उसके देश में व्याप्त नौकरशाही, अक्षमता व जल्दबाजी इस मिशन पर भारी पड़ी है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखें तो शायद उसके मिशन पर उसके पाप भारी पड़े हैं। रूस छोटे से देश यूक्रेन पर लगातार हमलावर है जिससे वहां की जनता को असाधारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हजारों यूक्रेनी नागरिक व सैनिक तानाशाह पुतिन की महत्वाकांक्षा के चलते हताहत हुए हैं या उनको अपने देश से पलायन करना पड़ा है। इसके उलट भारत हमेशा विश्व शांति और सारी दुनिया की कल्याण कामना करते हुए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से काम करता है। भारत वैज्ञानिक-तकनीकी प्रगति के लाभ सारी दुनिया में बांटना चाहता है।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# डिग्रीहोल्डर ग्रेजुएट्स को भी मिलेंगे रोजगार

**कैबिनेट के फैसले**

## स्टाइपेंड की राशि को भी बढ़ाकर प्रतिमाह 9 हजार रुपए किया गया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने डिप्लोमाहोल्डर एवं सभी स्ट्रीम्स में डिग्रीहोल्डर युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने के लिए बड़ी पहल की है। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) का विस्तार करते हुए इसमें सभी ग्रेजुएट पास युवाओं को जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही इसमें स्टाइपेंड की राशि को भी बढ़ाकर प्रतिमाह 9 हजार रुपए किया गया है। इसमें राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपए की प्रतिपूर्ति की जाएगी जबकि बाकी राशि केंद्र सरकार एवं एंयरप्रेन्योर्स द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। जिनके यहां युवा अप्रेंटिसशिप करेंगे। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया है। लोकभवन के मीडिया सेंटर हॉल में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम विधान मंडल के सत्रावसान का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद 25 में से 23 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने योगी कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सबसे महत्वपूर्ण निर्णय मुख्यमंत्री शिक्षुता योजना को लेकर रहा। इसमें अब तक खासतौर पर डिप्लोमाहोल्डर्स के लिए अप्रेंटिस की व्यवस्था थी लेकिन अब नई व्यवस्था में किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएट स्टूडेंट इस योजना में सम्मिलित हो सकता है।

प्रदेश के डिप्लोमा एवं सभी स्ट्रीम में ग्रेजुएट युवाओं को एनएटीएस योजना का लाभ प्रदान करने के साथ ही निजी संस्थानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह योजना लागू की जा रही है। इस वर्ष 10 लाख युवा इस योजना से लाभान्वित हो सकते हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि इस अप्रेंटिसशिप प्रमोशनल स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए का प्रोवीजन किया है। इसके तहत छात्रों को स्टाइपेंड के रूप में 9 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। इसमें भारत सरकार का 50 प्रतिशत हिस्सा रहेगा। यानी 4500 रुपए भारत सरकार देगी जबकि 3500 रुपए एंटरप्रेन्योर देंगे जिनके यहां ये प्रशिक्षण या अप्रेंटिसशिप संचालित होगी। 1000 रुपए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रदान किए जाएंगे। प्रस्तावित योजना के माध्यम से निजी क्षेत्र के संस्थानों को अधिक से अधिक गैर तकनीकी डिप्लोमाहोल्डर एवं डिग्रीहोल्डर युवाओं को प्रशिक्षु के रूप में नियोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# 25 लाख युवाओं को मिलेंगे निशुल्क स्मार्टफोन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में 25 लाख युवाओं को निशुल्क स्मार्टफोन दिए जाने समेत कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर हरी झण्डी दे दी गई। उत्तर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए 25 लाख स्मार्टफोन खरीदे जाने के प्रस्ताव को भी योगी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3600 करोड़ रुपए बजट में दिए गए हैं। ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, डिप्लोमा, कौशल विकास आदि विभिन्न शिक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत युवा वर्ग को स्मार्टफोन निशुल्क प्रदान करने से न केवल वह अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकेंगे जबकि विभिन्न शासकीय, गैर शासकीय योजनाओं में भी वे इसका सदुपयोग कर रोजगार से जुड़ सकेंगे। ज्ञातव्य है कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना 05 वर्ष के लिए लागू है। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाए जाने हेतु स्मार्टफोन वितरण की एक अभिनव योजना है। इस सम्बन्ध में मे. इन्फोसिस द्वारा युवा वर्ग के डिजिटल सशक्तीकरण एवं स्किल डेवलपमेण्ट के उद्देश्य से सीएसआर एक्टिविटी के अन्तर्गत स्प्रिंग बोर्ड प्लेटफार्म उत्तर प्रदेश सरकार को निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें छात्र-छात्राओं के उपयोगार्थ लगभग 3900 कोर्सेज, प्रोग्राम्स निशुल्क उपलब्ध हैं। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर को कृषि विभाग की भूमि नि:शुल्क हस्तान्तरित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# जरूरतमंदों तक पहुंचाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभः मुख्यमंत्री



- जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और ध्यान से सुनें। साथ ही उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

सीएम योगी ने ये निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने पहले उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। न होने की दशा में उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

# आधा दर्जन डेयरी प्लांट को लीज पर देने का फैसला

- 10 वर्षों के लिए डेयरी प्लांट्स को लीज पर दिया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट में प्रदेश के 6 डेयरी प्लांट को 10 वर्षों के लिए लीज पर देने का अहम फैसला लिया है। इससे जहां प्रदेश के पशुपालकों को दुध का उचित मूल्य मिलेगा, वहीं आम जनमानस को गुणवत्तायुक्त दुध उपलब्ध होगा। योगी सरकार ने जिन 6 डेयरी प्लांट को लीज पर देने का निर्णय लिया है उनमें से कुछ प्लांट पूरी तरह से ठप हैं या फिर कुछ प्लांट्स क्षमता के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं। योगी सरकार के इस फैसले से पीसीडीएफ का सुदृढ़ीकरण होने के साथ डेयरी फेडरेशन, अर्धसरकारी दुग्ध प्रसंस्करण एवं विपणन संस्थान और दुग्ध संघों को बढ़ावा मिलेगा।

योगी सरकार ने कैबिनेट में गोरखपुर, कानपुर, नोएडा, प्रयागराज, आजमगढ़ और मुरादाबाद डेयरी प्लांट को लीज पर देने का निर्णय लिया है। इन प्लांट को लीज पर भले ही दिया जा रहा है लेकिन इनका स्वामित्व पीसीडीएफ और दुग्ध संघों का ही होगा। लीज फर्म को केवल इनके प्रबंधन और संचालन के लिए ही दिया जाएगा। लीज फर्म प्लांट की मूल संरचना के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेंगी। बता दें कि वर्तमान में गोरखपुर प्लांट का वार्षिक टर्नओवर 110 करोड़, कानपुर का 325 करोड़, नोएडा का 438 करोड़, प्रयागराज का 65 करोड़, आजमगढ़ का 11 करोड़ और मुरादाबाद का 110 करोड़ है। ऐसे में रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) के अनुसार आवेदन करने वाले फर्मों की न्यूनतम मिल्क हैंडलिंग कैपेसिटी, लीज पर दिये जाने वाले प्लांट्स की क्षमता का 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है। वहीं प्रथम तीन वर्षों में वार्षिक लीज रेंट समान रहेगा जबकि चौथे वर्ष से लीज रेंट में सामान्य से 5.50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाएगी। मालूम हो कि वर्तमान में गोरखपुर का वार्षिक लीज रेंट 4.38 करोड़, कानपुर का 13.56 करोड़, नोएडा का 17.89 करोड़, प्रयागराज का 2.63 करोड़, आजमगढ़ का 44 लाख और मुरादाबाद का 4.38 करोड़ है। ऐसे में विभाग को कुल 43.28 करोड़ की धनराशि रिजर्व वार्षिक लीज रेंट के रूप में प्राप्त होगी। इन प्लांट को लीज पर लेने के लिए बनास डेयरी गुजरात, साबर डेयरी गुजरात, मदर डेयरी नई दिल्ली और काम्फेड सुधा डेयरी बिहार ने अपनी रुचि दिखायी है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार डेयरी प्लांट को जहां है जैसा है के आधार पर दिया जाएगा। प्लांट को लीज पर लेने वाली फर्मों को सबसे पहले क्षेत्र सहकारी दुग्ध समितियों से दुध लेने होगा। साथ ही इन डेयरी प्लांट से संबंधित दुग्ध संघों को भंग नहीं किया जाएगाए वह यथावत कार्य करेंगी।

## आगरा में स्थापित होगा अन्तरराष्ट्रीय आलू केन्द्र का साउथ एशिया रीजनल सेंटर

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय उद्यान प्रभाग के 17 जुलाई 2023 के पत्र के क्रम में जनपद आगरा के सींगना राजकीय प्रक्षेत्र में अन्तरराष्ट्रीय आलू केन्द्र का साउथ एशिया रीजनल सेण्टर स्थापित किए जाने हेतु ग्राम सींगना, तहसील किरावली, जनपद आगरा में स्थित कृषि विभाग की भूमि को उद्यान विभाग के नाम करते हुए, इसमें से चिन्हित 10 हेक्टेयर भूमि को राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, भारत सरकार, गुरुग्राम हरियाणा को 99 वर्ष के नि:शुल्क पट्टे लीज पर दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस भूमि पर राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा अन्तरराष्ट्रीय आलू केन्द्र के साथ अनुबन्ध कर साउथ एशिया रीजनल सेटर स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्रिपरिषद ने आगरा स्थित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र का भवन 3 वर्षों के लिए अन्तरराष्ट्रीय आलू केन्द्र के रीजनल सेंटर के संचालन के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया है।

# प्रदेश में बायोडीजल के उत्पादन एवं विक्रय करने के दिशा-निर्देशों को मिली स्वीकृति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंत्रिपरिषद** ने उत्तर प्रदेश में बायोडीजल के उत्पादन एवं विक्रय हेतु दिशा.निर्देशों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने भविष्य में किसी अपरिहार्य परिस्थिति में उत्तर प्रदेश में बायोडीजल के उत्पादन एवं विक्रय के लिए दिशा निर्देश के सफल क्रियान्वयन के लिए इसमें यथा आवश्यक संशोधन के लिए अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री को अधिकृत किया है।

ज्ञातव्य है कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गजट अधिसूचना 30 अप्रैल 2019 के द्वारा परिवहन प्रयोजन हेतु हाईस्पीड डीजल के साथ मिश्रण के लिए बायोडीजल की बिक्री हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में बायोडीजल के उत्पादन तथा बिक्री हेतु दिशा.निर्देश निर्गत किए जाने हैं। उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति 2022 जारी की गई है। इसके अन्तर्गत बायोडीजल को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था की गई है।

बायोडीजल के लाइसेंस, रेगुलेशन की उत्तर प्रदेश में अभी तक कोई व्यवस्था नहीं थी। इसके दृष्टिगत बायोडीजल के उत्पादन एवं विक्रय हेतु दिशा.निर्देशों को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन दिशा निर्देशों को स्वीकृति प्रदान की गई है उसमें प्रमुख रूप से भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा बायोडीजल के निर्धारित मानक के अनुरूप स्वदेशी बायोडीजल का उत्पादनए आपूर्तिए भण्डारण एवं खुदरा बिक्री की जाएगी। कोई भी बायोडीजल उत्पादक या खुदरा विक्रेता डीजल के साथ बायोडीजल का अपमिश्रण करके विक्रय नहीं कर पाएगा।

# चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट देखेंगे छात्र

- पहली बार शाम को विशेष रूप से एक घंटे के लिए खुलेंगे सरकारी स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बुधवार** शाम को जब भारत का महत्वाकांक्षी मून मिशन 'चंद्रयान-3' चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर पहली बार लैंड करेगा तो उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के छात्र भी इस ऐतिहासिक लम्हे के साक्षी बनेंगे। प्रदेश की योगी सरकार ने इस अवसर पर छात्रों के ज्ञानवर्धन, उनकी जिज्ञासाओं की पूर्ति के लिए सभी परिषदीय विद्यालयों को 23 अगस्त की शाम को एक घंटा खोलने और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सरकार ने शिक्षा मंत्रालय के निर्देश का हवाला देते हुए कहा है कि 23 अगस्त को शाम 5.27 बजे चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया का इसरो वेबसाइट, यू-ट्यूब चैनल व डीडी नेशनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। ऐसे में 5.15 से 6.15 बजे तक विद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में विशेष सभा आयोजित कर सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाए।

अपर राज्य परियोजना निदेशक मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि यह पहली बार है जब सरकार ने इस तरह के ऐतिहासिक अवसर पर छात्रों को एजुकेट करने के लिए शाम को स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत के चंद्रयान-3 का चंद्रमा पर उतरना एक यादगार अवसर हैए जो न केवल जिज्ञासा को बढ़ावा देगा बल्कि हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण के लिए एक जुनून भी जगाएगा। इससे गर्व और एकता की गहरी भावना पैदा होगी क्योंकि हम सामूहिक रूप से भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्ति का उत्सव मनाएंगे। इसी क्रम में सभी डायट प्राचार्य व बीएसए को निर्देश दिया है कि इस दिन 5.15 से 6.15 बजे तक विद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में विशेष सभा आयोजित कर सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाए।

### राज्य विश्वविद्यालयों व मदरसों में भी होगा सीधा प्रसारण

23 अगस्त को चंद्रमा पर चंद्रयान 3 की प्रस्तावित लैंडिंग का सीधा प्रसारण बुधवार को प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों और मदरसों में भी होगा। इस बावत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव मनिषर जोशी ने सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी कर शाम 3.30 बजे से 6.30 बजे के बीच लाइव प्रसारण करने को कहा गया है। उत्तर प्रदेश के मदरसों में पढ़ने वाले छात्र व छात्राएं भी बुधवा को चन्द्रयान-3 के चन्द्रमा पर उतरने के साक्षी बनेंगे। अल्पसंख्यक मुस्लिम वक्फएवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने निदेशक अल्पकल्याण विभाग को चन्द्रयान-3 के चन्द्रमा पर उतरने के ऐतिहासिक पल का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त मदरसों में कराने के निर्देश दिए हैं।

## कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए निशुल्क मिलेगी भूमि

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने जनपद कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने के लिए कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पक्ष में गन्ना विकास विभाग की कुल 111.830 हेक्टेयर 276.21 एकड़ भूमि में से 43.28 एकड़ भूमि छोड़ते हुए अवशेष 232.93 एकड़ भूमि को नि:शुल्क हस्तान्तरित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। भविष्य में कृषि विश्वविद्यालय की आवश्यकता के दृष्टिगत अन्य विभागों से भूमि प्राप्त करने की कार्यवाही यथासमय की जाएगी। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में राजकीय क्षेत्र के चार कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर, अयोध्या, मेरठ, बांदा तथा एक निजी क्षेत्र का सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त जनपद झांसी में रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि केन्द्र सरकार के अधीन स्थापित है।

पूर्वांचल में आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अन्तर्गत 27 जनपद आच्छादित हैं। असमान वितरण के दृष्टिगत पूर्वांचल में एक नवीन विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे पूर्वांचल के 10 जनपद आच्छादित होंगे।

## जल निगम में अभियंताओं का चयन यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग करेगा

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के जूनियर इंजीनियर (सिविल) एवं जूनियर इंजीनियर के रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से कराए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। पूर्व में कार्मिक अनुभाग 3 की अधिसूचना संख्या द्वारा पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश जल निगम में जूनियर इंजीनियर (सिविल) व जूनियर इंजीनियर के पदों पर चयन की कार्यवाही को यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परिधि से बाहर करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। कालान्तर में विधायी विभाग की अधिसूचना द्वारा उत्तर प्रदेश जल निगम का विभाजन यूपी जल निगम (नगरीय) एवं यूपी जल निगम (ग्रामीण) के रूप में कर दिया। गया। उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर (सिविल) व जूनियर इंजीनियर के पदों पर चयन की निष्पक्षता और पारदर्शिता स्थापित करने के उद्देश्य से उक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से कराए जाने का प्रस्ताव है।

## गर्भवती महिलाओं को बायोमैट्रिक प्रणाली के माध्यम से मिलेगी पोषाहार सामग्री

**लखनऊ।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के पोषण हेतु संचालित पोषाहार वितरण की व्यवस्था को अब बायोमैट्रिक प्रणाली के माध्यम से वितरित किया जाएगा। योगी कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। राशन वितरण प्रणाली की तर्ज पर सरकार अब ई-पॉस मशीन के माध्यम से लाभार्थी का वेरिफिकेशन करते हुए उसे पोषक आहार किट उपलब्ध कराएगी। इससे पोषाहार वितरण में पारदर्शिता आएगी एवं लाभार्थियों को अनुमन्य मात्रा में पोषाहार उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित हो सकेगा। योजना का शत प्रतिशत व्यय राज्य सरकार द्वारा ही किया जाएगा। वर्तमान में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में पोषाहार के वितरण में भौतिक रूप से किये जा रहे सत्यापन की प्रक्रिया जटिल और कम पारदर्शी है। भौतिक रूप से किए गए सत्यापन के प्रत्येक अभिलेख की जाँच करना एक विषम कार्य है। विभाग में लाभार्थियों को प्रदान की जा रही पुष्टाहार सामग्री के वितरण के सत्यापन हेतु कोई तकनीकी व्यवस्था नहीं है।

## रामपथ के लिए भूमि क्रय के लिए धनराशि स्वीकृति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंत्रिपरिषद** ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर अयोध्या धाम तक मुख्य पहुंच मार्ग योजना के अन्तर्गत सहादतगंज नयाघाट मार्ग मेनस्पाईन रोड लम्बाई 12.940 किलोमीटर (रामपथ) के लिए कुल पुनरीक्षित लागत 84493.56 लाख रुपये भूमि, भवन क्रय के लिए धनराशि 37877 लाख रुपये एवं निर्माण मद में धनराशि 46616.56 लाख रुपये को स्वीकृति प्रदान कर दी है। अयोध्या के पौराणिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए इसे विश्व पटल पर एक प्रमुख धार्मिक, पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके दृष्टिगत अयोध्या में विभिन्न विभागों द्वारा अनेक परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर तक पहुँच मार्ग के रूप में तीन पथों रामपथ, भक्ति पथ एवं जन्मभूमि पथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## अटल आवासीय विद्यालयों के निर्माण व संचालन का प्रस्ताव स्वीकृति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने अटल आवासीय विद्यालयों के निर्माण तथा संचालन सम्बन्धी प्रस्तावों को कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत अटल आवासीय विद्यालयों के 18 मण्डलों में निर्माण के स्थान, विद्यालय की मूल्यांकित, स्वीकृत लागत के सापेक्ष शासन द्वारा निर्गत वित्तीय स्वीकृति तथा मूल्यांकित, स्वीकृत लागत के सापेक्ष निर्गत वित्तीय स्वीकृति, इन विद्यालयों के संचालन के लिए सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत अटल आवासीय विद्यालय समिति के बायलॉज तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना को अनुमोदित किया गया है। मंत्रिपरिषद ने इन विद्यालयों के सुचारु रूप से सम्पादन हेतु अटल आवासीय समिति के बायलॉज तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना में भविष्य में होने वाले संशोधनों के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है।

## बिजनौर में टाइगर रिजर्व के निकट पर्यटन सुविधाएं होंगी विकसित

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने जनपद बिजनौर की धामपुर तहसील के ग्राम अमानगढ़ में प्रस्तावित टाइगर रिजर्व के निकट पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। साथ ही, मंत्रिपरिषद ने प्रकरण में आवश्यकतानुसार अग्रेतर निर्णय लिए जाने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। इसके तहत जनपद बिजनौर की धामपुर तहसील के अमानगढ़ रेंज के निकट ग्रामसभा फतेहपुर में भूमि को पर्यटन सुविधाएं विकसित करने हेतु पर्यटन विभाग के नाम नि:शुल्क हस्तान्तरित कराया जाना प्रस्तावित है। ज्ञातव्य है कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में स्थित है। यह 9500 हेक्टेयर लगभग 95 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला हुआ है, जो घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का बफर क्षेत्र है। यह एशियाई हाथियों, बाघों और अन्य वन्य जीवों के लिए एक गलियारे की तरह है।

## हरद्वार दुबे के निधन से रिक्त हुई सीट पर 15 सितंबर को होगा मतदान

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन से रिक्त हुई सीट की पूर्ति हेतु उप निर्वाचन कराये जाने के लिए कार्यक्रम नियत कर दिया गया है। अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 29 अगस्त 2023 मंगलवार को नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी की जायेगी। 5 सितम्बर 2023 मंगलवार को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। 6 सितम्बर 2023 बुधवार को नाम निर्देशनों की जांच की जायेगी। 8 सितम्बर 2023 शुक्रवार को नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि 15 सितम्बर 2023 शुक्रवार को मतदान पूर्वान्ह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा तथा मतगणना 15 सितम्बर 2023 शुक्रवार सायं 5 बजे से प्रारम्भ होगी।

# भाजपा के वोटर चेतना महाभियान का शुभारंभ

- शत प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र की मजबूती के साथ जवाबदेही भी बढेगी: दुष्यंत गौतम
- बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से अभियान चलाकर नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाएं कार्यकर्ता: भूपेन्द्र सिंह

## घर-घर जाकर कार्यकर्ता नए मतदाता बनाने के लिए करेंगे संपर्क



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भीगीदारी सुनिश्चित करने के लिए वोटर चेतना महाभियान प्रारम्भ किया गया है। वोटर चेतना अभियान से जुड़े पार्टी पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित किया। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय मतदाता प्रमुख, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी व जिला मतदाता प्रमुख सम्मिलित हुए। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिसमें जिम्मेदार राजनैतिक दल की भूमिका निभाते हुए भाजपा घर-घर जाकर युवाओं को नए मतदाता बनाने के लिए सम्पर्क करेगी। भाजपा का विचार है कि शत प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र की मजबूती के साथ जवाबदेही भी बढेगी। इसलिए भाजपा के पदाधिकारी, नेता तथा एक.एक कार्यकर्ता चुनाव आयोग के दिशा निर्देश में नए मतदाता बनाने, मतदाता सूचियों के संशोधन में सहयोग के साथ शत प्रतिशत मतदान के लिए जनजागरण का कार्य भी करते है और भाजपा की बूथ समिति, सेक्टर समिति तथा पन्ना प्रमुख मतदाता को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने का कार्य भी करते है। वोटर चेतना महाभियान इस दिशा में आगे बढेगा और फार्म.6 भरवाने के साथ ही ऑनलाइन मतदाता बनने के लिए नव मतदाताओं को प्रेरित करने का काम करेगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि वोटर चेतना महाभियान के अन्तर्गत पार्टी कार्यकर्ता संगठन के योजनानुसार नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची के दर्ज करवाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की पहचान पूरे विश्व में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है। आज बड़ी संख्या में समाज के हर वर्ग के लोग भाजपा से जुड़ रहे है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वोटर चेतना महाभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से चलाकर नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने का कार्य करें। साथ ही मतदाताओं से सम्पर्क कर मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए मतदाता सूची के सत्यापन नए मतदाताओं के पंजीकरण और मतदाता सूची में सुधार के लिए योजनापूर्वक कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलो में वोटर चेतना अभियान के लिए 24 अगस्त को जिला कार्यशाला तथा 25 व 26 अगस्त को सभी 1918 मंडलो में मंडल कार्यशाला तथा मतदाता सूची विशेष सम्पर्क अभियान सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें सभी जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रत्येक बूथ पर 27 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के पश्चात् वोटर चेतना महाभियान के तहत मतदाता सूची सत्यापन, वाचन तथा अवलोकन का कार्य करना है। इसके साथ ही मतदाताओं के कटे हुए नाम, नए संभावित मतदाताओं तथा परिवर्तित पते वाले नामों की सूची बनाने का कार्य भी करना है। इसके पश्चात् घर-घर सम्पर्क का महाभियान 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक चलेगा। जिसमें पार्टी के प्रदेश से लेकर बूथ तक के सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता सम्मिलित रहेंगे। संचालन करते हुए प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने जिला तथा मंडल कार्यशालाओं के करणीय कार्य तथा अभियान की जानकारी साझा करते हुए कहा कि बीएलए-2 की सूची सभी जिलों में शीघ्र तैयार करना है और अभियान का पूरा रोडमैप तैयार काम करना हैं जिससे कोई घर कोई व्यक्ति, कोई वर्ग सम्पर्क से न छूट जाए।

# रेरा में नवीन रियल एस्टेट परियोजनाओं का तेजी से हो रहा पंजीयन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण में अब तक कुल 3467 परियोजनाएं पंजीकृत हो चुकी हैं। उप्र रेरा प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र को सशक्त करने और उसे विकास की दौड़ में सबसे आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एनसीआर क्षेत्र में कुल 1598 और नॉन एनसीआर क्षेत्र में कुल 1869 परियोजनाएँ पंजीकृत हुई हैं। वहीं, रेरा अध्यक्ष ने कहा कि सबसे अधिक आबाद वाले प्रदेश को रियल एस्टेट क्षेत्र में एक संतुलित विकास और नियमन दोनों की आवश्यकता है।

रेरा में अभी तक 3467 परियोजनाएँ पंजीकृत हो चुकी हैं। वहीं, प्रदेश में पंजीकृत कुल 3467 परियोजनाओं में से 1411 परियोजनाएँ ऐसी हैं जो नवीन हैं और 2056 का कार्य प्रगति पर है। उप्र रेरा द्वारा प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र की परियोजनाओं का पंजीयन लगातार किया जा रहा है। उप्र रेरा इस उद्देश्य के साथ निरंतर प्रयासरत है कि प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र निरंतर विकास करे और साथ ही नियमन की दिशा में और भी सशक्त बनें। वहीं, नॉन एनसीआर क्षेत्र में पंजीकृत कुल 1869 परियोजनाओं में से 882 नवीन पंजीकृत परियोजनाएँ हैं और 987 परियोजनाएँ ऐसी हैं जिनका कार्य प्रगति पर है। एनसीआर क्षेत्र में पंजीकृत कुल 1598 परियोजनाओं में 529 नवीन परियोजनाएं हैं और 1069 का कार्य प्रगति पर है। रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रगति शील प्रमुख जनपद गौतम बुद्ध नगर में कुल 962 परियोजनाएँ पंजीकृत हो चुकी हैं जिनमें से 671 का कार्य प्रगति पर है और 291 नवीन पंजीकृत पंजीकृत परियोजनाएँ हैं। गाजियाबाद में कुल 428 परियोजनाएँ पंजीकृत हो चुकी हैं।

# जिलाधिकारी ने गोद लिए विद्यालय को दी चार दीवारी व गेट की सौगात

**लखीमपुर खीरी।** संविलियन विद्यालय सदर को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के गोद लेने के बाद से ही इसकी सूरत बदलने की कवायद शुरू हुई। इसे सजानेए संवारने व खूबसूरती की छटा बिखेरने का डीएम ने अपने कंधों पर उठाया है। इसी क्रम में मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग अपने गोद लिए नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय सदर में ष्क्रिटिकल गैप योजनाष् वर्ष 2023.24 के तहत नवनिर्मित चारदीवारी एवं गेट का लोकार्पण किया।



नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय सदर पहुंचकर डीएम ने सीडीओ के संग पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर विद्यालय की चारदीवारी एवं गेट का शीलापट का अनावरण कर लोकार्पित किया। इस दौरान डीएम ने विद्यालय में कराए जाने वाले अन्य कार्यों की न केवल प्रगति जानी। बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपने गोद लिए नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय सदर की चारदीवारी एवं गेट का निर्माण की क्रिटिकल गैप योजनाष् वर्ष 2023.24 के तहत स्वीकृत दी। कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने लागत चार लाख 53 हजार 684 धनराशि से उक्त कार्य को पूरा किया। इस मौके पर बीएसए प्रवीण तिवारी, अधिशासी अभियंता (आरईएस) हेमंत सक्सेना, अवर अभियंता प्रदीप वर्मा सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारीए कर्मचारी मौजूद रहे।

# लिंटर डालने के बाद लौट रहे मजदूर की दुर्घटना में मौत

**बरेली ।** मकान का लिंटर डालने के बाद ठेकेदार ने 17 मजदूरों को शराब पिला दी इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर लौट रहा एक मजदूर चलती ट्रॉली से गिर गया और मिक्सर मशीन के पहिये के नीचे आकर उसकी मौत हो गई मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।शाही थाना प्रभारी सतेंद्र भड़ाना के मुताबिक सोमवार को नरेली रसूलपुर निवासी 25 वर्षीय जीतू पुत्र इतवारी लाल गांव के 16 मजदूरों और ठेकेदार के साथ मजदूरी करने के लिए शाही थाने के गांव दुनका में लिंटर डालने के लिए गया था रात नौ बजे काम खत्म होने के बाद ठेकेदार ने खुशी में सभी मजदूरों को शराब पिलाई थी इसके बाद सभी मजदूर ट्रैक्टर ट्राली पर बैठकर अपने घर जा रहे थे उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे मिक्सर मशीन बांध ली थी उसी पर जीतू बैठा हुआ था लेकिन रास्ते में परतापुर में तालाब के पास वह मशीन से गिर गया और मशीन का पहिया उसके ऊपर से उतर गया घटना के बाद ट्रैक्टर चालक समेत सभी मजदूर मौके से फरार हो गए एक युवक ने घटना की जानकारी मृतक के घर वालों को दी तब वह रात एक बजे घटनास्थल पहुंचे उन्होंने खट्टा की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद ही मौके पहुंची पुलिस ने जांच शुरू करते हुए ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया मृतक के भाई सोनू ने मृतक के शरीर पर चोट के निशान देखकर गांव के चार लोगों पर हत्या करने का शक जताया है उनका कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा उनका भाई मृत अवस्था में पड़ा है शरीर पर चोट के निशान थे कपड़े कुछ जगह से फटे हुए थे इस आधार पर उन्होंने हत्या का शक जताया मृतक की पत्नी शीला है वह दो बच्चों का पिता था पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट केआधार पर कार्रवाई की जाएगी ।

## तमंचा लोड करते युवक का वीडियो वायरल एसएसपी से शिकायत

**बरेली।** बर्थडे पार्टी में फायरिंग के मामले मे एक पक्ष द्वारा एसएससी से शिकायत किए जाने के बाद एसएसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की गई। सुभाषनगर में बर्थडे पार्टी में हुई फायरिंग मामले में दूसरा पक्ष मंगलवार को एसएसपी से मिला उसने एक आरोपी का टेंपो में तमंचा लोड करते वीडियो दिखाकर अपने व्यक्ति को बेकसूर बताया जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है ।सुभाषनगर थाना क्षेत्र में पुलिया के पास 10 अगस्त को बर्थडे पार्टी का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक युवक फायरिंग करते हुए साफ दिख रहा है फायरिंग करने वाले की बब्बनपुर पुरवा निवासी मां शाकरा ने पार्टी में जबरन शराब के नशे में बेटे से रिवाल्वर देकर फायरिंग कराने का आरोप लगाया था जिसका वीडियो वायरल हो गया मंगलवार को दूसरे पक्ष की साहिबा एसएसपी ऑफिस पहुंची उन्होंने बताया कि उनके पिता रेलवे में नौकरी करते है।

# इन्वर्टर ठीक के दौरान करंट लगने से कर्मचारी की मौत

**शाहजहांपुर।** लुमिनस कंपनी के कर्मचारी की इन्वर्टर ठीक के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। मौत के बाद सिंघल इंटरप्राइजेज के दो कर्मचारी उसका शव लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसको देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। कर्मचारी जब भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस चौकी पर बैठा दिया। इस दौरान पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मंगई टोला निवासी 24 साल का तनवीर लुमिनस कंपनी में पिछले कई साल से काम कर रहा था। तनवीर कंप्लेंट मिलने के बाद उसको ठीक करने के लिए जाता था। सोमवार की शाम भोलागंज स्थित सिंघल इंटरप्राइजेज कंपनी की तरफसे लुमिनस कंपनी को कंप्लेंट की गई थी। उसके बाद लुमिनस कंपनी की तरफसे निर्देश मिलते ही तनवीर सिंघल इंटरप्राइजेज दफ्तर पहुंच गया। वहां काम करते समय उसकी करंट लगने से मौत हो गई। उसकी मौत के बाद सिंघल इंटरप्राइजेज के दो कर्मचारी उसका शव लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसको देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। सिंघल इंटरप्राइजेज कंपनी के दोनों कर्मचारी अस्पताल से भागने लगे। तभी पुलिस ने उनको पकड़ने के बाद चौकी पर बैठाया और फिर परिजनों को सूचना दी। रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे परिजन शव को देखना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उनको चेहरा दिखाने से इंकार कर दिया। पुलिस और परिजनों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। चेहरा देखने के लिए कहा तो, पुलिस ने महिलाओं को पीटना शुरू कर दिया।

# सैलून एसोसिएशन ने नाई जाति का अपमान करने का किया विरोध

**● पंडोखर सरकार के महाराज गुरुशरण दास पर रासुका लगाने की मांग**

**बरेली।** सैलून एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्वारा पंडोखर सरकार के महाराज गुरुशरण दास पर रासुका लगाने और उनकी अर्जित संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। आरोप है कि गुरशरण दास द्वारा एक नाई समाज के व्यक्ति को अपमानित किया गया उसको भरे समाज में थप्पड़ मार कर मुर्गा बनाया गया। ये कृत्य पंडोखर सरकार के महाराज गुरुशरण दास के द्वारा किया गया।पंडोखर सरकार धाम के महाराज गुरुशरण दास ने उत्तर प्रदेश के औरैया में दरबार लगाया था। वहीं मंच से एक नाई समाज के व्यक्ति को आवाज देकर बुलाया उसके बाद उसकी जाति पूंछ कर उसे अपमानित किया तथा उसको थप्पड़ मारा और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसको मुर्गा बनाया।

इसी घटना को लेकर सैलून एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री को लिखित ज्ञापन डीएम बरेली के द्वारा देकर पंडोखर सरकार के महाराज गुरुशरण दास पर रासुका लगाने तथा उनकी अर्जित संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की मांग की है।वहीं इस मामले में सैलून एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव तेज बहादुर ने कहा कि जातीय हिंसा मणिपुर में भी भड़की थी जातीय हिंसा की आग में पूरा मणिपुर झुलस रहा है। उन्होंने कहा कि पंडोखर सरकार के महाराज गुरुशरण दास के द्वारा उत्तर प्रदेश में भी जातीय हिंसा भड़काने का काम किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि पंडोखर सरकार के महाराज के इस कृत्य को ध्यान में रखकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## दुर्घटना में घायल ट्रक ड्राइवर की मौत

**बरेली।** दो ट्रैकों की टक्कर में घायल एक ट्रक के चालक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बिशारतगंज थाने के गांव गिडोली निवासी 40 वर्षीय नरेश पाल पुत्र सियाराम को बीती रात जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक के घर वालों ने बताया कि नरेश पाल ट्रक चालक था और 7 अगस्त को वह अपने ट्रक मे पंजाब के करनाल से चावल लादकर वापस लौट रहा था लेकिन इसी दौरान मेरठ में उसके ट्रक को सामने से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे नरेश पाल गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया घायल नरेश पाल को स्थानीय पुलिस ने मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया और घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी जो बीती रात मेरठ से उसे इलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल लाए लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी।

# तहसीलदार की मनमानी से वकीलों में भड़का रोष



**● न्यायालय का बहिष्कार व क्रमिक अनशन शुरू**

**मोहम्मदीखीरी।** बार एसो. सिविल कोर्ट मोहम्मदी द्वारा तहसीलदार मोहम्मदी के विरुद्ध अपनी मांगों को लेकर न्यायालय का आज से अनिश्चितकालीन बहिष्कार व क्रमिक अनशन शुरू हो गया है। बार एसो. के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में मांग की है कि उप निबंधक कार्यालय से दाखिल खारिज हेतु भेजे जाने वाली विक्रय पत्रों की प्रतियां तहसीलदार मोहम्मदी के न्यायालय में काफी विलंब से प्राप्त की जाती हैं। दाखिल खारिज हेतु नियत वादों का निस्तारण कई महीने विलंब से पिछली तारीखों में किया जाता है जब कि निस्तारण तिथि 45 दिन के अंदर की अंकित की जाती है। दाखिल खारिज आदेशों की खितौनियों में फीडिंग क्रमानुसार न होकर ऑपरेटर की सुविधानुसार होती है परंतु तिथियां पूर्व की अंकित की जाती हैं। नक्शा व खतौनी दुरुस्ती आदि की मूल पत्रावलिया क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को भेज दी जाती हैंए वादकारियों को न्यायालय में कोई तारीख नहीं दी जाती तथा राजस्व निरीक्षक सालों तक अपनी आख्या प्रस्तुत नहीं करते।

नायब तहसीलदार मोहम्मदी अपने न्यायालय कक्ष में समय से बैठते ही नहीं हैंए और ना ही निर्विवाद वादों का समय से निस्तारण करते हैं। बैंक द्वारा भेजे गए बंधक मुक्ति प्रमाण पत्रों को समय से न दर्ज कर पुन: सत्यापन हेतु भेज देने से जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तहसील परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने से सभी प्रदूषित पानी पीने पर विवश हैं आदि साहित कई मांगों का अविलंब समाधान किए जाने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### बारिश के कारण डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का दौरा रद्द



**शाहजहांपुर।** जिले में आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का दौरा बारिश के कारण निरस्त हो गया उनके निजी सचिव प्रवीण कुमार शर्मा ने जिला प्रशासन को मेल भेजकर दौरा निरस्त किए जाने की सुचना देते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री का कार्यक्रम बारिश की वजह की कैंसिल किया जा रहा है गौरतलब है। उपमुख्यमंत्री जिले की ग्राम चौपाल व पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कार्यक्रम में शिरकत करने जिले में आने वाले थे।

### जर्जर पुल की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**सीतापुर।** महमूदाबाद क्षेत्र में शारदा नहर पर बने जर्जर पुल की समस्या से निजात दिलाने को लेकर मुख्यमंत्री को एसडीएम के माध्यम से पत्र भेजा है। तहसील महमूदाबाद के एडवोकेट पुरुषोत्तम शुक्ला ने एसडीएम महमूदाबाद को पत्र देकर कहा है की महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र में शारदा सहायक नहर पर बने पुल पर से भारी संख्या में लोगो का आवागमन होता है, यह कुल लगभग 47 साल पहले बनवाया गया था, जो अब जर्जर हो चुका है। रोड का चौड़ीकरण हो जाने से अब इस पुल पर से लखनऊ रेउसा बहराइच आदि के लिए भारी वाहन भी गुजरते है। कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होने शारदा नहर के नूरपुर पुल के पास दूसरे पुल का निर्माण कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर आलोक कुमार, आवेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### डीएम अनुज सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा

**सीतापुर।** डीएम अनुज सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा पर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा हुई। डीएम ने कहा उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशनपुर में जो कार्य कराया जा रहा है उसे शीघ्र पूरा कर हैंडओवर किया जाए। उन्होने ब्लाक रेउसा के ग्राम पंचायत खरौहा में अग्निशमन केंद्र के आवासीय, अनावासीय भवनों के कार्यों की जानकारी ली। नैमिषारण्य मिश्रिख में चक्रतीर्थ के प्रमुख प्रवेश द्वार एंव अन्य प्रवेश द्वारों को कॉरिडोर के रुप में विकसित करने के कार्यों को भी जाना। बैठक में सीडीओ अक्षत वर्मा, सीएमओ डा. हरिपाल सिंह, जिलाअर्थ एंव संख्या अधिकारी तिलक सिंह, बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### सर्व कल्याण और सुख शांति के लिए हुआ रुद्राभिषेक

**सीतापुर।** सीतापुर शहर के ऊचां टीला स्थित सीताराम मंदिर पर सर्व कल्याण और सुख शांति के लिए रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक में राज्य सूचना आयुक्त किरणबाला चौधरी, गोदवारी मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शेरावली शुक्ला, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी, महंत राजेन्द्र दास, धर्म, सहित कई शिव भक्तों ने भाग लिया। रुद्राभिषेक मंदिर पुजारी एंव धर्म गुरु आशीष शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। मनीष मिश्रा, रामगढ़ चीनी मिल के पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र अवस्थी, जिलाउपाध्यक्ष संजय मिश्रा, महंत बलराम दास, पंडित वेंकटेश्वर, भजन प्रवाहक अनुराग रोशन, पंडित जयकारी महाराज, व अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

### संत तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचनाकर सम्पूर्ण समाज को एक सूत्र में पिरोने का किया काम: डॉ. शिव भजन कमलेश

**सीतापुर।** संत तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचनाकर सम्पूर्ण समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। यह बात साहित्यकार डॉ. शिव भजन कमलेश ने कही। वह जनपद साहित्य सभा बिसवां द्वारा आयोजित तुलसी जंयती महोत्सव में कार्यक्रम अध्यक्ष के रुप में सम्बोधित कर रहे थे। सेठ जयदयाल इंटर कालेज सभागार में लखनऊ से पधारी साहित्यकार डॉ. शोभा दीक्षित ने कहा तुलसीदास ने रामनाम को जन-जन के हृदय में स्थान दिलाने का काम किया है। कवि कमलेश मौर्य मृदु, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश मिश्रा, संदीप मिश्र, वृंदारक नाथ मिश्र, डॉ. शिवभजन, रामदयाल, विजय रस्तोगी, कैलाशनाथ रस्तोगी, विष्णु कुमार अवस्थी सहित्य तमाम गणमान्य मौजूद रहे।

### अज्ञात शव बरामद

**लखीमपुर खीरी।** ओयल चौकी क्षेत्र अंतर्गत लखीमपुर सीतापुर फोरलेन पर रहमत मछली पालन के पास लखीमपुर के एल आर पी चौकी के ग्राम बाजपेई निवासी ब्रजेश कुमार पुत्र कल्लू राम के अर्धनिर्मित मकान के पास एक अज्ञात युवक का शव देखा गया। शव मिलने की सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे ओयल इंचार्ज ने शव की शिनाख्त करने के भरसक प्रयास किएए किंतु शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक लाल टी शर्ट व मेहरूम रंग का बरमूडा पहने हुए थाए शव पिछले एक सप्ताह पूर्व जा प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मुख्यालय भेज दिया। चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश सरोज ने बताया शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## पूर्व प्रधान की जेसीबी ने गिराई स्कूल की दीवार

**बरेली।** एक पूर्व ग्राम प्रधान की जेसीबी में प्राथमिक विद्यालय की दीवार को गिरा दिया जिसकी शिकायत आज स्कूल के प्रधानाचार्य ने थाने में दर्ज कराई ।सीबीगंज थाना क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय जोगीठेर की दीवार को एना गांव के पूर्व ग्राम प्रधान नरेश राजपूत उर्फ कल्लू की जेसीबी मशीन ने गिरा दिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य लाल बहादुर गंगवार ने बताया कि सोमवार को नरेश राजपूत की जेसीबी मशीन के चालक में उनके विद्यालय की दीवार में टक्कर मार दी उन्होंने पूर्व ग्राम प्रधान से इसकी शिकायत की लेकिन उसने की मरम्मत नहीं कराई जिसके चलते मंगलवार की सुबह हो रही बरसात के दौरान अचानक दीवार धराशाई हो गई कई बच्चे बाल-बाल बच गए घटना की जानकारी प्रधानाचार्य ने आला अधिकारियों को दी और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की ।

# जन सुनवाई दिवस में शिकायतें प्राप्त, मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण किया

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेस्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन सामान्य द्वारा जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रकाश बिन्दु नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन सुनवाई दिवस में 04 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 02 शिकायत का निस्तारण किया गया। संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही कराया जाये। समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते हैं, जिनका निस्तारण प्राथनिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन सुनवाई दिवस में सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।



# स्मैक तस्कर से दोस्ती निभाने पर इंस्पेक्टर समेत छह पुलिसकर्मी निलंबित

**बरेली।** कुख्यात स्मैक तस्कर शानू उर्फ सोनू कालिया से दोस्ती निभाने और रिश्वत लेने के आरोप में एसएसपी ने इंस्पेक्टर फतेहगंज पश्चिमी समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया स्मैक तस्कर के साथ पुलिस कर्मियों की व्हाट्सएप कॉल वायरल होने के बाद एसएसपी ने यह कार्रवाई की। मीरगंज में 2021 और फतेहगंज पश्चिमी में 2022 में सोनू कालिया के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था इंस्पेक्टर फतेहगंज पश्चिमी मनोज कुमार सिंह थाने के पुलिसकर्मी सोनू कालिया के संपर्क में रहते थे और उसे और रोजाना व्हाट्सएप पर बात करते थे लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं करते थे इसके अलावा कई थानों के पुलिस वाले सोनू कालिया की मुखबिरी करते थे एसएसपी ने इस पूरे मामले की जांच कराई और जांच रिपोर्ट आने के बाद सोमवार रात इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह, एसओजी में तैनात हेड कांस्टेबल अनिल कुमार प्रेमी, शेरगढ़ थाने के हेड कांस्टेबल बाबर, सीबीगंज में तैनात कांस्टेबल दिलदार, मुनव्वर आलम और हाफिजगंज में तैनात कांस्टेबल हर्ष चौधरी को सस्पेंड कर दिया, सोनू कालिया की ओर से क्रास एफआइआर भी दर्ज करवा दी थी। इंस्पेक्टर फतेहगंज पश्चिमी पर पशुओं से भरी गाड़ी को पकड़ने इसके बाद बगैर किसी अधिकारी को बताए छोड़ने का आरोप है मामला एसएसपी तक पहुंचा तो 10 जुलाई को पुलिस ने तीनों तस्करों को थाने बुलाया उन्हें मेडिकल के लिए भेज दिया बिना अधिकारियों बताए इंस्पेक्टर फतेहगंज पश्चिमी थाने में अपना अलग कानून चला रहे थे जिस पर एसएसपी ने उन्हें सस्पेंड कर उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू करवा दी। कंप्यूटर ऑपरेटर हरीश के रिश्वत लेते वीडियो वायरल हो गया इस वीडियो में हरीश के पास बैठा एक व्यक्ति कुर्ते की जेब से रुपये निकाल कर उन्हें दे रहा है इसका वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने संज्ञान लेते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर सिपाही हरीश को सस्पेंड कर दिया ।

# बारिश के कारण जलभराव की स्थिति को नगर आयुक्त ने देखा

**शाहजहांपुर।** अति वृष्टि के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में नगर आयुक्त ने भ्रमण कर जलभराव की स्थिति को देखा । नगर आयुक्त ने लोहा मंडी, लकड़ी मंडी का निरीक्षण कर क्षेत्र में भ्रमण के समय जहां-जहां गड्डे व क्षतिग्रस्त सड़क पाई गई, उसको तत्काल ठीक कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया । नगर आयुक्त ने घंटाघर, चौभुर्जी, अंटा चौराहा, केरूगंज, चमकनी एवं बहादुरपुरा में स्थित नालों का भी निरीक्षण कर अंटा चौराहे से अंजान चौकी रोड पर स्थित नाले के पास जनसुविधा के दृष्टिगत नाले के किनारे बेरिकेटिंग कराये जाने हेतु निर्देशित किया।



अंटा चौराहे के पास जल निगम ने सीवर लाइन हेतु खोदे गए गड्ढे के चारो ओर बेरिकेटिंग तथा कार्य उपरान्त गड्ढे को भी तत्काल लेवल कराये जाने हेतु जल निगम के अधिशासी अभियंता को केरूगंज से खिरनीबाग चौराहे तक क्षतिग्रस्त सड़क व जहां-जहां गड्डे हो, उनको भी ठीक कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया ।

अंटा चौराहा स्थित नालों में जल बहाव की स्थिति ठीक पाई गई। नगर आयुक्त के निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, मुख्य अभियंता सिविल एस.के. अम्बेडकर, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हिंद रक्षक, शिव महाशक्ति सेवा संस्था ने कांवड़ियो का किया स्वागत , बाटे फल

**बरेली।** हिंद रक्षक, शिव महाशक्ति सेवा संस्था, नाथ नगरी बरेली धाम संस्था के तत्वाधान में पावन सावन के सप्तम सोमवार के शुभ अवसर पर समशान भूमि मॉडल टाउन संजय नगर के ठीक सामने पेट्रोल पंप के निकट शिव भक्त कांवड़ियो की सेवा में शिव कावड़ सेवा शिविर में जलपान, फलाहार, विश्राम, आदि की सेवाऐ हुई। शिव भक्त काबड़ियो का स्वागत माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा से किया गया। संस्था के प्रधान अध्यक्ष प्रवीण जे भारद्वाज ने कहा कि शिव भक्त काबडियो की सेवा मात्र से असीम पुण्य की प्राप्ति होती है।डॉ. राकेश शर्मा ने शिव भक्त काबडियो का प्राथमिक उपचार बड़े प्रेम एवम सेवाभाव से किया। यह शिविर नगर का सबसे प्राचीन कावड़ शिविर 2009 से गत 15 वर्षो से उक्त स्थान एवं कार्यक्रम मे , श्याम पटेल, कुणाल जोशी, दिनेश जोशी, मनोज सैनी, मनीष ऑटो,रमन भोले, रोहित भोले, विकास पंडित, बिल्लू भाईसुदीप सैनी, लालू पटेल, नरेंद्र कुर्मी, दीप सिंह सोवती ग्रुप, राकेश भोले,आदि ने सेवा की।

### शिवसेना ने की सात नाथ मंदिरों की परिक्रमा की, किया जलाभिषेक

**बरेली।** सावन के सातवें सोमवार को शिवसेना के पदाधिकारियों ने शहर के सभी सातों नाथ मंदिरों की परिक्रमा की और मंदिरों में जलाभिषेक किया। परिक्रमा अलखनाथ मंदिर से प्रारंभ हुई। जोकि मढ़ीनाथ मंदिर , तपेश्वरनाथ मंदिर , धोपेश्वर नाथ मंदिर , पशुपति नाथ मंदिर , बनखंडी नाथ मंदिर , त्रिवटी नाथ मंदिर होते हुए पुन: अलखनाथ मंदिर पहुंची जहां जलाभिषेक यात्रा का समापन हुआ। सभी नाथ मंदिरों पर शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर शिव पूजन किया। जिला प्रमुख दीपक पाठक ने बताया की यह यात्रा परंपरागत है और पूर्व में भी इस तरह की यात्रा को निकाला गया है उसी के तहत आज सावन के सात में सोमवार को इस यात्रा का आयोजन किया गया था। जो सभी नाथ मंदिरों में जलाभिषेक के बाद अलखनाथ मंदिर पर समापन हुई। उन्होंने बताया कि यह यात्रा 2007 से लगातार निकाली जा रही है।

# जनवरी से अब तक 21398 जांचे, 1600 लोग पॉजिटिव

**● प्रत्येक माह टी बी खोजी अभियान चलाये**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला क्षय रोग फोरम की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एसपी गंगवार ने जिलाधिकारी को निश्चय पोर्टल के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निश्चय पोर्टल पर क्षय रोगियों से संबंधित समस्त सूचनाएं उपलब्ध रहती हैं। डॉ गंगवार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 1 जनवरी 2023 से अब तक कुल 21398 जांचे कराई गई जिनमें से लगभग 1600 लोग पॉजिटिव पाए गए। इन आंकड़ों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पॉजिटिव पाए गए लोगो का प्रतिशत बहुत कम है जो यहां परिलक्षित करता है कि आपके द्वारा जांच हेतु बनाया गया लक्षित समूह त्रुटिपूर्ण हैद्य जिलाधिकारी ने इसमें सुधार के निर्देश दिए



डीएम ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को जिले के दूरस्थ क्षेत्रों जैसे मिर्जापुर, कलां, खुटार तथा बंडा आदि में अपनी पहुंच बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इस संबंध में निर्देश दिया कि आशाओं से सर्वे कराकर सस्पेक्टेड लोगो की जाँच कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने टीबी मुक्त पंचायत के विषय में बताया तथा इसकी सराहना भी की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह टी बी खोजी अभियान चलाया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में प्रमुखता से टीमें भेजकर जांच कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने में एनजीओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि 0 से 6 वर्ष तक के रोगी बच्चों को अतिरिक्त पोषण देना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रोगियों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना चाहिए उन्होंने डॉक्टर गंगवार को निर्देशित किया कि वे टीबी मुक्ति सम्बंधित सभी कार्यों की मासिक रिपोर्ट उनके समक्ष हर महीने प्रस्तुत करें।

# कमिश्नर ने की उद्योग बंधु समिति बैठक की अध्यक्षता, दिये निर्देश

- बैठक में की रोजगार परक योजनाओं की समीक्षा
- ओडीओपी आवेदनों का निस्तारण कर ऋण स्वीकृत करने के दिए निर्देश



**संवाददाता।** बांदा

**आयुक्त** चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपी सिंह की अध्यक्षता में मयूर भवन सभागार में मण्डलीय/जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने निवेश मित्र पोर्टल पर जनपद हमीरपुर के एक प्रकरण लम्बित होने पर तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने शासन द्वारा संचालित रोजगार परक योजनायें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए ओडीओपी योजना के अन्तर्गत एक जनपद एक उत्पाद में शजर पत्थर के साथ कठिया गेंहू को प्रस्तावित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर एवं जिला उद्योग केन्द्र के प्रबन्धक को ओडीओपी के अवशेष आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराकर ऋण स्वीकृत कराये जाने के निर्देश दिये।

औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ के उद्यमियों को औद्योगिक क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के सम्बन्ध में जलनिगम को प्रस्ताव व इस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ के आस-पास असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु प्रतिदिन सायंकाल 5 से 8 बजे तक पुलिस द्वारा चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में रिक्त भूखण्डों का आवंटन ई ऑक्शन के माध्यम से कराये जाने हेतु यूपीसीडा मुख्यालय को पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित किया कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 एसएसएमई के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप जीबीसी के लिए ईकाइयों को तैयार करायें।

# क्रूरतापूर्वक भैंसों को दो डीसीएम में लादकर ले जाते चार को दबोचा



**संवाददाता।** चित्रकूट

**अपराधियों** के खिलाफ जारी कार्रवाई में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ राज कमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने चार लोगों के कब्जे से दो डीसीएम में 14 भैसों को क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाते गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि 21 अगस्त को बरगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग 14 भैसों को दो वाहनों में लादकर ले जा रहे हैं। दरोगा राजेश यादव की टीम ने अरवारी मोड से डीसीएम यूपी 71एटी/8619 व डीसीएम यूपी 71एटी/2057 में 14 भैसों को लादकर ले जाते पकडा। उसमें सवार आमिर कुरैशी पुत्र अब्दुल मजीद निवासी खीरी जिला प्रयागराज, वकील कुरैशी पुत्र अय्यूब कुरैशी निवासी सुकेती थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर, कय्यूम खान पुत्र अय्यूब कुरैशी निवासी सुकेती थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर व मो शेरू पुत्र मो सिकन्दर निवासी खीरी जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया।

इनके कब्जे से 14 भैसों को बरामद किया। दोनों डीसीएम थाने में सीज किये। टीम में दरोगा राजेश कुमार यादव, दीवान रमेशचन्द्र, सिपाही राहुल दीक्षित व सुधाकर सिंह शामिल रहे।

# भूमाफियाओं के खिलाफ करें प्रभावी कार्रवाईः जिलाधिकारी

- अवैध ड्रग कारोबार बंद कराने पर दिया विशेष जोर
- कालेजों में जाकर नशा मुक्ति के लिए छात्रों को जागरूक करने के दिए निर्देश



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की उपस्थिति में कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में देर रात संपन्न हुई । बैठक में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने त्योहारों के दृष्टिगत जहां-जहां भीड़ इकट्ठा होने की संभावना है वहां पर पार्किंग व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि से संबंधित व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित कराने साथ ही उन स्थानों का संबंधित थानों के माध्यम से पूर्व सर्वे कराकर संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने एंटी भूमाफिया के अंतर्गत भू माफियाओं पर सुसंगत धाराओं में प्रभावी कार्यवाही कराने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा जनपद में चल रहे अवैध लाउडस्पीकर को उतरवाने की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण की जाए इसके साथ ही थाना दिवस को और प्रभावी कैसे बनाया जाए इस पर भी उपस्थित क्षेत्राधिकारी व उप जिला अधिकारी के साथ विस्तृत चर्चा की गई गई।

तदोपरांत राष्ट्रीय समन्वय पोर्टल की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध ड्रग कारोबार को बंद कराए, शराब की बिक्री अधिकृत दुकानों के अलावा किसी अन्य स्थान पर न हो, अभियान चलाकर हाईवे पर चल रहे ढाबों की चेकिंग की जाए। सभी शराब की अधिकृत दुकानों पर कैमरे लगवाए जाये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि हर हफ्ते कालेजों में जाकर नशा मुक्ति के लिए छात्रों को जागरूक करें, जगह-जगह नुक्कड़ नाटक कराएं, प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को ड्रग से होने वाली हानियो के बारे में बताकर उन्हें ड्रग्स सेवन छोड़ने हेतु प्रेरित करें, साथ ही तहसील दिवस थाना दिवस पर भी नशा मुक्ति के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया जाए।

# चैयरमैन ने पीएम आवास योजना सहित शिकायतों का किया निस्तारण



**रूरा,** कानपुर देहात। नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता के नेतृत्व में मॅगलवार को नगर पॅचायत सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, पीएम स्वनिधि ऋण के अर्न्तगत स्वीकृत हो चुके लोन लाभार्थी के खाते पर न पहुॅचने पर चैयरमैन ने गंभीरता प्रदर्शित करते हुये सम्बन्धित बैंकों से जानकारी प्राप्त कर शीघ्र समस्या के निस्तारण का भरोसा दिलाया, जनसुनवाई में पीएम आवास सहित अन्य समस्याओं का चैयरमैन के नेतृत्व में मौके पर ही प्रभावी निस्तारण किया गया। पीएम स्वनिधि योजना के द्वितीय टर्म के लाभार्थी विष्णु, साधना सहित अन्य लोगों ने चैयरमैन को बताया कि उनका कई दिन पूर्व ही लोन स्वीकृत हो चुका है तथा लोन का डिस्बर्स भी फरवरी माह में प्रदर्शित हो रहा है परन्तु उनके खातों में लोन के पैसे अभी तक नहीं आये है। चैयरमैन ने सम्बन्धित बैंको से सम्पर्क कर समस्या के बावत गंभीरता से जानकारी प्राप्त की और फरियादियों को शीघ्र ही उनके खातों में पैसे पहुंचाये जाने के लिये कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में पीएम आवास से सम्बन्धित कई शिकायतें आयी जिनका मौके पर ही प्रभावी निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में बढ़े विद्युत बिलों सहित अन्य मामलों की भी शिकायतें आयी जिनका मौके पर ही चैयरमैन रामजी गुप्ता के नेतृत्व में निस्तारण किया गया।

# प्रख्यात कवियित्री डॉ. माया को मिला अमृत रत्न सम्मान



**उरई,** जालौन। बीते कई दशक से अपनी काव्य सृजन से देश और दुनिया में पहचान कायम करने वाली विख्यात कवियत्री डॉ.माया सिंह माया को मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित महादेवी वर्मा सभागार हिंदी भवन श्यामला हिल्स में हिंदी रचनाकार मंच द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव समारोह के दौरान अमृत रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राघवेंद्र ठाकुर और देश की जानी-मानी साहित्यिक हस्तियों की मौजूदगी में उन्हें इस सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ. माया सिंह को मिले इस सम्मान से एक बार फिर जनपद का साहित्यिक क्षितिज में नाम रोशन हुआ है। डॉ माया सिंह माया ने बीते कुछ दशकों के दौरान अपनी साहित्यिक उपलब्धियों के चलते साहित्य जगत में विशिष्ट पहचान बनाई है यही वजह रही कि उनको देश और विदेशों में भी साहित्यिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए अनेकों विशिष्ट सम्मान से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ।

# सदर विधायक ने स्टेडियम में रखी प्रकाशयुक्त क्रिकेट की आधारशिला

**संवाददाता।** चित्रकूट

**स्पोर्ट्स** स्टेडियम मंडल का पहला प्रकाश युक्त मैदान बन गया है। क्रिकेट खेलने को खिलाड़ियों की इच्छा को सपा सदर विधायक अनिल प्रधान ने स्टेडियम में प्रकाश युक्त क्रिकेट की आधारशिला रखी। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को तोहफा दिया है।

मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने अभी तक चित्रकूट धाम मंडल के किसी भी स्पोर्ट्स स्टेडियम में फ्लड लाइट की व्यवस्था न होने पर जिले में खिलाड़ियों को प्रकाश युक्त व्यवस्था में क्रिकेट खेलने का मौका दिया है। प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों की भांति जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सदर विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर



प्रकाश युक्त व्यवस्था की आधारशिला रखी।

विधायक के इस तोहफे से खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी खासे उत्साहित हैं। विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खिलाड़ियों ने कहा कि विधायक का तोहफा हमेशा याद रहेगा।

## पचास बंदियों को कौशल विकास का मिलेगा प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** जिला कारागार रगौली में पचास बंदियों को अगरबत्ती-धूपबत्ती बनाने को दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्घाटन अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने किया। मंगलवार को न्यायाधीश ने बंदियों को प्रशिक्षण में सहभागिता को प्रेरित किया। बंदियों को जेल से छूटने के बाद स्वरोजगार को कार्यक्रमों को सहायक बताया। जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने कहा कि जेल अब प्रताड़ना गृह न होकर सुधार गृह के रूप में जाने जाते हैं। ये प्रशिक्षण बंदियों की मनोदशा में बदलाव लाकर सही मार्ग पर चलने का वैकल्पिक रास्ता है। कारागार में इन दिनों 70 बंदियों को कौशल विकास मिशन के तहत मोटर बाइंडिंग और कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### हवन में चंद्रयान-3 की सफलता के लिए की प्रार्थना

**फतेहपुर।** चंद्रयान-3 कल चंद्रमा की सतह पर लैंड करेगा। इसको लेकर देश भर में पूजा-अर्चना और हवन किया जा रहा है। शहर में भी चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने मंगलवार को शहर के बांके बिहारी मंदिर में हवन का आयोजन किया। हवन पूजन के जरिए चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की मनोकामना की गई। बता दें कि चंद्रयान-3 को लेकर देशभर में लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं। साथ ही साथ लोग भगवान से कामना कर रहे हैं कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग सफल हो जिससे भारत का तिरंगा एक बार फिर पूरे विश्व में लहराए।

### मासूम छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**हमीरपुर।** घर के बाहर खेल रही कक्षा एक की मासूम छात्रा को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले युवक के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने आरोपित को बीस वर्ष का कठोर कारावास व तीस हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट रुद्रप्रताप सिंह ने इस बाबत जानकारी दी।

### दारोगा द्वारा खर्चा मांगने का आडियो वायरल

**मौदहा, हमीरपुर।** पुलिस विभाग के दरोगा ने एक ग्रामीण से एक हजार रुपये अदालत में दस्तावेज जमा करने का खर्चा मांगने का ऑडियो इन दोनों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है जिसकी जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी कर रहे हैं। विवांर थाना के उप निरीक्षक ओम प्रकाश वर्मा पर सायर ग्राम प्रधान प्रदीप विश्वकर्मा ने आरोप लगाते हुए जिले उच्चाधिकारियों को शिकायत कर सोशल मीडिया में रिकॉर्डिंग का ऑडियो वायरल की पुष्टि की है।ऑडियो में साफ तौर पर सुना जा सकता है कि एक व्यक्ति से एक हजार रुपए न्यायालय में दस्तावेज जमा करने के नाम पर पैसे की मांग कर रहा है जबकि इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जिस पर ऑडियो वायरल व रुपए मांगने संबंधी जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में नवोदय विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति/ विद्यालय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी सहित सभी सम्मानित सदस्यों के विद्यालय आगमन पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी सहित सभी सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । कला शिक्षिका अंजुलि के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत एवं संगीत अध्यापक श्याम मिश्रा के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना ने सबका मन मोह लिया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा सत्र 2022-23 के सी.बी.एस.ई. परीक्षा में 90 एवं उससे अधिक अंक प्रतिशत लाने वाले कक्षा दस के 17 एवं कक्षा बारह के 9 मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

### एबीवीपी की स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हुई गोष्ठी

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले स्वावलंबी भारत अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भारत को स्वावलंबी बनाने में युवाओं की भूमिका के बारे में परिचर्चा की गई। मुख्य अतिथि उद्योग के सहायक उच्चायुक्त प्रबल प्रताप ने कहा कि युवाओं को नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनना चाहिए। जिससे वह राष्ट्र के विकास में सहायक बन सकें। पूर्व संगठन मंत्री रवि शुक्ला ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ अपना ध्यान रोजगार सृजन की ओर भी ले जाना चाहिए।

# भाकियू ने विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगा आयोजित की पंचायत

**संवाददाता।** चौडगरा, फतेहपुर



**विद्युत** विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू (अ) द्वारा आज चौडगरा पावर हाउस में पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में नौजवान, किसान, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान मंच से 13 सूत्रीय मांगों को लेकर दिनभर किसान डटे रहे। जेई मुकेश कुमार गौतम, लाइन मैन रामशंकर पर आरोप लगाते हुए किसान संगठन के पदाधिकारियों ने मुखर होकर आवाज उठाई। बताया कि जेई मुकेश द्वारा बिना एस्टीमेट के कागजात डिवीजन में जमा किए बगैर ही कई उपभोक्ताओं की बिजली चालू कर कनेक्शन कर दिया गया। दूसरी ओर बिना स्टीमेट परमीशन के ही विद्युत लाइन की जगह व स्थान को बदलने के साथ पांडु नदी बक्सर रोड तिराहे में लगे 25 केवी के ट्रांसफार्मर बदलकर दस केवी एवं खदरा गांव के बाजार में दस केवी का लगा ट्रांसफार्मर गायब कर दिया गया।

## आशियाने के लिए ठोकरें खाने को विवश है नेत्रहीन महिला

**उरई,** जालौन। सरकार भवनहीन लोगों को आशियाना दिलाने की दिशा में सक्रियता बनाए हुए हैं तो वही कुछ लोग ऐसे हैं जो जरूरतमंदों को इस सुविधा का लाभ दिलाए जाने में रोड़ा साबित हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला उस वक्त संज्ञान में आया जब एक नेत्रहीन महिला और उसके पति ने ग्राम प्रधान पर आवास दिलाए जाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। डीएम को दिए शिकायती पत्र में दंपति ने साथ तौर पर कहा कि उनका ग्राम प्रधान द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है आवास सूची में उनका नाम आने के बाद भी वह आवास से वंचित है। मंगलवार को डीएम को दिए शिकायती पत्र में इंदिरा देवी पत्नी रामचरण ग्राम कोड़ा किर्राही ब्लाक महेवा ने शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा उनका उत्पीड़न किया जा रहा है।

# कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंः मंत्री



**कालपी,** जालौन। मंगलवार को प्रदेश के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर का ओबीसी संघ के संयोजक एड. दीप चंद्र सैनी वरिष्ठ पत्रकार के नेतृत्व में दर्जनो साथियो ने नगर विकास मंत्री राकेश राठौर का यमुना पुल पर जोर दार स्वागत किया और शहर में विकास की मांग की इस मौके पर शहरी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर राज्य मंत्री ने प्रकाश डालते हुए शासन की उपलब्धियां बताई।

# पेज एक का शेष

## इतिहास रचने...

को अंतिम डीबूस्टिंग के बाद एलएम चंद्रमा की कक्षा में थोड़ा और नीचे पहुंच गया है। इसरो ने कहा है कि मॉड्यूल को आंतरिक जांच से गुजरना होगा और निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करना होगा। उसने कहा कि चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट-लैंडिंग करने के लिए प्रक्रिया बुधवार शाम लगभग 5:45 बजे शुरू होने की उम्मीद है। निर्धारित लैंडिंग से एक दिन पहले, इसरो ने मंगलवार को कहा, मिशन तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रहा है। प्रणालियों की नियमित जांच की जा रही है। सुचारू संचालन जारी है। अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने कहा कि यहां इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) स्थित मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स) में उत्साह का माहौल है। इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के निदेशक नीलेश देसाई ने कहा, 23 अगस्त को लैंडर मॉड्यूल के तकनीकी मानक असामान्य पाए जाने की स्थिति में इसकी लैंडिंग 27 अगस्त तक के लिए टाली जा सकती है। इसरो ने 19 अगस्त को चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा (एलपीडीसी) और 20 अगस्त को लैंडर इमेजर कैमरा 4 द्वारा ली गई चंद्रमा की तस्वीरें भी मंगलवार को जारी कीं। सॉफ्ट-लैंडिंग की महत्वपूर्ण प्रक्रिया को इसरो अधिकारियों सहित कई लोगों ने 17 मिनट का खौफ करार दिया है। लैंडिंग की पूरी प्रक्रिया स्वायत्त होगी, जिसके तहत लैंडर को अपने इंजन को सही समय और उचित ऊंचाई पर चालू करना होगा, उसे सही मात्रा में ईंधन का उपयोग करना होगा और अंततः नीचे उतरने से पहले यह पता लगाना होगा कि किसी प्रकार की बाधा या पहाड़ी क्षेत्र या गड्ढा नहीं हो। सभी मापदंडों की जांच करने और लैंडिंग का निर्णय लेने के बाद इसरो बेंगलुरु के निकट बयालालू में अपने भारतीय गहन अंतरिक्ष नेटवर्क (आईडीएसएन) से निर्धारित समय पर लैंडिंग से कुछ घंटे पहले सभी आवश्यक कमांड एलएम पर अपलोड करेगा। इसरो के अधिकारियों के अनुसार, लैंडिंग के लिए, लगभग 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर लैंडर पावर ब्रेकिंग चरण में प्रवेश करता है और गति को धीरे-धीरे कम करके, चंद्रमा की सतह तक पहुंचने के लिए अपने चार थ्रस्टर इंजन को 'रेट्रो फायर' करके उपयोग करना शुरू करता है। अधिकरियों के अनुसार इससे यह सुनिश्चित होता है कि लैंडर दुर्घटनाग्रस्त न हो, क्योंकि इसमें चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण भी काम करता है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि लगभग 6.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचने पर, केवल दो इंजन का उपयोग किया जाएगा, अन्य दो को बंद कर दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य लैंडर को रिवर्स थ्रस्ट देना होता है, लगभग 150-100 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचने पर लैंडर अपने सेंसर और कैमरों का उपयोग करके सतह को स्कैन करेगा ताकि यह जांचा जा सके कि कोई बाधा तो नहीं है और फिर वह सॉफ्ट-लैंडिंग करने के लिए नीचे उतरना शुरू करेगा। चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल और प्रणोदन मॉड्यूल 14 जुलाई को मिशन की शुरुआत होने के 35 दिन बाद सफलतापूर्वक अलग हो गए थे। सॉफ्ट-लैंडिंग के बाद, रोवर अपने एक साइड पैनल का उपयोग करके, लैंडर से बाहर निकलकर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। वहां के परिवेश का अध्ययन करने के लिए लैंडर और रोवर का मिशन जीवन एक चंद्र दिवस (लगभग 14 पृथ्वी दिवस) का होगा।

## इसरो के...

मिशन की ऑर्बिटर के साथ संपर्क स्थापित किया तो इसरो के सोशल मीडिया पर डाली गईं पोस्ट ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर द्वारा चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल के स्वागत करने के रूप में वेलकम बडी लिखा गया। इसके साथ एक पोस्ट में लिखा गया कि दोनों के बीच संवाद स्थापित हो गया है। इसे एक्स पर 34 लाख से अधिक लोगों ने पढ़ा। इससे पहले 17 अगस्त को जब लैंडर मॉड्यूल सफलतापूर्वक अपने प्रणोदन मॉड्यूल से अलग हुआ था तब इसरो ने एक्स पर लिखा, थैंक्स फॉर द राइड, मेट। इसके साथ हाथ हिलाने का एक इमोजी भी था। इसरो चंद्रयान-3 की यात्रा के बारे में लोगों को जानकारी देने वाले पोस्ट लगातार डाल रहा है।

## छात्रों को...

होगा। चंद्रयान-3 की लैंडिंग एक यादगार पल है, जो न केवल जिज्ञासा को बढ़ावा देगी बल्कि हमारे युवाओं के मन में नवाचार के लिए एक जुनून भी पैदा करेगी। यूजीसी ने कहा है कि इसका सीधा प्रसारण 23 अगस्त को शाम 5 बजकर 27 मिनट से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वेबसाइट सहित कई प्लेटफार्मो पर उपलब्ध होगा। आयोग ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया जाता है कि वे इस दिन शाम 5 बजकर 30 मिनट से 6 बजकर 30 मिनट तक विशेष आयोजन करें और छात्रों एवं शिक्षकों को इसमें सक्रिया हिस्सेदारी एवं लाइव स्ट्रीमिंग देखने के लिए प्रेरित करें।

## पूरे विश्व...

हैं। वर्ष 2020 के समय से कोविड-19 महामारी के कारण ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन ऑनलाइन हो रहा था। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह 15वें ब्रिक्स शिखर-सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं के साथ चर्चा और बैठकों को लेकर आशान्वित हैं। दक्षिण अफ्रीका की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे मोदी का दक्षिण अफ्रीका के उप- राष्ट्रपति पाउल माशातिले ने वाटरक्लूफ एयर फोर्स बेस पर स्वागत किया जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दो महिलाओं ने 30 अगस्त को आने वाले रक्षा बंधन से पहले मोदी की कलाई पर राखी भी बांधी। मोदी ने विशाल स्वामीनारायण मंदिर के एक मॉडल को भी देखा जो 2017 से निर्माणाधीन है और जिसके अगले साल पूरा होने की उम्मीद है। जोहानिसबर्ग के उत्तर में नॉर्थ राइडिंग का नया मंदिर केन्या के नैरोबी में स्थित ऐसे एक मंदिर के समान होगा, जो पूरी तरह से पत्थर से बना है। इसमें कक्षाएं और एक क्लिनिक भी शामिल होगा। प्रिटोरिया हिंदू सेवा समाज के कार्यकर्ताओं और बीएपीएस स्वामीनारायण संस्थान की स्थानीय इकाई सहित भारतीय समुदाय के सदस्यों ने बड़ी संख्या में, प्रधानमंत्री मोदी की आगवानी की। प्रधानमंत्री मोदी 25 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका से यूनान के लिए प्रस्थान करेंगे। वह अपने यूनानी समकक्ष किरियाकोस मित्सोताकिस के निमंत्रण पर वहां जाएंगे। यह उनकी पहली यूनान यात्रा होगी। उन्होंने कहा, मुझे 40 वर्षों के बाद यूनान की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होने का सम्मान मिला है।

## राजस्थान में...

की चुनाव प्रबंधन और घोषणापत्र समितियों की बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए जयपुर में हैं, जिनकी घोषणा पिछले सप्ताह की गई थी। मेघवाल जहां घोषणापत्र समिति के प्रमुख हैं, वहीं पूर्व सांसद नारायण पंचारिया भाजपा की 21 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक हैं। राजे के विश्वासपात्र नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ को भी दो प्रमुख समितियों से बाहर रखा गया है।

## तहव्वुर राणा...

न्यायविद अलग-अलग निष्कर्ष निकाल सकते हैं। राणा की स्थिति निश्चित रूप से विचारणीय है और अपील पर सुनवाई में इसे सही पाया जा सकता है। न्यायाधीश ने लिखा, भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध का अनुपालन मूल्यवान है, लेकिन राणा के प्रत्यर्पण की कार्यवाही तीन साल से अधिक समय से जारी है, जिससे पता चलता है कि इस प्रक्रिया में अब तक कोई जल्दबाजी नहीं की गई है। यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द नाइन्थ सर्किट ने राणा से 10 अक्टूबर से पहले अपनी दलीलें पेश करने को कहा है और अमेरिका सरकार को आठ नवंबर तक दलीलें रखने को कहा है। न्यायाधीश फिशर ने लिखा कि राणा की दलील है कि अगर उसके प्रत्यर्पण पर रोक नहीं लगाई गई तो उसे गंभीर क्षति पहुंच सकती है। इससे पहले अमेरिकी वकील जॉन जे. लुलेजियान ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के समक्ष अपील की कि प्रत्यर्पण के लिए लंबित याचिका पर रोक को लेकर राणा के एक पक्षीय आवेदन को मंजूर नहीं किया जाए। उन्होंने दलील दी कि प्रत्यर्पण पर रोक से भारत के प्रति अमेरिका के दायित्व को पूरा करने में अकारण देरी होगी और इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी साख को क्षति पहुंचेगी तथा अमेरिका के भगोड़ों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए अन्य देशों का सहयोग प्राप्त करने की इसकी क्षमता धूमिल होगी। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा मुंबई में किए गए 26/11 आतंकवादी हमला मामले में भारत का राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) राणा की भूमिका की जांच कर रहा है। मुंबई में 2008 में हुए इस आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकियों सहित कुल 166 लोग मारे गए थे, जिसमें 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 60 घंटे से अधिक समय तक मुंबई के प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण स्थानों पर घेराबंदी की थी, हमला किया था और लोगों की हत्या की थी।

## अमरनाथ यात्रा...

संख्या में कमी के कारण और दक्षिण कश्मीर में भगवान शिव के गुफा मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग के मरम्मत कार्य को देखते हुए 23 अगस्त से अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। हालांकि, प्रशासन ने कहा था कि 'छड़ी मुबारक' (भगवान शिव की पवित्र गदा) पारंपरिक पहलगाम मार्ग से आगे बढ़ेगी और 31 अगस्त को निर्धारित यात्रा का समापन होगा।

## सोशल मीडिया...

जिसमें दिल्ली पुलिस को टीवीएफ, शो के निर्देशक सिमरप्रीत सिंह और अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा गया था।

## मतदाताओं को...

मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के मकसद से विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों को अपने नेशनल आइकन के रूप में नामित करता रहा है। पिछले साल आयोग ने अभिनेता पंकज त्रिपाठी को नेशनल आइकन के रूप में मान्यता दी थी। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान एमएस धोनी, आमिर खान और मैरी कॉम जैसे दिग्गज चुनाव आयोग के नेशनल आइकन थे।

## भारत का...

कि इससे देश में वाहन सुरक्षा मानकों को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। रेटिंग प्रणाली से ग्राहकों को खरीदारी के वक्त सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि वह पहले चरण में इस कार्यक्रम के तहत परीक्षण के लिए कम से कम तीन मॉडल पेश करेगी। दूसरी ओर हुंदै मोटर इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रेनो जैसी बाकी कंपनियों ने भी कार्यक्रम का पूरा समर्थन किया। मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने एक बयान में कहा, भारत में पेश होने वाली सभी कारें सरकार के अनिवार्य सुरक्षा मानकों का पालन करती हैं और इसलिए सुरक्षित है। अतिरिक्त सुरक्षा चाहने वाले उपभोक्ताओं या अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं की पेशकश करने वाले विनिर्माताओं के लिए भारत एनसीएपी (बीएनसीएपी) प्रणाली एक प्रामाणिक रेटिंग प्रणाली है। इसकी मदद से ग्राहक बेहतर जानकारी के साथ उपलब्ध विकल्पों में चुनाव कर सकेंगे।

# थाईलैंड के पूर्व पीएम शिनवात्रा को आठ साल की कैद

भाषा। बैंकॉक



**वर्षों के** स्व-निर्वासन के बाद मंगलवार को स्वदेश लौटे थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा को आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई। पूर्व नेता उसी दिन स्वदेश लौटे, जब उनकी पार्टी नई सरकार के गठन के लिए संसद में अहम मतदान का सामना कर रही है। थाकसिन ने कहा कि स्वदेश वापसी के उनके फैसले का संसद में प्रधानमंत्री पद के वास्ते फ्यू थाई पार्टी के उम्मीदवार के लिए होने वाले संभावित मतदान से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि स्वदेश लौटने का थाकसिन का कदम सत्ता हासिल करने की उनकी पार्टी की कोशिशों का हिस्सा है और 74 वर्षीय अरबपति नेता की देश वापसी को आसान बनाने के लिए उनकी पार्टी ने सेना समर्थक पार्टियों के साथ समझौता किया है। थाकसिन सिंगापुर से अपने निजी जेट विमान से थाईलैंड के लिए रवाना हुए और स्थानीय समयानुसार सुबह करीब नौ बजे डॉन म्युआंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। थाईलैंड के प्रसारकों ने हवाई अड्डा पर अपनी बेटी और फ्यू थाई की अहम सदस्य पाएतोंगतार्न शिनवात्रा के साथ निजी जेट विमान से उतरते थाकसिन की तस्वीरें प्रसारित कीं। थाकसिन के समर्थकों ने हवाई अड्डा पर उनका स्वागत किया। हवाई अड्डा से निकलने के बाद थाकसिन ने टर्मिनल के द्वार पर लगी थाईलैंड के राजा और रानी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित की और उन्हें नमन किया। उन्होंने समर्थकों और टर्मिनल के बाहर खड़े मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया, लेकिन उनसे कोई बात नहीं की। थाकसिन के थाईलैंड पहुंचने के घंटों पहले ही उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डा पर समर्थकों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इस दौरान फ्यू थाई पार्टी के अहम नेता भी वहां मौजूद थे। अरबपति नेता थाकसिन (74) ने लोकलुभावन नीतियों को बढ़ावा दिया और अपनी थाई रक थाई पार्टी को मजबूत स्थिति में ले आए। वह 2001 में पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए। इसके बाद 2005 में एक बार फिर इस पद पर काबिज हुए।

## कारोबारी श्रेथा थाविसिन ने थाईलैंड का 30वां प्रधानमंत्री बनने के लिए संसद में वोट हासिल कर लिए

**बैंकॉक।** स्व-निर्वासन से पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा के लौटने के बाद, थाईलैंड की फ्यू थाई पार्टी के श्रेथा थाविसिन ने देश का प्रधानमंत्री नियुक्त होने के लिए संसद में मंगलवार को पर्याप्त वोट हासिल कर लिए। देश के 30वें प्रधानमंत्री के लिए संसद में उपस्थित 727 सदस्यों में से 482 ने रियल एस्टेट कारोबारी श्रेथा (61) के पक्ष में मतदान किया। इसके साथ ही, मई में हुए चुनावों के बाद से जारी गतिरोध, कानूनी टकराव और सांसदों की खरीद-फरोख्त समाप्त हो गई है। मतदान पूरा नहीं हो सका, लेकिन श्रेथा को जीत के लिए पर्याप्त वोट हासिल हो गए हैं। सदन में किसी के गिर जाने के बाद मतदान रोकना पड़ गया। तब, करीब 20 वोट डाले जाने शेष थे। स्वदेश लौटने पर थाकिसन के आठ साल जेल की सजा शुरू करने के कुछ घंटों बाद यह घटनाक्रम हुआ। उनके सैकड़ों समर्थक सुबह में हवाई अड्डे पर एकत्र थे। हवाई अड्डे पर उन्होंने थाईलैंड नरेश और रानी की एक तस्वीर को नमन तथा माल्यार्पण किया। लेकिन उन्होंने टर्मिनल के बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों से बात नहीं की।

# चुनाव परिणाम पलटने के प्रयास से जुड़े आरोपों को लेकर बृहस्पतिवार को आत्मसमर्पण करूंगा : ट्रंप

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह 2020 में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जॉर्जिया में चुनावी हार को पलटने की अवैध कोशिशों के आरोपों से जुड़े मामले में बृहस्पतिवार को राज्य प्राधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करेंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर सोमवार रात लिखा, क्या आप भरोसा कर सकते हैं? मैं गिरफ्तारी के लिए बृहस्पतिवार को जॉर्जिया के अटलांटा जाऊंगा। ट्रंप की इस घोषणा से कुछ ही घंटे पहले उनके वकीलों ने अटलांटा में अभियोजकों से मुलाकात कर उनकी रिहाई के लिए जमानत के विवरण पर चर्चा की थी। फुल्टन काउंटी के जिला अटॉर्नी फानी विलिस, ट्रंप के बचाव पक्ष के वकीलों और न्यायाधीश ने जमानत संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके अनुसार पूर्व राष्ट्रपति मामले के सह-प्रतिवादियों, गवाहों या पीड़ितों को सोशल मीडिया समेत किसी भी माध्यम से डरा-धमका नहीं सकते।

## अमेरिका की शीर्ष शैक्षिक, सांस्कृतिक दूत भारत की यात्रा करेंगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की शीर्ष शैक्षिक और सांस्कृतिक दूत ली सैटरफील्ड जी20 संस्कृति मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने और द्विपक्षीय मुद्दों पर अपने भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत करने के लिए इस सप्ताह भारत की यात्रा करेंगी। शैक्षिक और सांस्कृतिक मामलों की सहायक विदेश मंत्री सैटरफील्ड 22 से 27 जून तक भारत में होंगी। उनकी यह यात्रा भारत में सितंबर में प्रस्तावित जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है। भारत में सैटरफील्ड नई दिल्ली और वाराणसी का दौरा करेंगी। वाराणसी में वह शनिवार 26 अगस्त को जी20 संस्कृति मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करेंगी। वह जी20 के सदस्य देशों और यूनेस्को सहित सभी भागीदारों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगी। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान जारी कर कहा, सैटरफील्ड की भागीदारी मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से संस्कृति की रक्षा, संरक्षण और प्रचार को बढ़ावा देने की अमेरिका की मजबूत प्रतिबद्धता और जी20 संस्कृति कार्य समूह के लिए वाशिंगटन के समर्थन को रेखांकित करती है।

## क्विक न्यूज

### आजादी के आंदोलन से जुड़ा लंदन का ऐतिहासिक इंडिया क्लब बंद होगा

**लंदन।** आजादी के आंदोलन के दौरान वीके कृष्ण मेनन सहित कई अन्य राष्ट्रवादियों के लिए बैठक के अड्डे के रूप में काम करने वाला लंदन का ऐतिहासिक इंडिया क्लब बंद किए जाने के खिलाफ जारी कानूनी लड़ाई हार गया है, जिसके चलते उस पर अगले महीने ताला लटक जाएगा। लंदन में स्ट्रैंड मार्ग के बीचोंबीच स्थित इंडिया क्लब के प्रोपराइटर ने कुछ साल पहले इस ऐतिहासिक बैठकस्थल और भोजनालय को हटाए जाने के खिलाफ लड़ाई जीत ली थी, लेकिन अब इमारत के मालिकों ने इसकी जगह एक आलीशान होटल बनाने के वास्ते उन्हें नोटिस भेजा है। प्रोपराइटर यादगार मार्कर और उनकी बेटी फिरोज़ा ने क्लब का अस्तित्व बचाए रखने के अपने संघर्ष के तहत सेव इंडिया क्लब मुहिम शुरू की थी। हालांकि, इमारत के मालिकों से नोटिस मिलने के बाद उन्होंने क्लब को बंद करने की घोषणा की है। यादगार और फिरोज़ा ने कहा, हम बहुत दुखी मन से इंडिया क्लब को बंद करने की घोषणा करते हैं। इसे 17 सितंबर को आखिरी बार आम लोगों के लिए खोला जाएगा। इंडिया क्लब की जड़ें इंडिया लीग से जुड़ी हुई हैं, जिसने ब्रिटिश हुकूमत से भारत की आजादी के लिए ब्रिटेन में अभियान चलाया। क्लब के संस्थापक सदस्यों में कृष्ण मेनन भी शामिल थे, जो आगे चलकर ब्रिटेन में भारत के पहले उच्चायुक्त बने थे। स्ट्रैंड मार्ग पर 1946 में एक भारतीय रेस्तरां के रूप में स्थापित इंडिया क्लब 26 कमरों वाले स्ट्रैंड कॉन्टिनेंटल होटल की पहली मंजिल पर स्थित है।

### पाकिस्तानी रेंजर्स ने छह तस्करों को पकड़ाः सेना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रेंजर्स ने 29 जुलाई से तीन अगस्त के बीच देश में मादक पदार्थ, हथियार और गोलाबारूद की तस्करी की कोशिश करने के आरोप में छह भारतीयों को हिरासत में लिया है। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा अंतर सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने एक बयान में बताया, भारत के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात पाकिस्तान रेंजर्स के कर्मियों ने 29 जुलाई से तीन अगस्त तक पाकिस्तानी क्षेत्र के अंदर से छह भारतीय नागरिकों को पकड़ा है। पाकिस्तानी सेना के दावे पर भारतीय अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। आईएसपीआर ने बयान में कहा कि पकड़े गए लोग तस्कर और अपराधी है और पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें जब पकड़ा तब वे पाकिस्तान में मादक पदार्थ, हथियार और गोलाबारूद की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे। रेंजर्स अर्धसैनिक बल है जो भारत के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात रहते है। बयान में कहा गया है, अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश करने और नापाक गतिविधियों में शामिल होने के लिए इन भारतीय तस्करों से मुल्क के कानून के मुताबिक निपटा जाएगा।

### पाकिस्तान ने एक व्यक्ति की मौत को लेकर भारतीय उच्चायोग प्रभारी को तलब किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर कथित तौर पर की गई गोलीबारी में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत पर अपना विरोध जताने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के प्रभारी को तलब किया। पाकिस्तान ने सोमवार को दावा किया किया था कोटली जिले के निकियाल सेक्टर में नियत्रंण रेखा (एलओसी) पार से की गई बिना उकसावे की गोलीबारी में ओली गांव के घियास नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कहा, नियंत्रण रेखा पर शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की जरूरत पर बल दिया गया और रेखांकित किया गया कि इस तरह का कृत्य 2003 के संघर्ष विराम सहमति का स्पष्ट उल्लंघन है जिसे फरवरी 2021 में भी दोहराया गया था। पाकिस्तान के विदेश से भारतीय पक्ष से मामले की जांच का अनुरोध किया गया।

### भारतीय अमेरिकी ने नियोक्ता से 27 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के गबन का जुर्म कबूला

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय अमेरिकी ऑडिटर ने अपने रियल इस्टेट नियोक्ता की 27 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन का आरोप स्वीकार कर लिया है। वरुण अग्रवाल (41) इससे पूर्व कैलिफोर्निया में एक वाणिज्यिक रियल इस्टेट एजेंसी में कार्यकारी था। उसने धोखाधड़ी के आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। न्याय विभाग ने बताया कि आरोपी ने अपने परिवार और दोस्तों द्वारा नियंत्रित कंपनियों के लिए फर्जी चालान जमा किए, जिनकी सेवाएं कभी नही ली गईं।

### चीन में खदान में विस्फोट होने से 11 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन में कोयला खदान में विस्फोट होने से 11 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार को शानशी प्रांत के यानान शहर के बाहरी इलाके में हुई। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने सोशल मीडिया पर बताया कि विस्फोट के समय खदान में कुल 90 खनिक थे। यह फरवरी के बाद से इस तरह की सबसे घातक घटना है।

### उत्तर कोरिया का विमान बीजिंग से रवाना

**बीजिंग।** उत्तर कोरिया की एक वाणिज्यिक उड़ान चीन की राजधानी से रवाना हुई है। इससे संकेत मिलता है कि प्योंगयांग कोविड-19 के कारण लगाए गए कठोर प्रतिबंधों के तीन वर्ष बाद अपनी सीमाएं खोल रहा है। रूस निर्मित एयर कोरयो तुपेलेव टू-204 विमान मंगलवार सुबह चीन की राजधानी में कथित रूप से उतरा और स्थानीय समय डेढ़ बजे के बाद यह यहां से रवाना हुआ।

### संघर्ष में 200 से अधिक फलस्तीनी व लगभग 30 इजराइली मारे गए : संरा

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल और फलस्तीन के बीच संघर्ष में इस साल अब तक 200 से ज्यादा फलस्तीनी और लगभग 30 इजराइली मारे जा चुके है, जो वर्ष 2005 के बाद से सर्वाधिक है। संयुक्त राष्ट्र के मध्य-पूर्व के राजदूत टॉर वेनेसलैंड ने यह जानकारी दी। वेनेसलैंड ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि स्वतंत्र राष्ट्र की फलस्तीनियों की मांग के बीच भविष्य को लेकर बढ़ती हताशा से हिंसा में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा, संघर्ष का सबब बने मुख्य मुद्दों को संबोधित करने वाला राजनीतिक दृष्टिकोण कायम करने की दिशा में प्रगति की कमी ने एक खतरनाक और अस्थिर स्थिति पैदा की है, जिसमें चारों तरफ चरमपंथियों को जगह मिली है।

### रिहाना दूसरी बार बनी मां, बेटे को दिया जन्म

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** पॉप स्टार रिहाना और उनके प्रेमी एवं रैपर एसैप रॉकी एक बार फिर माता-पिता बन गए है। उनके घर बेटे ने जन्म लिया है। पत्रिका पीपुल के अनुसार, रिहाना ने तीन अगस्त को बेटे को जन्म दिया। गायिका ने फरवरी में एक कार्यक्रम के दौरान गर्भवती होने की जानकारी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की थी। रिहाना और एसैप 2022 में पहली बार माता-पिता बने थे। उनके बड़े बेटे का नाम आरजेडए एथेलस्टन मेयर्स है। एसैप का असली नाम रकीम एथेलस्टन मेयर्स है।

### टीटीपी आतंकवादियों का सुरक्षा बलों के काफिले पर हमला, छह सैनिकों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन टीटीपी द्वारा सुरक्षा बलों के एक काफिले पर किए गए हमले में कम से कम 10 सैनिकों की मौत हो गई जबकि जवाबी कार्वाई मे चार आतंकवादी भी मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया विंग इंटर-स्टेट पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि हमला अफगानिस्तान की सीमा से लगे दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले के अस्मान मांजा इलाके मे हुआ ।

### आग से 18 लोगों के शव मिले : यूनानी अधिकारी

**एलेक्जेंड्रोपोलिस (यूनान)।** यूनानी अग्निशमन कर्मियों को पूर्वोत्तर यूनान के एक इलाके में 18 लोगों के शव मिले है। यह इलाका बीते कई दिनों से जंगल में लगी भीषण आग से जूझ रहा है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यूनानी पुलिस ने शवों की पहचान करने के लिए देश के आपदा पीड़ित पहचान दल को सक्रिय कर दिया है।

# ब्रिक्स की शिखर बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शामिल होंगे पुतिन

भाषा। जोहानिसबर्ग



**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स की मंगलवार से दक्षिण अफ्रीका में शुरू हो रही तीन दिवसीय शिखर बैठक में प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लेंगे। वह वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस सम्मेलन में शामिल होंगे। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का यह समूह अपने शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में कोविड-19 महामारी के बाद से अपनी पहली बैठक कर रहा है। हालांकि, पुतिन दक्षिण अफ्रीका की अपनी यात्रा से समस्या पैदा हो सकने के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इसमें भाग लेंगे, क्योंकि यूक्रेन से बच्चों के अपहरण के मामले में मार्च में अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा बैठक में उपस्थित होंगे। विश्व की 40 प्रतिशत आबादी ब्रिक्स देशों में रहती है और समूह के सदस्य देश 30 प्रतिशत वैश्विक आर्थिक उत्पादन के लिए जिम्मेदार हैं। यह समूह अपना विस्तार करने पर विचार कर रहा है। जोहानिसबर्ग के वित्तीय जिले सैंडटन में बुधवार की मुख्य शिखर बैठक के एजेंडा में यह शीर्ष पर होगा। दक्षिण अफ्रीकी अधिकारियों के मुताबिक, 20 से अधिक देशों ने समूह में शामिल होने के लिए आवेदन किया है, जिनमें सऊदी अरब, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। सऊदी के विदेश मंत्री शहजादा फैसल बिन फरहान और ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी भी सम्मेलन में शामिल होंगे। ब्रिक्स के पांचों सदस्य देशों को किसी अन्य देश को समूह में शामिल करने से पहले नए सदस्यों के लिए अर्हता पर सहमत होना होगा।

## अफ्रीकी संघ ने संवैधानिक व्यवस्था की प्रभावी बहाली तक नाइजर को निलंबित किया

**नियामी (नाइजर)।** अफ्रीकी संघ ने मंगलवार को नाइजर को पिछले महीने के तख्तापलट के बाद संवैधानिक व्यवस्था की प्रभावी बहाली तक अपने सभी संस्थानों और गतिविधियों से निलंबित कर दिया। अफ्रीकी देशों के गुट की परिषद ने यह निर्णय तब लिया जब विद्रोही सैनिकों ने पिछले महीने नाइजर के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को सत्ता से हटा दिया और अधिकांश संवाद प्रयासों को विफल करते हुए खुद को सत्ता में स्थापित कर लिया। इस अफ्रीकी गुट में 55 देश शामिल है। राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम, उनकी पत्नी और बेटे को राजधानी में नजरबंद रखा गया है। नाइजर के संकट पर चर्चा के लिए इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक के बाद से यह परिषद का पहला सार्वजनिक संचार था। परिषद ने सभी सदस्य देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से देश के सरकार के असंवैधानिक परिवर्तन का बहिष्कार करने और नाइजर में अवैध शासन को वैधता प्रदान करने वाली किसी भी कार्वाई से बचने का आह्वान किया।

## अफ्रीका के लिए वैगनर लड़ाकों की भर्ती कर रहा एवगेनी प्रिगोझिन

**लंदन।** रूसी नेता एवगेनी प्रिगोझिन ने सोमवार को वैगनर समूह में भर्ती के लिए वीडियो जारी किया। रूस में रक्षा अधिकारियों के खिलाफ अल्पकालिक विद्रोह करने के बाद पहली बार प्रिगोझिन सामने आया है। रूसी सोशल मीडिया चैनलों पर यह जानकारी दी गई। प्रिगोझिन जून में रूस में विद्रोह के बाद सुर्खियों में आया था। उसके अल्पकालिक विद्रोह ने 23 साल से रूस में शासन कर रहे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया था। वैगनर के संस्थापक प्रिगोझिन को पुतिन के शासन काल में लंबे समय तक शक्तिशाली संरक्षण मिला। इस दौरान उसने एक निजी सेना भी तैयार की जिसने विदेशों में रूसी हितों के लिए लड़ाई लड़ी और यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में भी भाग लिया।

# तोशाखाना मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ इमरान खान की याचिका पर सुनवाई बृहस्पतिवार तक स्थगित



भाषा। इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद उच्च** न्यायालय ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की दोषसिद्धि और सजा के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई मंगलवार को दो दिन के लिए स्थगित कर दी। इस्लामाबाद सत्र अदालत के न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने पांच अगस्त को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान (70) को भ्रष्टाचार का दोषी पाया था और उन्हें तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। खान को दोषी करार दिए जाने के दिन ही उन्हें लाहौर से गिरफ्तार किया गया और अटक जिला जेल में भेज दिया गया। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की शिकायत पर पिछले साल अक्टूबर में मामला शुरू किया गया था। आयोग ने इसी मामले में खान को पहले अयोग्य करार दिया था। खान ने दोषसिद्धि को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी और अपनी सजा को निलंबित करने और फैसले को पलटने का अनुरोध किया। जब मंगलवार को सुनवाई शुरू हुई तो आयोग के वकील अमजद परवेज ने कहा कि उन्हें मामले के रिकॉर्ड मुहैया नहीं कराए गए हैं। उन्होंने कहा, मैं अदालत से अनुरोध करता हूं कि मुझे दलीलों के लिए मामला तैयार करने का समय दें। खान के वकील लतीफ खोसा ने आयोग के वकील के कदम का विरोध करते हुए कहा, मैं और अधिक समय मांगने के उनके अनुरोध का विरोध करता हूं। खोसा ने सुनवाई पर जोर दिया और खान की सजा निलंबित करने की मांग की।

# उत्तर कोरिया के शासक जोंग उन ने बाढ़ को लेकर पीएम को फटकार लगाई



**सोल।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने हाल में आई बाढ़ में कृषि भूमि के जलमग्न होने के दौरान गैर जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया के लिए प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया में गर्मियों में आने वाली बाढ़ खराब जल निकासी और वनों की कटाई की वजह से अक्सर उसके कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचाती है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि किम द्वारा शीर्ष अधिकारियों को लताड़ लगाने का उद्देश्य संभवत: देश की बिगड़ती आर्थिक कठिनाइयों और खाद्य असुरक्षा के लिए उन पर दोष मढ़ना है, ताकि लोगों की शिकायतों को कम किया जा सके।कोरियन सेंट्रेल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के मुताबिक, किम ने सोमवार को पश्चिमी तटीय इलाके का दौरा किया, जहां पर समुद्र जल ने तटबंधों को तोड़ दिया था और 270 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में लगी धान की फसल बाढ़ से बर्बाद हो गई थी। एजेंसी ने बताया कि स्थिति का जायजा लेने के बाद किम ने अधिकारियों पर कर्तव्य निर्वहन में गैरजिम्मेदाराना और लापरवाह रवैया अपनाने का आरोप लगाया। केसीएनए ने कहा कि किम ने तमाशबीन वाला रवैया दिखाने के लिए प्रधानमंत्री किम टोक हुन की आलोचना की। उन्होंने उप प्रधानमंत्री को निष्ठा से ड्यूटी करने में असफल रहने और केवल ईंधन आपूर्तिकर्ता की भूमिका निभाने पर फटकार लगाई। किम ने कहा कि टाइडलैंड रिक्लेमेशन ब्यूरो के निदेशक ने कुछ नहीं किया और निर्माण कार्य के लिए उपलब्ध ईंधन की बड़ी मात्रा में चोरी की। केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन ने कहा, हाल के वर्षों में किम टोक हुन मंत्रिमंडल का प्रशासनिक और आर्थिक अनुशासन नियंत्रण से बाहर हो गया है।

## कंबोडिया की संसद ने पीढ़ीगत बदलाव के तहत हुन सेन के बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में मंजूरी दी

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया की संसद ने लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुन सेन के बेटे को देश में शीर्ष पदों पर पीढ़ीगत बदलाव के तहत भावी प्रधानमंत्री के रूप में मंगलवार को मंजूरी दे दी। हुन मानेत (45) ने कंबोडिया के सेना प्रमुख के रूप में सेवाएं देने के बाद जुलाई में हुए चुनाव में पहली बार संसदीय सीट पर जीत हासिल की। हुन सेन पिछले 38 वर्ष से देश की कमान संभाल रहे है और उन्होंने चुनाव से पहले ही घोषणा की थी कि वे इस बार अपने बड़े बेटे हुन मानेत को कमान सौंप देंगे। मानेत को प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपे जाने को सांसदों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी और वह मंगलवार को आधिकारिक रूप से शपथ ग्रहण करेंगे। हुन मानेत ने वेस्ट प्वाइंट स्थित यूएस मिलिट्री अकेडमी से स्नातक, न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर और ब्रिटेन की ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है। वह जिस कैबिनेट का नेतृत्व करेंगे, उनमे तीन चौथाई सदस्य नए चेहरे है, लेकिन इनमे अधिकतर सदस्य नेताओं की संतानें या उन नेताओं के रिश्तेदार है, जिनके स्थान पर उन्हे कैबिनेट मे जगह दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि मानेत के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नही है। स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय में कंबोडिया संबंधी मामलों की विशेषज्ञ एस्ट्रिड नोरेन-निल्सन ने कहा, राजनीतिक दृष्टिकोण को लेकर इन पीढ़ियों मे कोई बड़ा अंतर नही है।

## अप्रैल में शुरू हुई लड़ाई के बाद से सूडान में भूख से लगभग 500 बच्चों की मौत : सहायता समूह

**काहिरा।** अप्रैल में पूर्वी अफ्रीकी देश में लड़ाई शुरू होने के बाद से सूडान में लगभग 500 बच्चे भूख से मर चुके है - जिनमें राजधानी खार्तूम में सरकार द्वारा संचालित अनाथालय के दो दर्जन बच्चे भी शामिल है। एक प्रमुख सहायता समूह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेव द चिल्ड्रेन ने यह भी कहा कि कम से कम 31,000 बच्चों को कुपोषण और संबंधित बीमारियों के इलाज की सुविधा नही मिल पाई है, क्योंकि परमार्थ संस्था को सूडान में अपने 57 पोषण केंद्रों को बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।सूडान में सेना और एक प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच महीनों से चल रहे तनाव के बाद 15 अप्रैल को खुली लड़ाई शुरू हो गई थी, जिससे वहां अराजकता की स्थिति पैदा हो गई। संघर्ष ने खार्तूम और अन्य शहरी क्षेत्रों को युद्ध के मैदान में बदल दिया है। कई निवासी पानी और बिजली के बिना रहने को मजबूर है, जबकि देश की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली

# पाकिस्तानः बचावकर्ताओं ने चेयरलिफ्ट का तार टूटने से फंसे दो बच्चों को बचाया, छह अब भी फंसे



भाषा। कराची

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक पहाड़ी इलाके में चेयरलिफ्ट के तार टूटने से आठ व्यक्ति मंगलवार को 10 घंटे से अधिक समय तक 900 फुट की ऊंचाई पर फंसे रहे, बाद में पाकिस्तानी सेना ने उनमें से दो बच्चों को बचा लिया। जियो न्यूज की खबर में रेस्क्यू 1122 के हवाले से बताया है कि झूलते चेयरलिफ्ट में फंसे बाकी लोगों को बचाने के लिए पाकिस्तानी सेना के विशेष बलों द्वारा बचाव अभियान जारी है। यह घटना बट्टाग्राम जिले की अल्लाई तहसील में सुबह करीब 8 बजे उस समय हुई जब बच्चे स्कूल जा रहे थे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र ने अल्लाई तहसील अध्यक्ष मुफ्ती गुलामुल्लाह के हवाले से बताया कि चेयरलिफ्ट नदी पार करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा निजी तौर पर संचालित की जा रही व्यवस्था थी क्योंकि क्षेत्र में कोई सड़क या पुल नहीं है। जियो न्यूज ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के एक बयान का हवाला देते हुए बताया, बट्टाग्राम में केबल टूटने के कारण एक चेयरलिफ्ट बीच रास्ते में लगभग 900 फुट की ऊंचाई पर फंस गई है। इस घटना में छह बच्चों सहित आठ लोग फंस गए हैं। खबर में कहा गया है कि पाकिस्तान आर्मी एविएशन और पाकिस्तान वायुसेना के हेलीकॉप्टर विशेष सेवा समूह (एसएसजी) के सैनिकों के साथ बचाव अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि अंतिम उपाय के तौर पर आखिरी हेलीकॉप्टर बचाव प्रयास किया जा रहा है क्योंकि मौसमी स्थिति और रात के समय रोशनी कम होने के चलते हेलीकॉप्टर अभियान बहुत जोखिम भरा और खतरनाक हो सकता है। अधिकारियों ने पाकिस्तानी सेना की मदद से जमीन से बचाव अभियान जारी रखने का फैसला किया है ताकि रात के अंधेरे में भी अभियान जारी रखा जा सके। खबर में कहा गया है कि बचावकर्मियों ने किसी भी दुर्घटना से निपटने के लिए जमीन पर जाल बिछाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डॉन न्यूज की खबर के अनुसार, शाम करीब 4:45 बजे प्रसारित टेलीविजन फुटेज में एक बचावकर्मी चेयरलिफ्ट के बगल में एक स्लिंग से लटका हुआ दिखा।

# आतंकवाद किसी देश सीमा में बंधा नहीं हैः 26-11 के पीड़ितों ने ठोस कार्रवाई का आह्वान किया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** ने आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले दुनिया भर के लोगों को श्रद्धांजलि दी और लोगों से आतंकवाद के पीड़ितों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र के इस कार्यक्रम में 26।11 मुंबई आतंकवादी हमले के एक पीड़ित करमबीर सिंह कांग ने कहा कि आतंकवाद किसी देश की सीमा में बंधा नहीं है और संयुक्त राष्ट्र के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस संकट के खात्मे के लिए जोरदार प्रयास करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 अगस्त को आतंकवाद के पीड़ितों की स्मृति और श्रद्धांजलि के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। इस दिन समूची दुनिया में आतंकवाद के कारण जान गंवाने वाले लोगों और इसके पीड़ितों को याद किया जाता है और उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। यह दिन वैश्विक एकजुटता के महत्व को रेखांकित करता है, साथ ही यह रेखांकित करता है कि पीड़ितों की कहानियों और अनुभवों को नहीं भुलाया गया है। इस साल के आतंकवाद के पीड़ितों की स्मृति और श्रद्धांजलि के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस का विषय विरासत : आशा की तलाश और एक शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण है। 26 नवंबर 2008 के मुंबई हमले में 166 लोग मारे गए थे, जिसमें 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 60 घंटे से अधिक समय तक मुंबई के कई ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर लोगों को बंधक बनाकर रखा था और उनकी हत्याएं की थीं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय दिवस आतंकवादी हमलों में मारे गए और इसके पीड़ितों के असाधारण कार्य को श्रद्धांजलि देने के लिए है जिन्होंने बदलाव लाने के लिए अपने अनुभवों का उपयोग करने का संकल्प लिया है। उन्होंने लोगों से आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों और इसके पीड़ितों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया और कहा कि आतंकवाद के कारण जिन लोगों की जान गई तथा जिनकी जिंदगियां बदल गईं उन्हें कभी नहीं भुलाया जाए।

**PUBLIC NOTICE**

**BE IT KNOWN TO ALL** that **M/S Jagdish Construction Company, A-1 / 4 Paschim Vihar, Delhi - 110063** is intending to dissolve the existing partnership on request of existing partner **Mr. Aman Gupta** to retire and intending to reconstitute a fresh partnership with the following partners **(1) Mr. Jagdish Chander Gupta** S/o Shri L. N. Gupta R/o **A-1/43 Paschim Vihar, Delhi - 110063** and **(2) Mrs. Manali Garg** W/o Shri Varun Goel R/o **A-1/123 Paschim Vihar, Delhi - 110063.** Objection/s if any may be legally filed within a week from today with the concerned registering authority. **(M/s Jagdish Construction Company)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार बिमला रानी, दुकान नंबर एसपीएल-41,(निचला भूतल) क्षेत्र 14.64 वर्ग। एम टी आर एस,शिप्रा सनसिटी इंद्रापुरम तहसील और जिला गाजियाबाद के मालिक है, तथा यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है. और बिमला रानी के पास प्रापर्टी से सम्बंधित मूल पुष्पलता गौतम के पक्ष में जीडीए द्वारा निष्पादित आवंटन, कब्जा पत्र और लीज डीड नहीं है तथा, यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री,बंधक आदि सिवाय बिमला रानी और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न . पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.-७५.म. ९८९९०१३९१८

**Public Notice**

Notice is hereby given to the General public that Mrs. Suman is absolute owner of Ground floor & First Floor with roof rights "said floors" area measuring 40.13 Sq. Mtrs., property bearing no. 9/5099, out of khasra no. 604/301, situated at area of village Seelampur, in the abadi of Gali no. 1, Kaushik Puri, Old Seelampur, Gandhi Nagar, Delhi-110031 by way of Gift Deed, dated 17.11.2020, Doc. No. 6248, executed by Mr. Rambeer Singh. Now Mrs. Suman is mortgaging the said property with Sumitomo Mitsui Financial Group (SMFG) & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**Public Notice**

Notice is hereby given to the General public that Mrs. Radha is absolute owner of Built up Property bearing no. 19-A (old), New no. E-159, area measuring 50+27=77 sq. yds., out of 116 sq. yds., out of khasra no. 37 & 634/38, situated in the area of village Khichri Pur, in the Abadi of E-Block, East Vinod Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi 110091 by way of GPA, ATS and Will, dated 05.04.2001, executed by Mr. Khubi and Mrs. Bibo Devi. Now Mrs. Radha intend to sell the said Property to Mr. Vidya Sagar who is mortgaging the said property with SMFG India Home Finance Co. Ltd. Grihashakti & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
**TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN**

That my client namely Smt. Manorama Sethi W/o Mr. Kundan Lal R/o L-15-A, Ground Floor, Janta Flats, Saket, New Delhi - 110017 declares that she has executed her last and final Will dated 19.05.2022 in favour of her husband Mr. Kundan Lal S/o Late Sh. Ram Narayan whereby bequeathing the property bearing No. L-15-A, Ground Floor, Janta Flats, Saket, New Delhi – 110017 in his favour. In case, Mr. Kundal Lal expires earlier than Smt. Manorama Sethi, then her said property shall devolve upon her sister-in-law Smt. Devi Rani D/o Late Sh. Ram Narain and after the demise of Smt. Devi Rani, her said property shall devolve the legal heirs of Smt. Devi Rani namely (1) Mr. Rahul Sharma, (2) Mrs. Savita, (3) Smt. Dimple Sharma and Mrs. Jyoti Chawla equally. By executing the said Will she has revoked/cancelled all her previous Will(s). Now the General Public is hereby informed that after the demise of Smt. Manorama Sethi, her property shall devolve in the above said manner and no other person have shall have any right over her said property. If after her demise any person makes any claim over her above said property, the same may be treated as illegal and null and void. **Manorama Sethi, W/o Mr. Kundan Lal R/o L-15-A, Ground Floor, Janta Flats, Saket, N.D.-17. Through her Advocate, Vishal Maan (D/1522/2013)**

# भाजपा ने जेयू को राष्ट्र विरोधी तत्वों का अड्डा बताया

**भाषा।** कोलकाता

## ● पश्चिम बंगाल विधानसभा से बहिर्गमन किया

**भाजपा** के विधायकों ने यादवपुर विवि (जेयू) के एक छात्र की कथित रूप से रैगिंग और यौन उत्पीड़न के बाद मौत के मामले को लेकर मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा से बहिर्गमन किया। पार्टी ने दावा किया कि विश्वविद्यालय परिसर राष्ट्र-विरोधी तत्वों का अड्डा बन गया है और सिर्फ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) सच सामने ला सकता है। भाजपा विधायक दल ने छात्र की मौत के मुद्दे पर विधानसभा में कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया था और उसने शिक्षा मंत्री ब्रत्य बासु से जवाब मांगा। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सदन में पूछा, राज्य सरकार ने जेयू में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए और जेयू में राष्ट्र-विरोधी तत्वों और मादक पदार्थों का गठजोड़ तोड़ने के लिए क्या कार्रवाई की है? सरकार ने मदिरा सेवन और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए क्या किया है? भाजपा नेता ने कहा, अति-वामपंथी मानसिकता वाले लोग विश्वविद्यालय पर कब्ज़ा करने की कोशिश कर रहे हैं और राज्य सरकार सिर्फ मूकदर्शक बनी हुई है। उन्हें जवाब देते हुए बासु ने यादवपुर विश्वविद्यालय में स्थिति के लिए राज्यपाल सीवी आनंद बोस को जिम्मेदार ठहराया जिसके बाद भाजपा के विधायक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करने लगे। उन्होंने कहा, नए राज्यपाल, राज्य सरकार से सलाह लिए बिना विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति कर रहे हैं। राज्य सरकार आदेश भेज सकती है, लेकिन उन्हें लागू विश्वविद्यालय के अधिकारियों को करना होगा।

बाद में मंत्री के जवाब से असहमति जताते हुए विपक्षी विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। बासु ने कहा, स्थिति के लिए सिर्फ राज्यपाल ही जिम्मेदार हैं। ऐसा नहीं है कि रैगिंग की समस्या सिर्फ जेयू में ही है। ऐसी घटनाएं आईआईटी खड़गपुर जैसे केंद्रीय संस्थानों में भी होती हैं। अधिकारी के जेयू परिसर में मादक पदार्थ और राष्ट्र-विरोधियों के बीच गठजोड़ के आरोप पर बासु ने सवाल पूछा, केंद्र का स्वापक ब्यूरो क्या कर रहा था?

शिक्षा मंत्री ने कहा, राज्य सरकार रैगिंग की घटनाओं की निंदा करती है। साथ ही, वह विश्वविद्यालय में स्वतंत्र सोच पर अंकुश लगाने के पक्ष में नहीं है। यादवपुर विश्वविद्यालय में वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा कथित रूप से रैगिंग और यौन उत्पीड़न के बाद प्रथम वर्ष के 17 वर्षीय छात्र की छात्रावास की बालकनी से गिरने से 10 अगस्त को मौत हो गई थी। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अधिकारी ने घटना की एनआईए से जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया जेयू परिसर राष्ट्र-विरोधी तत्वों का अड्डा बन गया है और राज्य सरकार सिर्फ मूक दर्शक बनी हुई है। सिर्फ एनआईए की जांच से सच सामने आ सकता है, क्योंकि राज्य सरकार मामले को दबाने की कोशिश कर रही है।

अधिकारी ने स्वतंत्र सोच का पक्ष लेने वाले बासु के बयान की निंदा करते हुए सवाल किया कि क्या मंत्री ने अति-वामपंथी मानसिकता का पक्ष लिया है? नादिया जिले के बगुला का रहने वाला 17 वर्षीय लड़का विश्वविद्यालय के बांग्ला भाषा विभाग का छात्र था। उसके परिवार ने आरोप लगाया है कि वह रैगिंग और यौन उत्पीड़न का शिकार हुआ। छात्र की मौत के सिलसिले में अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जिनमें विश्वविद्यालय के मौजूदा और पूर्व विद्यार्थी शामिल हैं।



शिवपुरी में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान। साथ में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्यमंत्री चरण पादुका यात्रा का उद्घाटन करते हुए।

# खरीफ के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध राज्य दुरुपयोग रोकें: मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि चालू खरीफ (ग्रीष्मकालीन बुआई) सत्र के लिए देश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने राज्यों से कहा कि वे औद्योगिक उपयोग के लिए यूरिया के दुरुपयोग पर अंकुश लगाएं। मंत्री ने यहां देश में उर्वरकों की उपलब्धता और उपयोग पर राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ बातचीत की। मंत्रालय ने बयान में कहा, बैठक के दौरान उन्होंने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के इस्तेमाल की दिशा में हुई प्रगति और क्षेत्र स्तर पर वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने और इस संबंध में राज्यों द्वारा उठाए गए कदमों की भी समीक्षा की।

मांडविया ने सभी राज्यों को सूचित किया कि देश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और मौजूदा समय में 150 लाख टन का भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा कि यह स्टॉक न केवल मौजूदा खरीफ सत्र की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि आगामी रबी (सर्दियों की बुवाई) सत्र के लिए भी आरामदायक शुरुआती स्टॉक की स्थिति को सुनिश्चित करेगा।

मांडविया ने मृदा की रक्षा के लिए रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि केंद्र सरकार पहले ही पीएम प्रणाम योजना के रूप में एक कदम उठा चुकी है। प्रयासों में धरती माता को बचाने के लिए वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए धीमी गति से निकलने वाले सल्फर-लेपित यूरिया (यूरिया गोल्ड), नैनो यूरिया, नैनो डीएपी आदि की शुरूआत भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि राज्य सरकारों ने इस संकल्प में सक्रिय भागीदार बनने की इच्छा व्यक्त की है। बयान में कहा गया है, मंत्री ने राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों से गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए कृषि ग्रेड यूरिया के दुरुपयोग पर नजर रखने की आवश्यकता के बारे में गंभीर अपील की।

# जीएसटी के कारण सरकार को राजस्व का नुकसानः विवेक

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के चेयरमैन विवेक देबरॉय ने मंगलवार को कहा कि सरकार को जीएसटी के कारण राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसे एकल दर के साथ राजस्व तटस्थ होना चाहिए। उद्योग मंडल कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी से चीजें काफी सुगम हुई हैं। देबरॉय ने कहा, आदर्श जीएसटी वह है जिसमें एक ही दर हो और इसका उद्देश्य राजस्व तटस्थ होना था। जब जीएसटी पहली बार लागू किया गया था, तब वित्त मंत्रालय ने कुछ आकलन किया था। उसके तहत राजस्व के लिहाज से तटस्थ होने के लिए औसत दर कम से कम 17 प्रतिशत होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, लेकिन मौजूदा दर 11.4 प्रतिशत है। जीएसटी की वजह से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। जनता के साथ-साथ जीएसटी परिषद के सदस्य भी चाहते हैं कि 28 प्रतिशत कर की दर कम हो। लेकिन कोई भी नहीं चाहता कि शून्य और तीन प्रतिशत कर की दरें बढ़ें। उन्होंने मजबूत



और आत्मनिर्भर भारत पर विशेष सत्र में कहा, इस तरह, हमारे पास कभी भी सरलीकृत जीएसटी नहीं होगा।

देबरॉय ने कहा कि जीएसटी प्रावधानों का बहुत दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। प्रत्यक्ष कर के बारे में उन्होंने कहा कि कर सुधारों का अंतिम लक्ष्य सभी प्रकार की छूटों को पूरी तरह से समाप्त करना होना चाहिए। देबरॉय ने कहा कि कोई भी छूट जीवन को अधिक जटिल बनाती है, अनुपालन लागत बढ़ाती है और मुकदमेबाजी को बढ़ावा देती है। पीएमईएसी के चेयरमैन ने कहा, अगर सरकार को खर्च करने की जरूरत है, तो उसे राजस्व की जरूरत है... सकल घरेलू उत्पाद का 10 प्रतिशत स्वास्थ्य और शिक्षा पर, तीन प्रतिशत रक्षा पर और 10 प्रतिशत बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाना चाहिए। हम नागरिक के रूप में सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 15 प्रतिशत कर के रूप में चुकाते हैं। हम 15 प्रतिशत कर का भुगतान करते हैं, लेकिन सरकार से हमारी मांग और अपेक्षाएं 23 प्रतिशत की सीमा तक है। देबरॉय ने कहा, इसीलिए, चाहे हम इसे पसंद करें या नहीं, या तो हमें अधिक कर के भुगतान के लिए तैयार रहना चाहिए या फिर हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हमें पश्चिमी देशों की तरह हवाई अड्डे मिलेंगे या चीन की तरह रेलवे स्टेशन मिलेंगे। देबरॉय ने यह भी कहा कि भारत में जनसंख्या वृद्धि की दर तेजी से धीमी हो रही है और 2035 के बाद बुजुर्गों का बोझ देश के लिए एक चुनौती होगा। जनसंख्या वृद्धि की सालाना दर अब 0.8 प्रतिशत है। 2035 के बाद बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ेगी...हमारे सामने चीन का उदाहरण है, जो धनवान होने से पहले बुजुर्ग हो जाएगा...। देबरॉय ने यह भी कहा, हमें प्रति वर्ष लगभग 80 लाख नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है, जबकि हम लगभग 50 लाख रोजगार ही पैदा कर रहे हैं।

# न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव एनजीटी के नए अध्यक्ष बने, बुधवार को संभालेंगे पदभार

**नई दिल्ली।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और वह बुधवार को पदभार संभालेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल के सेवानिवृत्त होने के बाद छह जुलाई 2023 को न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह को एनजीटी का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया था। न्यायमूर्ति श्रीवास्तव की नियुक्ति का आदेश सोमवार को जारी किया गया। एनजीटी के रजिस्ट्रार जनरल अंकित सिंगला ने नियुक्ति की पुष्टि करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति श्रीवास्तव का स्वागत समारोह बुधवार को आयोजित किया जाएगा। न्यायमूर्ति श्रीवास्तव 11 अक्टूबर 2021 से 30 मार्च 2023 के बीच कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। 31 मार्च, 1961 को पैदा हुए न्यायमूर्ति श्रीवास्तव का दो फरवरी, 1987 को बतौर वकील पंजीयन हुआ।

## क्विक न्यूज

### नफरती भाषण मामला : आवाज का नमूना देने के आदेश के खिलाफ आजम खां की अर्जी पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सपा के नेता आजम खां की उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए बुधवार को राजी हो गया, जिसमें उन्होंने 2007 में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के खिलाफ कथित तौर पर नफरत भरा भाषण देने और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के मामले में अपनी आवाज का नमूना उपलब्ध कराने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है। आजम की आवाज का नमूना 2007 में रामपुर के टांडा इलाके में एक जनसभा में उनके द्वारा दिए गए भाषण से मिलान के लिए मांगा गया है। इस भाषण को एक सीडी में रिकॉर्ड किया गया था। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने आजम की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इस दलील का संज्ञान लिया कि मामले पर तत्काल सुनवाई किए जाने की जरूरत है। आजम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 25 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने आजम की याचिका का निपटारा करते हुए मामले में रामपुर की अदालत का फैसला बरकरार रखा था। धीरज कुमार शील नाम के एक व्यक्ति ने 2007 में आजम के खिलाफ टांडा पुलिस थाने में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण)अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। शील ने सपा नेता पर नफरत भरा भाषण देने और बसपा की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। रामपुर में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 171-जी (चुनाव के संबंध में गलत बयान देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आजम के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की प्रासंगिक धाराएं भी लगाई थी।

### बिहार में धार्मिक जुलूस पर पथराव नूंह की घटना के समान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने हरियाणा के नूंह मे 31 जुलाई को हुई हिंसा की तुलना सोमवार को बिहार मे एक धार्मिक जुलूस पर पथराव की घटना से की। सिंह ने मंगलवार को बिहार के मोतिहारी मे नागपंचमी पर एक शोभायात्रा पर पथराव की खबरो का उल्लेख करते हुए कहा, बिहार मे एक धार्मिक शोभायात्रा पर उसी तरह पथराव किया गया, जिस तरह नूंह मे किया गया। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया कह रहा है कि मोदीजी ने विवाद पैदा कराया है। यह कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति ही है जिसने अतीत मे नफरत पैदा की है। विश्व हिंदू परिषद की बृजमंडल यात्रा के दौरान 31 जुलाई को नूंह मे भीड़ द्वारा किए गए पथराव के बाद हुई हिंसा मे एक मौलवी और दो होमगार्ड समेत छह लोगो की मौत हो गई थी। सिंह ने कहा टुकड़े-टुकड़े गैंग गंगा-जमुनी तहजीब की बात करता है। वे क्या बात करते है? गंगा और जुमना दोनो ही



हमारी मां है। सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा, वह प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे है। उन्हे कोई फर्क नही पड़ता यदि बिहार पर आईएसआईएस भी कब्जा कर ले। बिहार मे घटी घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमे एक धार्मिक जुलूस के दौरान दो समूहो के बीच झड़प होते देखी जा सकती है।

### गुजरात के विवि ने शुरू किया सनातन साहित्य पाठ्यक्रम

**वडोदरा।** गुजरात मे वडोदरा स्थित महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (एमएसयू) ने सनातन साहित्य मे एक पाठ्यक्रम शुरू किया है, जिसे छात्रो की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह पाठ्यक्रम उपनिषदो और श्रीमद्भगवद्गीता पर जोर देने के साथ-साथ शाश्वत सत्य और हिंदू धर्म की शिक्षाओं से संबंधित है तथा इसका उद्देश्य संस्कृति की आलोचनात्मक सोच व समझ को बढ़ाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार छात्रो को भारतीय ज्ञान प्रणाली सिखाने के लिए विवि के अंग्रेजी साहित्य विभाग ने हाल मे यह पाठ्यक्रम शुरू किया है। विभाग के प्रमुख हितेश राविया ने कहा कि पाठ्यक्रम के लिए 150 छात्र नामांकन करा चुके है। उन्होने कहा कि यह संभवतः पहली बार है जब किसी विभाग ने इस नाम से कोई पाठ्यक्रम शुरू किया है। उन्होने कहा कि यह पाठ्यक्रम छात्रो को सनातन साहित्य की दार्शनिक, ऐतिहासिक, और सांस्कृतिक बुनियाद की गहरी समझ प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। राविया ने कहा कि छात्र उपनिषदो का भी अध्ययन करेंगे। वे यह भी जानेंगे कि श्रीमद्भगवद्गीता किस तरह से नेतृत्व, संकट समाधान, और नैतिक निर्णय लेने को प्रभावित करती है। उन्होने कहा, इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य आलोचनात्मक सोच, संस्कृति को समझने, और समकालिक मुद्दो पर पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करने की समझ विकसित करना है।

# किसानों के हित में सरकार महाराष्ट्र, मप्र में 2,410 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद रही है प्याजः गोयल

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक विरोधी प्याज पर लगाए गए निर्यात शुल्क को लेकर गलत तस्वीर पेश कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से चिंता न करने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 2,410 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्याज की खरीद फिर शुरू कर दी है। सरकार ने कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका के बीच घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए 19 अगस्त को प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया था। यह निर्यात शुल्क 31 दिसंबर 2023 तक प्याज पर जारी रहेगा। इसके साथ ही केंद्र ने किसानों से दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदने का भी फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सरकार बफर स्टॉक का आकार बढ़ाएगी और जरूरत पड़ने पर किसानों से अधिक खरीद करेगी।



वाणिज्य व उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से कहा कि प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने के साथ ही सरकार ने बफर स्टॉक के लिए किसानों से अतिरिक्त दो लाख टन प्याज खरीदने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दर है और किसानों को आम तौर पर निर्यात से मिलने वाले औसत 1,800- 1,900 रुपए प्रति क्विंटल से काफी अधिक है।

गोयल ने कहा, कुछ राजनीतिक विरोधी (निर्यात पर अंकुश के बारे में) गलत तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं प्याज का उत्पादन करने वाले राज्यों के सभी किसानों से आग्रह करूंगा कि वे चिंता न करें और घबराहट में बिक्री न करें। एनसीसीएफ और एनएएफईडी को किसानों से प्याज खरीदने का निर्देश दिया गया है। सहकारी समितियां नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) और नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नेफेड) महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में प्याज खरीद कर रही हैं।

मंत्री ने कहा, उपभोक्ता और किसान दोनों हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। सरकार किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के हित में फैसले कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस मुद्दे पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री के साथ लगातार संपर्क में है। महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने कहा, निर्यात शुल्क लगाए जाने के बावजूद किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्हें अपनी उपज का बेहतर दाम मिलेगा और साथ ही उपभोक्ताओं को उचित दरों पर प्याज मिलेगा। इस वित्त वर्ष में एक अप्रैल से चार अगस्त के बीच देश से 9.75 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया। मूल्य के लिहाज से शीर्ष तीन आयातक देश बांग्लादेश, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात हैं। संवाददाता सम्मेलन में उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह, अतिरिक्त सचिव निधि खरे, एनसीसीएफ और नेफेड के अधिकारी भी मौजूद थे।

# उप्र सरकार को मौलाना सिद्दीकी की विशिष्ट भूमिका से अवगत कराने का निर्देश

**धर्मांतरण गिरोह मामला**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उप्र सरकार से कहा कि वह धर्मांतरण गिरोह के संचालन के आरोप में सितंबर 2021 में गिरफ्तार मौलाना कलीम सिद्दीकी की विशिष्ट भूमिका से उसे अवगत कराए। शीर्ष अदालत राज्य सरकार की ओर से दायर उस याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस वर्ष अप्रैल में आदेश पारित करके आईपीसी की विभिन्न धाराओं और उप्र गैर-कानूनी धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधानों के तहत कथित अपराधों के लिए दर्ज मामले में मौलाना सिद्दीकी को जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद से सारिणीबद्ध तरीके से यह बताने को कहा है कि इस मामले में सिद्दीकी की विशिष्ट भूमिका क्या थी तथा उच्च न्यायालय के समक्ष इसने क्या तथ्य पेश किए थे। पीठ ने मामले की अगले सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तारीख निर्धारित की। उच्च न्यायालय ने इस बात का संज्ञान लेते हुए कि मामले के दो सह-आरोपियों को पहले ही राहत दी जा चुकी है, इस वर्ष पांच अप्रैल को सिद्दीकी को जमानत दे दी थी। अदालत ने इस बात का संज्ञान लिया था कि सह-आरोपियों में से एक को उच्चतम न्यायालय ने जमानत दी थी, जबकि दूसरे को उच्च न्यायालय की एक समन्वय पीठ ने राहत दी थी। शीर्ष अदालत के समक्ष बहस के दौरान प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि उच्च न्यायालय ने सिद्दीकी को केवल इस आधार पर जमानत दी थी कि मामले के सह-अभियुक्तों को राहत दी गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, वह (सिद्दीकी) मुख्य आरोपी एवं मुख्य साजिशकर्ता है।

# शिमला की मिट्टी में अत्यधिक नमी और अंधाधुंध निर्माण के चलते ढह रहे भवन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के भूकंपीय क्षेत्र चार के तहत आने और भूस्खलन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण हाल में हुई मूसलाधार बारिश के दौरान यहां 100 से अधिक इमारतों को नुकसान हुआ। विशेषज्ञों ने इसके लिए मिट्टी में अत्यधिक नमी, नालों पर निर्माण, रिसाव और पहाड़ियों पर अत्यधिक बोझ को जिम्मेदार ठहराया। मौसम विभाग के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 24 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से अब तक 752.1 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जबकि जून से सितंबर तक पूरे मानसून मौसम के दौरान औसतन 730 मिलीमीटर बारिश होती है।

शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने कहा कि मौजूदा मानसून मौसम में शिमला जिले में बारिश से संबंधित घटनाओं में लगभग 46 लोगों की मौत हुई है और जिले में 1,286 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 115 से अधिक घर और भवन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, शिमला के लगभग 50 भवन समेत 100 से अधिक संकटग्रस्त इमारतों को खाली करा दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी एस.एस. रंधावा ने कहा कि निर्माण, मिट्टी में अत्यधिक नमी, रिसाव और अत्यधिक बोझ शिमला शहर में भूस्खलन के लिए जिम्मेदार प्रतीत होता है। रंधावा को भूस्खलन के कारणों का अध्ययन करने के लिए गठित समिति का समन्वयक नियुक्त किया गया है। उन्होंने शिमला में कृष्णा नगर, फागली और कुछ अन्य भूस्खलन स्थलों का दौरा किया है।

रंधावा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सर्दी में बर्फबारी के मौसम के बाद, गर्मी का मौसम लगभग नहीं आया और तुरंत बारिश का मौसम आ गया, जिससे स्थिति और खराब हो गई क्योंकि मिट्टी में मौजूद नमी सूखने का कोई रास्ता नहीं था।

हाल ही में भूस्खलन से शिमला के फागली में पांच और कृष्णा नगर में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि अकेले शिमला शहर में मरने वालों की कुल संख्या 24 थी। शिमला में समरहिल इलाके में शिव मंदिर के मलबे से 17 शव बरामद किए गए थे। राज्य के पूर्व मुख्य वास्तुकार नंद किशोर नेगी ने कहा, हमने प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ दिया है। वर्तमान स्थिति हमारी सामूहिक विफलता का परिणाम है और हमें इसे संभालने की जरूरत है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि पुरानी प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था खत्म हो गई है और नालों पर इमारतें खड़ी हो गई हैं।

# केरल के मुख्यमंत्री की बेटी को विभिन्न कंपनियों से हर महीने करोड़ों रुपए मिलते हैं : कांग्रेस विधायक

**इडुक्की (केरल)।** कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केरल में संगठित लूट और संस्थागत भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी तथा उनकी आईटी कंपनी को बिना कोई सेवाएं मुहैया कराए हर महीने विभिन्न कंपनियों से करोड़ों रुपए मिलते हैं। केरल के मुख्यमंत्री की बेटी टी वीणा के खिलाफ नए सिरे से आरोप लगाते हुए मूवट्टुपुझा से कांग्रेस विधायक ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा कि वीणा तथा उनकी कंपनी को एक प्रतिष्ठान से मिली 1.72 करोड़ रुपए की राशि महज एक छोटा-सा हिस्सा है जबकि असली रकम इससे कहीं अधिक है।

माकपा और विजयन या उनकी बेटी ने इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। कुझालनदान ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि वीणा तथा उनकी कंपनी को मासिक आधार पर विभिन्न अन्य कंपनियों से भारी रकम मिलती है और उन्होंने वीणा के बचाव में आई माकपा को इसे खारिज करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, फिर मैं उन कंपनियों के नाम का खुलासा करूंगा जिनसे उन्हें पैसा मिला और कितना मिला यह भी बताऊंगा। कांग्रेस विधायक ने दावा किया कि अगर वीणा के बैंक खातों की जानकारियां दी जाएं तो उन कंपनियों के नाम तथा उनके द्वारा वीणा तथा उनकी कंपनी को हर महीने दी धनराशि का पता चल जाएगा तथा उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ माकपा को ऐसा करने की चुनौती दी। उन्होंने दावा किया, राज्य में संगठित लूट और संस्थागत भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मैं कुछ वक्त से यह कह रहा हूं। साथ ही कांग्रेस नेता ने एक रिजॉर्ट के संबंध में उनके खिलाफ लगे आरोपों पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया।

# ऋषिकेश के गंगानगर में जलभराव के साथ मकानों में जमीन तोड़कर बाहर आ रहा पानी

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश स्थित गंगा नगर में भारी बारिश के दौरान जल भराव से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसके साथ ही कई मकानों का पक्का फर्श तोड़ कर भूमिगत जल के बहने से भी यहां रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। नगर विकास मंत्री एवं स्थानीय विधायक प्रेम चंद अग्रवाल ने भी गंगा नगर का दौरा किया तथा वहां के हालात का जायजा लिया। नगर निगम ऋषिकेश के आयुक्त राहुल कुमार गोयल ने स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि गंगा नगर के बसते समय विकास प्राधिकरणों ने जल निकासी की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केवल छह इंच की सीवर लाइन बरसात की गाद भरने से बंद हो गई और आज क्षेत्र में जल भराव हो गया।

गंगा नगर में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता एकांत गोयल ने कहा कि यहां के बिल्डर और नेता गंगा नगर की जल भराव समस्या के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम के नेता शांति नगर के नाले को बंद नहीं कराते तो यहां जलभराव की स्थिति नहीं होती। जल भराव के अलावा क्षेत्र में कई मकानों में पक्का फर्श तोड़कर पानी बाहर आकर बह रहा है।

सेवानिवृत्त अधिकारी अनूप मित्तल ने कहा कि जलभराव की समस्या सीवर व्यवस्था की नाकामी है। उन्होंने कहा कि सीवर के चेम्बर में घुसा बाढ़ का पानी वापस मकानों में घुसा और फर्श तोड़ कर बाहर बहना शुरु कर दिया। भूमिगत जल का स्तर जमीन के स्तर से भी ऊपर आ गया और उसने भी बहना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार गंगा नगर में जल की निकासी का तत्काल प्रबंध करे और जमीन तोड़ कर बहते भूमिगत जल के अध्ययन के लिए भूगर्भ शास्त्रियों के दल को भेजे ताकि यहाँ के भवन सुरक्षित रहें।

सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था उत्तराखंड जन विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि 1998 से तीव्र गति से बसना शुरु हुए गंगा नगर में प्राधिकरण विकास शुल्क लेकर नक्शे पास करता रहा लेकिन उसने जल निकासी की व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं रखा। संपूर्ण ऋषिकेश में अगले 100 सालों के लिए नई सीवर योजना की जरूरत पर जोर देते हुए शर्मा ने कहा कि गंगा नगर में भूमिगत जल का फूट कर बाहर आना बहुत चिंताजनक है। जल श्रोतों का फूटना इशारा कर रहा है कि यहां कभी जलस्रोत रहे होंगे जिनको बिल्डर्स व भू माफियाओं ने पाट कर दबा दिया होगा। इसकी जांच कराई जाए तथा इसे रोकने के उपाय किए जाएं ताकि यहां जन जीवन सुरक्षित रह सके। नगर निगम आयुक्त गोयल ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार और जर्मनी की एक संस्था के बीच इस संबंध में एक करार हुआ है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 23 अगस्त, 2023



# क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

- रिजर्व खिलाड़ियों को मौका
- आयरलैंड केखिलाफ तीसरा टी-20 आज

भाषा। डबलिन



**पहले दो मैच** जीतकर उत्साह से ओतप्रोत भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपने रिजर्व खिलाड़ियों को मौका देकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के लिए उतरेगी। कप्तान जसप्रीत बुमराह को इस मैच में गेंदबाजी के अपने कार्यभार और टीम की बेंच स्ट्रैंथ के साथ तालमेल बिठाना होगा। बुमराह ने पहले दोनों मैचों में आठ ओवर किए जिनमें वह सहज नजर आए। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा जितनी अधिक गेंदबाजी करेंगे उतनी उनकी फिटनेस बेहतर होगी और वह एशिया कप में पाकिस्तान जैसी टीमों का सामना करने के लिए अच्छी लय में होंगे। लेकिन कप्तान और कार्यवाहक कोच सितांशु कोटक को यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत को एशियाई खेलों में भी भाग लेना है और ऐसे में इस दौरे पर गए रिजर्व खिलाड़ियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।भारत श्रृंखला में 2-0 से आगे है और ऐसे में टीम प्रबंधन के पास आवेश खान, जितेश शर्मा और शाहबाज अहमद जैसे खिलाड़ियों को आजमाने का मौका है। आवेश वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भी टीम का हिस्सा थे और इस तरह से उन्हें लगातार सात मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला है। ऐसे में अगर उन्हें बाहर रखा जाता है तो वह बिना मैच अभ्यास के एशियाई खेलों में भाग लेंगे जो टीम और इस तेज गेंदबाज दोनों के लिए अच्छा नहीं होगा।भारतीय टीम प्रबंधन अगर संजू सैमसन को विश्राम देकर जितेश शर्मा को मौका देता है तो तभी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव होगा। सैमसन हालांकि इस टीम में सीनियर खिलाड़ी हैं और वह बाहर नहीं बैठना चाहेंगे क्योंकि विश्व कप के लिए टीम में उनकी जगह अभी पक्की नहीं है। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को लगातार मौके मिल रहे हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। ऐसी स्थिति में तीसरे मैच में आवेश खान या मुकेश कुमार को आजमाया जा सकता है।रिंकू सिंह ने दूसरे मैच में 21 गेंदों पर 38 रन बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई जिससे लगता है कि भारत को सबसे छोटे प्रारूप में सूर्यकुमार यादव के बाद एक और फिनिशर मिल गया है।

### आईपीएल 2023 में उन पांच छक्कों ने मेरा जीवन बदल दिया: रिंकू सिंह

**डबलिन।** रिंकू सिंह ने भले ही अब तक सिर्फ दो अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हो लेकिन आईपीएल 2023 में लगातार पांच छक्के जड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स को अंतिम ओवर मे जीत दिलाने के बाद वह भारतीय प्रशंसकों के बीच काफी लोकप्रिय है। रिंकू ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर मे लगातार पांच छक्के जड़कर नाइडर्स को अप्रत्याशित जीत दिलाई थी। दाएं हाथ केइस बल्लेबाज ने कहा कि उन पांच छक्को ने उनका जीवन हमेशा के लिए बदल दिया। भारतीय टीम के अपने साथी रवि बिश्नोई के साथ बातचीत करते हुए रिंकू ने कहा, उन पांच छक्को ने मेरा जीवन बदल दिया। लोग उस लम्हे के लिए मुझे याद करते है। जब वे मेरा नाम लेते है और मुझे प्यार देते है तो मुझे काफी अच्छा लगता है।

### एशिया कप विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों का अहम हिस्साः टिम साउदी

**मुंबई।** विश्वकप शुरू होने में अब जबकि दो महीने से भी कम समय बचा है तब न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी का मानना है कि एशिया कप हर चार साल में होने वाली प्रतियोगिता के लिए भारत की तैयारियों का बड़ा हिस्सा होगा। भारत ने 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए 17 खिलाड़ियों का चयन किया है। उसने केएल राहुल के बैकअप के रूप में संजू सैमसन को भी टीम में रखा है।साउदी ने यहां पत्रकारों से कहा, विश्वकप से पहले आप जितना हो सके साथ में मिलकर खेलना चाहते हो। लेकिन मुझे लगता है कि आप एशिया कप पर ध्यान दे रहे हो। अपनी टीम को एक साथ खेलने का मौका देने के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। मेरा मानना है कि एशिया कप भारत की तैयारियों का बड़ा हिस्सा होगा। साउदी ने माना कि भारतीय बल्लेबाजों ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों का सामना करने के लिए उचित रणनीति तैयार की होगी लेकिन साथ ही कहा कि उनके हमवतन ट्रेंट बोल्ट और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

# प्रज्ञाननंदा की सफलता का पूरा श्रेय उनकी मां को मिलना चाहिए: पिता रमेश बाबू



भषा। चेन्नई

**भारतीय** शतरंज के नए सितारे आर प्रज्ञाननंदा बाकू में खेल जा रहे विश्व कप में जब इस खेल में नया इतिहास रच रहे थे तब एक कोने में खड़ी उनकी मां नागलक्ष्मी की आंखों में चमक और चेहरे पर सुकून भरी मुस्कान देखी जा सकती थी।अठारह साल के प्रज्ञाननंदा विश्व कप के फाइनल में पांच बार के चैंपियन मैग्नस कार्लसन का सामना करेंगे। वह दिग्गज विश्वनाथ आनंद के बाद शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय है। टूर्नामेंट के दौरान प्रज्ञाननंदा की मां की मौजूदगी ने पूर्व महान खिलाड़ी गैरी कास्पारोव को अपने खेल के दिनों की याद दिला दी। कास्परोव ने कहा कि जब वह खेलते थे तब उनकी मां भी उनके साथ मौजूद रहती थी और इसने उनके खेल में काफी मदद की।भारतीय खेल जगत में ऐसे कई उदाहरण है जहां बच्चों के करियर को आकार देने में माता-पिता का व्यापक प्रभाव रहा है।विश्वनाथन आनंद की लगभग साढ़े तीन दशक पुरानी तस्वीर आज भी प्रशंसकों के जेहन में है जिसमें वह 64 खानों के इस खेल को अपनी मां सुशीला के साथ खेल रहे हैं।

### गैरी कास्पारोव ने प्रज्ञाननंदा और उनकी मां की प्रशंसा की

**बाकू (अज़रबैजान)।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा के शतरंज विश्व कप में शानदार प्रदर्शन ने दिग्गज खिलाड़ी गैरी कास्पारोव को अपने दिनों की याद दिला दी जब वह 64 खानों के इस खेल के बादशाह हुआ करते थे।प्रज्ञाननंदा की सोमवार को विश्व में तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के खिलाफ जीत से प्रभावित पूर्व विश्व चैंपियन कास्पारोव ने इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी और उनकी मां के प्रयासों की जमकर तारीफ की।कास्पारोव ने ट्वीट किया, प्रज्ञाननंदा और उनकी मां को बधाई। मैं उन खिलाड़ियों में शामिल था जिनकी मां प्रत्एक प्रतियोगिता में उनके साथ में होती थी। यह विशेष प्रकार का समर्थन होता है। चेन्नई के रहने वाले भारतीय खिलाड़ी ने न्यूयॉर्क के दो खिलाड़ियों को हराया। वह विषम परिस्थितियों में भी दृढ़ बना रहा।

### डूरंड कप क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगे मोहन बागान और मुंबई सिटी

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग का मौजूदा चैंपियन मोहन बागान डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मे मुंबई सिटी एफसी का सामना करेगा। डूरंड कप क्वार्टर फाइनल मे खेलने वाली टीमो की लाइनअप मंगलवार को घोषित की गई।एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ईस्ट बंगाल का सामना गोकुलम केरल से होगा। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल दोनो अपने मैच घरेलू मैदान पर खेलेंगे।गुवाहाटी अन्य दो क्वार्टर फाइनल मैचों की मेजबानी करेगा। इनमे से पहला मैच गुरुवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और इंडियन आर्मी एफटी तथा दूसरा मैच शनिवार को एफसी गोवा और चेन्नईयिन एफसी के बीच खेला जाएगा।

### रणवीर सिंह लावी स्पोर्ट के ब्रैंड एम्बेसडर बने

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी बैग कंपनी बैगज़ोन लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड ने अपने जबर्दस्त और अनूठे, यूनिसेक्स ब्रैंड, लावी स्पोर्ट के लिए सुपरस्टार रणवीर सिंह को ब्रैंड एम्बेसडर बनाया है। ऐक्टर रणवीर सिंह दर्शकों को लावी स्पोर्ट की विशाल रेंज के साथ अपनी ऐक्टिव लाइफस्टाइल बेहतर बनाते हुए स्टाइलिश बने रहने के लिए प्रेरित करते नजर आएंगे। लावी स्पोर्ट के पास बैकपैक्स, डफल बैग्स, ब्रीफकेस और वॉलेट तथा स्लिंग्स जैसी एसेसरीज की विशाल रेंज है। यह कलेक्शन फंक्शनल स्टाइलिश और टिकाऊ प्रोडक्ट्स का बेहतरीन मेल है। इस साझेदारी पर अपनी बात रखते हुए सीईओ और फाउंडर लावी एंड लावी स्पोर्ट आयुष तैनवाला ने कहा कि लावी स्पोर्ट में हमने हमेशा ही कुछ बेहतरीन करने पर फोकस किया है और हम उच्च उदाहरण स्थापित करना चाहते हैं। हम समझते हैं कि यह बाजार कितना विविधतापूर्ण है और हम ऐसे नए ट्रेंड्स लेकर आना चाहते हैं जो हमारे ग्राहकों को अपनी तरफखींच सके।

### महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा रांची

**नई दिल्ली।** चेन्नई मे पुरुष टूर्नामेंट के सफल आयोजन के बाद भारत इस साल 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक रांची मे पहली बार महिलाओ के एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।टूर्नामेंट के सातवे सत्र का आयोजन हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार के सहयोग से होगा।टूर्नामेंट में भारत के अलावा गत चैपियन जापान, उपविजेता कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड के भाग लेने की उम्मीद है।भारतीय महिला टीम 2016 मे इसकी चैम्पियन बनी थी।

### स्मिथ का खुलासा, चोट के साथ खेलता रहा एशेज श्रृंखला

मेलबर्न।ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया है किइंग्लैड के खिलाफ लाई्स मे खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान उनकी कलाई मे चोट लग गई थी और वह एशेज श्रृंखला के अधिकतर हिस्से मे इस चोट के साथ ही खेलते रहे।इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी मे 110 रन बनाए थे लेकिन इस दौरान उनकी बाईं कलाई चोटिल हो गई थी।स्मिथ ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, मै लॉर्डस मे चोटिल हो गया था।

### स्पेन की महिला खिलाड़ी के होंठ चूमने पर पैदा हुआ विवाद

**मैड्रिड।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ केप्रमुख ने महिला विश्वकप के पुरस्कार समारोह के दौरान एक खिलाड़ी के होठ चूम कर नया विवाद खड़ा कर दिया तथा इसे लैगिक भेदभाव से जूझ रहे खेल मे अनुचित व्यवहार माना जा रहा है।स्पेन की इंग्लैंड पर फाइनल मे।-0 से जीत के एक दिन बाद सोमवार को स्पेन की सरकार और खिलाड़ियों की विश्व यूनियन ने लुइस रुबियल्स के व्यवहार की कड़ी निंदा की।

### बुमराह और कृष्णा को विश्व कक्प से पहले अधिक मैचों की जरूरतः कोटक

भाषा। डबलिन

**आयरलैंड दौरे** पर गई भारतीय टी20 टीम के मुख्य कोच सितांशु कोटक ने मंगलवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने चोट से उबर कर शानदार वापसी की है लेकिन दोनों गेंदबाजों को विश्व कप से पहले और अधिक मैच खेलने की जरूरत है। आयरलैंड दौरे पर अब तक खेले गए दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बुमराह और कृष्णा ने लागातार दो-दो विकेट लेकर सफल वापसी की है। भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। कोटक ने श्रृंखला के तीसरे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, उन पर वास्तव में कोई दबाव नहीं था। वे अपने आरटीपी (खेल में वापसी) और स्ट्रैंथ के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में थे। दोनों गेंदबाज काफी समझदार हैं। उन्हें यहां गेंदबाजी करते देखकर कभी ऐसा नहीं लगा कि उन्हें और अभ्यास की जरूरत थी। वे इस चुनौती के लिए पुरी तरह से तैयार हैं। इन खिलाड़ियों को विश्व कप से पहले बस कुछ मैचों की जरूरत है।

# अश्विन व चहल को भारतीय टीम में होना चाहिए



- पूर्व क्रिक्टरो की राय

भाषा। मुंबई

**पूर्व क्रिकेटर** मदनलाल और करसन घावरी का मानना है कि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को विश्वकप से पहले एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल होना चाहिए था। भारत ने एशिया कप के लिए 17 खिलाड़ियों का चयन किया है जिसमें कुलदीप यादव को मुख्य स्पिनर के रूप में चुना है। स्पिन विभाग में उनका साथ देने के लिए ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को टीम में लिया गया है।मदनलाल ने पीटीआई से कहा, ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज कुलदीप यादव को अच्छी तरह से खेलते हैं। युजवेंद्र चहल को मौका मिलना चाहिए था। वह मैच विजेता गेंदबाज है। उन्होंने कहा, अश्विन ऐसा गेंदबाज है जिसने 500-600 विकेट लिए हैं। वह जानता है कि विकेट कैसे लेने होते हैं। हमने उसे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी नहीं खिलाया, ऐसा क्यों किया गया यह टीम प्रबंधन बेहतर जानता होगा। घावरी ने विश्व कप की टीम ने अश्विन को रखने की वकालत की और कहा कि भारतीय परिस्थितियों में वह बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 712 विकेट लेने के बाद अब अश्विन को क्या साबित करना है। सीनियर खिलाड़ी होने के बावजूद उसके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया गया। अश्विन बेहतरीन गेंदबाज है और उसे एशिया कप की टीम में चुना जाना चाहिए था। वह भारतीय पिचों पर वनडे विश्वकप में महत्वपूर्ण गेंदबाज साबित होगा। मदनलाल ने चोट से वापसी करने वाले केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों की फिटनेस पर सवाल उठाए। कुल मिलाकर यह वही टीम है जिसके बारे में हम सोच रहे थे। सबसे बड़ी चिंता फिटनेस को लेकर है क्योंकि एशिया कप और विश्वकप दोनों बड़ी प्रतियोगिताएं हैं और इनमें फिटनेस का स्तर महत्वपूर्ण हो जाता है। घावरी ने कहा कि भारत को तिलक वर्मा की जगह यशस्वी जायसवाल को टीम में रखना चाहिए था।यशस्वी ने वेस्टइंडीज में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

### तीन साल में तीसरी बार विश्व कप मैच का हिस्सा बनने से चूकने के कगार पर चहल

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल को एशिया कप केलिए चुनी गई 17 सदस्ईय भारतीय टीम मे जगह नही मिली जिससे वह एक बार फिर विश्व कप मैचों को खेलने से चूकने के कगार पर है। पिछले दो विश्व कप (टी20) मे से चहल एक मे टीम का हिस्सा नही थे जबकि 2022 टी20 विश्व कप मे टीम मे होने के बाद भी उन्हे एक भी मैच मे खेलने का मौका नही मिला। चहल के लिए हालांकिटीम केदरवाजे पूरी तरह से बंद नही हुए है क्योंकिकप्तान रोहित शर्मा ने टीम चयन के बाद सोमवार को कहा था कि घरेलू सरजमी पर इस साल अक्टूबर नवंबर मे होने वाले विश्व कप केलिए इन 17 खिलाड़ियों से बाहर से भी कोई टीम मे जगह बना सकता है। चहल कभी बीच के ओवरों मे भारतीय गेंदबाजी की रीढ़ माने जाते थे। उनकी और कुलदीप यादव की कलाई की स्पिनरो की जोड़ी को कुल-चा के उपनाम से जाना जाता है। कुलदीप टीम मे जगह बनाए रखने मे सफल रहे है लेकिन चयनकर्ताओ ने चहल की जगह अक्षर पटेल पर भरोसा जताया है जो रविंद्र जडेजा की तरह गेंद और बल्ले दोनों से योगदान दे सकते है। भारतीय टीम प्रबंधन विश्व कप मे तेज गेदबाजो पर अधिक भरोसा कर रहा है। ऐसे मे यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कुलदीप, जडेजा और अक्षर जैसे स्पिनर बीच केओवरो मे टीम को लगातार अंतराल पर विकेट दिला पाएंगे। यह भी सवाल उठ रहा कि चहल को टीम मे नही रखने से क्या भारत को एक बार फिर पिछले एशिया कप की तरह खामियाजा उठाना होगा। आईपीएल मे शानदार प्रदर्शन के आधार पर वरुण चक्रवर्ती को राष्ट्रीय टीम मे जगह दी गई थी लेकिन यह अबूझ स्पिनर अपनी छाप छोड़ने मे पूरी तरह से विफल रहा। एशिया कप मे अगर भारतीय टीम का यह गेदबाजी संयोजन कारगर नही रहता तो घरेलू मैदान पर 50 ओवर की सबसे बड़ी प्रतियोगिता से पहले टीम को अपने विकल्पो पर पुनर्विचार करने केलिए मजबूर होना पड़ेगा।

### एशिया कप की टीम से ही विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियों को चुनना चाहिए: गावस्कर

**नई दिल्ली।** सुनील गावस्कर एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम पर सवाल उठाने वालो से नाराज है और अपने जमाने के इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि इन 17 खिलाड़ियों में से ही विश्वकप के लिए 15 सदस्ईय टीम का चयन करना चाहिए।एशिया कप के लिए जिन खिलाड़ियों को नही चुना गया उनमे लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल प्रमुख है। भारत ने कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के रूप मे तीन स्पिनर टीम मे रखे है। कुछ पूर्व खिलाड़ियो ने सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को टीम से बाहर रखने पर भी सवाल उठाए है क्योंकि वह निचले क्रम मे उपयोगी बल्लेबाज भी है।गावस्कर ने कहा, हां, कुछ खिलाड़ी है जो मानेगे कि वे भाग्यशाली है। लेकिन टीम का चयन कर लिया गया है इसलिए अश्विन के बारे में बात न करें। विवाद पैदा करने से बचो। यह हमारी टीम है। उन्होने आजतक से कहा, अगर आपको यह टीम पसंद नही है तो मैच नही देखना लेकिन यह कहना बंद करो कि उसे टीम मे होना चाहिए था या उसका चयन किया जाना चाहिए था। यह गलत मानसिकता है। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने चोट से उबरने के बाद टीम मे वापसी की है जबकि युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को भी पहली बार वनडे टीम मे लिया गया है। गावस्कर का मानना है कि टीम का चयन निष्पक्ष तरीके से किया गया और उन्हे विश्वास है कि यह टीम एशिया कप और विश्वकप जीत सकती है। उन्होने कहा, हां, निश्चित तौर पर (यह टीम विश्वकप जीत सकती है)।

### जब विश्व कप जीतने का प्रयास कर रहे हों तो किसी स्थान के लिए कोई प्रबल दावेदार नहीं होता: गंभीर

नई दिल्ली। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि भारत को विश्व कप के लिए टीम का चयन मौजूदा फॉर्म और खेल को बदलने वाले प्रभाव के आधार पर करना चाहिए तथा किसी विशिष्ट स्थान के लिए किसी प्रबल दावेदार को तरजीह नही देनी चाहिए। पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप से पहले भारत श्रीलंका मे एशिया कप और फिर इसके बाद स्वदेश में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला खेलेगा। आगामी एशिया कप के लिए भारतीय टीम पर चर्चा करते हुए गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एक बात तो स्पष्ट है जब आप विश्व कप जीतने का प्रयास करते है तो किसी स्थान के लिए कोई प्रबल दावेदार नही होता। गंभीर ने कहा, जैसा कि (भारतीय टीम के कप्तान) रोहित शर्मा ने कहा, किसी भी खिलाड़ी की जगह की गारंटी नही है। चोट के बाद श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल की वापसी होना अच्छा है लेकिन अगर उन्हे एकादश मे जगह बनानी है तो प्रदर्शन करना होगा। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, अगर तिलक वर्मा किसी से बेहतर फॉर्म में है। अगर सूर्यकुमार यादव श्रेयस अय्यर या लोकेश राहुल या इशान किशन से बेहतर फॉर्म मे है जो आपको उसे मौका देना चाहिए।

### तिलक को लिस्ट ए की लय को वनडे में जारी रखने की उम्मीद

**डबलिन।** एशिया कप के लिए भारतीय एकदिवसीय टीम मे पहली बार चुने जाने के बाद युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने मंगलवार को कहा कि उन्हे उम्मीद है कि वह लिस्ट ए क्रिकेट की अपनी फॉर्म को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचो मे जारी रखने मे सफल होगे।वामहस्त बल्लेबाज वर्मा ने इस महीने की शुरुआत मे वेस्टइंडीज दौरे पर टी20 अंतरराष्ट्रीय मे भारत के लिए पदार्पण किया था। वह 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए 17 सदस्ईय भारतीय टीम में सबसे युवा खिलाड़ी है।वर्मा ने लिस्ट ए क्रिकेट मे 25 मैचो मे 56.18 के प्रभावी औसत से रन बनाए है। उन्होने इस दौरान पांच शतक और इतनी ही अर्धशतकीय पारियां खेली है।वर्मा ने एक वीडियो साक्षात्कार मे कहा, मै एकदिवसीय क्रिकेट खेलने को लेकर वास्तव मे आश्वस्त हूं। मैने अपने राज्य के लिए लिस्ट ए क्रिकेट मे अच्छा प्रदर्शन किया है और अंडर-19 (स्तर) मे भी मैने अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे विश्वास है कि मै वनडे मे अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। उन्होने कहा, मैने कभी सपने मे भी नही सोचा था कि मै एकदिवसीय मे सीधे एशिया कप मे पदार्पण करूंगा। मैने भारत के लिए वनडे खेलने का सपना हमेशा देखा है (

### चोट के कारण इबादत एशिया कप से बाहर, नए खिलाड़ी तंजिम को टीम में मिला मौका

**ढाका।** बांग्लादेश के तेज गेदबाज इबादत हुसैन पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान घुटने मे लगी चोट के कारण मंगलवार को आगामी एशिया कप से बाहर हो गए। इबादत को 10 दिन पहले एशिया कप के लिए चुनी गई 17 सदस्ईय टीम मे शामिल किया था लेकिन वह निर्धारित समय-सीमा के अंदर चोट से उबरने होने मे विफल रहे। टीम मे उनकी जगह 20 वर्षीय नए तेज गेदबाज तंजिम हसन को शामिल किया गया है। यह देखना होगा 29 साल का यह खिलाड़ी पांच अक्टूबर से भारत मे होने वाले वनडे विश्व कप के लिए समय पर फिटनेस हासिल कर लेगा या नही। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के मुख्य चिकित्सक डॉ देवाशीष चौधरी केहवाले से कहा, इबादत छह सप्ताह से रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) मे है। हमने इस दौरान कई बार उसका एमआरआई कराया लेकिन वह चोट से पूरी तरह से नही उबरा है।

# लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दौर में

## सिंधू हारी

भाषा। कोपेनहेगन



**पूर्व विश्व** चैंपियन पीवी सिंधू का लचर प्रदर्शन जारी रहा और वह सीधे गेम में हार के साथ विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई लेकिन भारत के स्टार बैंडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने मंगलवार को यहां कोरिया के जियोन हियोक जिन के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई।पांच पदक के साथ विश्व चैंपियनशिप की सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी सिंधू के शॉट में दमखम की कमी दिखी और उन्हें जापान की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ सीधे गेम में 14-21 14-21 से हार झेलनी पड़ी। ओकुहारा विश्व चैंपियनशिप की 2017 की स्वर्ण और 2019 की रजत पदक विजेता हैं।सोलहवीं वरीय सिंधू अपने करियर में पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहीं। पुरुष एकल में विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने दुनिया के 51वें नंबर के कोरियाई खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले में 21-11 21-12 से हराया।भारत के 11वें वरीय खिलाड़ी का अगले दौर में सामना थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न से हो सकता है। लक्ष्य ने इसके साथ ही कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 2022 में एशिया टीम चैंपियनशिप में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। मंगलवार से पहले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच सिर्फ यही एक मुकाबला खेला गया था जिसमें लक्ष्य को हार का सामना करना पड़ा था। लक्ष्य ने जियोन हियोक के खिलाफ शुरुआत से ही दबदबा बनाया। उन्होंने रैली के बेहतर प्रदर्शन किया जबकि उनकी गति और शॉट चयन विरोधी खिलाड़ी से बेहतर था। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 5-। की बढ़त बनाई जिससे उन्होंने ब्रेक तक 11-6 तक पहुंचाया।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से 1-6 से हारी

- चार देशों के टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रही

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम लचर प्रदर्शन करते हुए मेजबान जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को यहां।-6 की हार के साथ चार देशो के टूर्नामेंट मे उप विजेता रही। भारत के लिए एकमात्र गोल 22वे मिनट मे सुदीप चिरमाको ने दागा। जर्मनी की ओर से फ्लोरियन स्पर्लिंग (15वे मिनट), बेन हैशबैक (20वे मिनट), ह्यूगो वोन मोटगेलास (23वे मिनट), फाबियो सेट्ज (38वे मिनट), निकास बेरेनडट्स (41वे मिनट) और पॉल ग्लेडर (43वे मिनट) ने गोल किए। पिछले मैच मे इंग्लैंड के खिलाफ 4-0 की जीत के बाद भारत ने मैच मे आत्मविश्वास के साथ शुरुआत की। टूर्नामेंट मे अपने पिछले सभी मुकाबले जीतने वाले जर्मनी ने हालांकि जल्द ही भारतीय डिफेंस पर दबाव डालना शुरू कर दिया। पहला क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले स्पर्लिंग ने जर्मनी को बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर मे भी जर्मनी ने दबदबा बनाए रखा। हैशबैक ने 20वे मिनट मे गोल दागकर जर्मनी को 2-0 से आगे कर दिया।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने स्पेन को 2-। से हराया

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशो के टूर्नामेंट मे मंगलवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन को 2-। से हराया। भारत केलिए अन्नू (21वे मिनट) और साक्षी राणा (47वे मिनट) ने एक-एक गोल किया। स्पेन के लिए लीमा टेरेसा (23वे) ने टीम का इकलौता गोल दागा। मैच के पहले क्वार्टर मे दोनो टीमो की कोशिश लय हासिल कर दबदबा बनाने की थी। भारतीय टीम ने हालांकि इस दौरान ज्यादा आक्रमण करने पर ध्यान दिया लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने उसे गोल करने का मौका नही दिया। पहला क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद दूसरे क्वार्टर मे दोनो टीमो ने खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दिया। भारतीय टीम ने इस दौरान बढ़त लेने के लिए पूरा जोर लगाया और उसे इसका फायदा भी मिला।

# आदर्श सिंह पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूके



**बाकू (अजरबेजान)।** भारतीय निशानेबाज आदर्श सिंह मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में काउंटबैक के आधार पर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए। आदर्श ने क्वालीफिकेशन दौर में 583 अंक जुटाए जो यूक्रेन के डेनिस कुशनिरोव के समान थे। डेनिस ने छठा और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा का चौथा और अंतिम पेरिस ओलंपिक कोटा एस्टोनिया के पीटर ओलेस्क ने हासिल किया। ओलेस्क ने भी 583 अंक जुटाए थे लेकिन काउंटबैक के आधार पर आदर्श से एक स्थान आगे रहे। इस स्पर्धा से अन्य कोटा चीन, जापान और यूक्रेन के खाते में गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में विजयवीर सिद्धू 577 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहे जबकि अनीष भानवाला ने 575 अंक के साथ 32वां स्थान हासिल किया। भारत चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर बना हुआ है। चीन और अमेरिका पहले दो स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 101 देश में से 26 ने अब तक पदक जीते हैं।

### कौशल विकास कार्यक्रम से युवा बनेंगे सक्षम

**गुरूग्राम।** युवाओं को कैरियर के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने पर फ़ोकस गुड़गांव स्थित लोटस पेटल फाउंडेशन ने अपनी पहल जीविका कौशल विकास कार्यक्रम को पूरा करने वाले दिल्ली, और आसपास के क्षेत्रों के 100 से अधिक शहरी युवाओं को सम्मानित किया। कम आय वाले परिवारों के छात्रों के लिए रियायती दरों पर उपलब्ध पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास निगम प्रमाणित हैं, साथ ही धुनेला परिसर से आने-जाने के लिए मुफ्त बस सुविधा भी उपलब्ध हैऊपर से लड़कियों को कार्यक्रम में जुड़ने के लिए खास प्राथमिकता दी जाएगी।धुनेला परिसर को हर साल 4000 छात्रों के समूह को एक साथ प्रशिक्षण देने के लिए काफी विचार कर डिज़ाइन किया गया है। हार्डवेयर और नेटवर्किंग हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और डिजिटल मार्केटिंग में व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों को धुनेला गुड़गांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कॉरपोरेट्स में 50 युवाओं के लिए प्लेसमेंट की घोषणा रही। दीक्षांत समारोह में छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रशिक्षण से हासिल कौशल के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अमिताव विरमानी ने संस्थापक कुशल चक्रवर्ती,सह.संस्थापक सलोनी भारद्वाज और जीविका कौशल विकास कार्यक्रम प्रबंधक रविंदर कुमार के साथ दीप प्रज्वलित कर इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

# भारतीय ताइची टीम का प्रशिक्षण कैंप प्रारंभ

### आठवीं विश्व ताइची प्रतियोगिता ताइवान में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कुंग फू संघ के तत्पावधान में भारतीय कुंग फूसंघ के द्वारा आज स्थानीय ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के सन एंड मून ग्राउंड में 14वी राष्ट्रीय कुंग फू प्रतियोगिता के विजई खिलाड़ियों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं चयन कैंप प्रात: काल 6रू30 बजे से प्रारंभ हुआ इस आशय की जानकारी भारतीय कुंगफू संघ के महासचिव श्रीमती मंजू त्रिपाठी के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदान की गई इस अवसर पर महासचिव के द्वारा बताया गया कि आठवीं विश्व ताइची प्रतियोगिता 27 से 30 अक्टूबर 2023 तक ताइवान की राजधानी ताईपे में आयोजित की जाएगी जिसमें विभिन्न 160 राष्ट्रों के 3000 से भी अधिक खिलाड़ियों के द्वारा ताई ची की विभिन्न शैलियों में प्रतिभागता की जाएगी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुंग फू फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा भारत के विभिन्न प्रांतो के इस वर्ष की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के स्वर्ण एवं रजत पदक धारक खिलाड़ियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से उच्चतर प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा चयनकर्ताओ के द्वारा कुशल खिलाड़ियों का चयन किया जाएग। आठवीं विश्व ताई ची प्रतियोगिता हेतु आज लखनऊ में चयनित स्वर्ण एवं रजत पदक विजेता खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप फेडरेशन की राष्ट्रीय तकनीकी समिति के निदेशक ज्ञान प्रकाश के द्वारा प्रारंभ किया गया इस अवसर पर निम्न खिलाड़ियों ने अपने पहले दिन का प्रशिक्षण प्रारंभ किया।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी -आकाश आनंद, कुमारी खुशी, कुमारी संस्कृति, मंजू एवं कृष्ण नारायण ,राष्ट्रीय खिलाड़ी -अजय सिंह, तुषार श्रीवास्तव, अभय , अभिषेक, शक्ति कुमार सेकर, अजहरुद्दीन साहिल, निर्भय, श्रुति गुप्ता ,श्रुति सिंह एवं रेखा प्रशिक्षक अंशुल गौरव, विपिन कुमार एवं समुद्राला किरण ।



### पारंपरिक खेलों में बच्चों ने दिखाया दम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नॉन ओलम्पिक एसोसिएशन के तात्वधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियमए लखनऊ में यूनिटी कालेज, अमाइकस एकेडमी, सेन्ट्रल एकेडमी आशियाना, हार्नर कालेज तथा सेन्ट रोज पब्लिक स्कूल के 64 बच्चों का आज प्रशिक्षण षिविर लगाया गया तथा मिकटॉस, फुटबाल,पिट्ठू, फिटनेस बाल तथा [ गुड़िया पीटने जैसे खेल के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इससे पूर्व डॉ मनोज पाण्डेय केकेसी अध्यक्ष लुआक्टा द्वारा प्रतियोगिता का शुभारम्भ सभी खेलों को खेलकर किया गया। नागपंचमी के अवसर पर पारम्परिक खेल बहनों द्वारा बनायी गयी गुड़िया पीटने की प्रतियोगिता बच्चों द्वारा खेली गयी इसमें यूनिटी कालेज के शोएब प्रथम, अमाईकस के आर्यान रावत द्वितीय एवं सेन्ट्रल एकेडमी के आनन्द मौर्या तृतीय स्थान पर रहेए सेन्ट रोज पब्लिक स्कूल के षाकिब रज़ा को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण एवं प्रमाण.पत्रों का वितरण उप्र नान ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय दीप सिंह द्वारा किया गया।